


प्रौद्योगिकी में बढ़ा आत्मविश्वास नेतृत्व में अब भी बाधाएं - 12




कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए भारत ने खोजे वैकल्पिक स्रोत - 12



राष्ट्रीय मुर्मू ने कहा कि अवसर मिलने पर हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं महिलाएं - 13



पॉप स्टार रिकी मार्टिन ने विश्व कप से पहले धूम मचाई - 14



आज का मौसम 33.0° अधिकतम तापमान 20.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 06.29 सूर्यास्त 06.17

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष षष्ठी 11:27 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 9 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 103, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


# भारत तीसरी बार विश्व चैंपियन

## मेजबान टीम ने पहली बार जीता टी-20 का खिताब, न्यूजीलैंड की 96 रन से सबसे बड़ी हार

- जसप्रीत बुमराह ने 15 रन देकर चटकाए न्यूजीलैंड के चार विकेट

अहमदाबाद, एजेंसी

टी-20 विश्व कप के फाइनल मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को चारों खाने चित कर तीसरी बार खिताब जीत लिया। ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी मेजबान टीम ने खिताब जीता हो। भारत ने पहले खेलते हुए न्यूजीलैंड को 256 रन का लक्ष्य दिया। पीछा करते हुए न्यूजीलैंड 19 ओवर में 159 रन पर ही आलआउट हो गई और उसे 96 रन से बड़ी हार का सामना करना पड़ा।

आखिरी मैच में फॉर्म में लौटे अभिषेक शर्मा और लगातार भारत के 'मैच विनर' साबित हो रहे संजू सैमसन के अर्धशतकों की मदद से भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल में रविवार को पांच विकेट पर रिकॉर्ड 255 रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से सबसे अधिक रन टिम सिफर्ट ने 52 रन बनाए।

इससे पूर्व ईशान किशन ने 25 गेंद में 54 और शिवम दुबे ने आठ गेंद में नाबाद 26 रन बनाये। पूरे टूर्नामेंट में खराब फॉर्म से जूझते रहे अभिषेक ने 21 गेंद में 52 रन बनाये जबकि सैमसन ने 46 गेंद में 89 रन की पारी खेली जिसे लंबे समय तक याद रखा जायेगा। उन्होंने लांग आन, लांग आफ और स्क्वेयर लेग के ऊपर से कुल आठ छक्के लगाकर खचाखच भरे दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में बैठे दर्शकों को रोमांचित कर दिया।




गुजरात के अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल मैच जीतने के बाद जश्न मनाती भारतीय टीम।

उन्होंने रचिन रविंद्र, लॉकी फर्ग्यूसन और मैट हेनरी की गेंदों की जमकर धुनाई करके मैदान के चारों ओर रन बनाये। वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के खिलाफ शानदार पारियां खेलने वाले केरल के सैमसन ने एक और जबर्दस्त पारी खेलकर अपने आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। वहीं कश्मीर से कन्याकुमारी तक आलोचकों के कोपभाजन बने अभिषेक ने आखिरकार अपनी प्रतिभा के दर्शन कराते हुए न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। उन्होंने 18 गेंद में 50 रन बनाये और छक्के के साथ अर्धशतक तक पहुंचे। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर से नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच को भांपने में गलती हुई और टीम चयन में वह चूक गए। उन्होंने आफ स्पिनर कोल मैकोंची को नहीं चुना जिन्होंने सेमीफाइनल में क्विंटोन डिकॉक और रियान रिकेलटन को आउट किया था। अभिषेक ने मैकोंची की जगह खेल रहे जैकब डफी की गेंद पर पांच चौके लगाये। डफी ने तीन ओवर में 42 रन दे डाले और उन्हें कोई विकेट नहीं मिली। हेनरी ने चार ओवर में 49 रन दिये और एक विकेट चटकाया। अंतिम ओवर में अभिषेक ने फर्ग्यूसन और हेनरी को छक्के लगाये।

| भारत | न्यूजीलैंड |
|---|---|
| 255/5 | 159/10 |

### कब और किसने, कितनी बार जीता टी20 वर्ल्ड कप

- 2007 – भारत
- 2009 – पाकिस्तान
- 2010 – इंग्लैंड
- 2012 – वेस्टइंडीज
- 2014 – श्रीलंका
- 2016 – वेस्टइंडीज
- 2021 – ऑस्ट्रेलिया
- 2022 – इंग्लैंड
- 2024 – भारत
- 2026– भारत

### ये भारतीय बल्लेबाज रहे टॉप स्कोरर

| | रन | गेंद | छक्के | चौके |
|---|---|---|---|---|
| संजू सैमसन | 89 | 46 | 8 | 5 |
| ईशान किशन | 54 | 25 | 4 | 4 |
| अभिषेक | 52 | 21 | 3 | 6 |

### भारतीय पारी में बने खास रिकॉर्ड

- टीम ने 7 .2 ओवर में 100 रन पूरे किए। जो टी–20 वर्ल्ड कप के नॉकआउट मुकाबलों में किसी टीम से सबसे तेज 100 रन का रिकॉर्ड है।
- भारतीय टीम ने पावरप्ले में वर्ल्ड कप के सबसे बड़े स्कोर की बराबरी की। पिछला रिकॉर्ड 92/1 था, जो 2024 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज ने बनाया था।
- सैमसन टी–20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए। उन्होंने वेस्टइंडीज के मार्लोन सैमुअल के 85 रन का रिकॉर्ड तोड़ा।

## ब्रीफ न्यूज

### संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से हंगामे के आसार

नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र के सोमवार से शुरू होने वाले दूसरे चरण के हंगामेदार रहने की संभावना है। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष द्वारा प्रायोजित उस प्रस्ताव पर चर्चा होनी है, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने की मांग की गई है। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया जा सकता है, क्योंकि विपक्ष पहले से ही ईरान के प्रति सरकार के रुख, भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने पर अमेरिका द्वारा दी गई छूट और अन्य मुद्दों को लेकर सरकार पर हमला कर रहा है। इसके अलावा, चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के एसआईआर के परिणाम, जिसके कारण लगभग 60 लाख नाम हटा दिए गए, का भी संसदीय कार्यवाही पर असर पड़ने की आशंका है।

### धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी पर एक और केस दर्ज

नई दिल्ली। सीबीआई ने पीएनबी की शिकायत पर अनिल अंबानी पर 1,085 करोड़ की ऋण धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का एक नया मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई पीएनबी के मुख्य प्रबंधक संतोषकृष्ण अन्नावरपु की एक शिकायत के आधार पर की गई है। वर्ष 2013 से 2017 के बीच अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस के तत्कालीन अधिकारियों ने पीएनबी के साथ धोखाधड़ी की।

# 5000 महिलाओं को रोजगार प्रस्ताव

- आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दी गई 38.49 करोड़ रुपये की डीबीटी सहायता
- महिला दिवस समारोह बना सम्मान सशक्तीकरण और रोजगार का संगम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को राजधानी में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम नारी सशक्तीकरण का बड़ा मंच बन गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा और रोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस रोजगार मेले के माध्यम से 5000 से अधिक महिलाओं को रोजगार के प्रस्ताव मिले।

राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं को चेक, नियुक्ति पत्र और आयुष्मान कार्ड वितरित किए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए 38.49 करोड़ की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में अंतरित की। इसमें साड़ी व वर्दी के लिए 29.59 करोड़ रुपये तथा बीमा प्रीमियम के लिए 8.90 करोड़ रुपये शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने मंच से नेहा दुबे, मानसी साहू, पूनम तिवारी और मनोरमा मिश्रा को साड़ी तथा सेवा मित्र आकांक्षा (ब्यूटीशियन) और रत्ना भारती को यूनिफॉर्म प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने रोजगार संगम पोर्टल के मोबाइल ऐप का भी शुभारंभ किया, जिससे युवाओं और महिलाओं को रोजगार के अवसरों से सीधे जोड़ा जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी बालिकाओं शानवी गुप्ता, काव्या कश्यप, नैंसी रावत, साक्षी कुमारी, अभिश्री गुप्ता और शायरा बानो को चेक देकर सम्मानित किया।



लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर पिंक रोजगार महाकुंभ 2026 में महिला को नियुक्तिपत्र देते सीएम योगी।

### जल्द लांच होगी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना : मुख्यमंत्री

- पहले चरण में स्नातक व परास्नातक के अंतिम वर्ष की मेधावी बेटियों को मिलेगा लाभ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बहुत जल्द लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना लांच होगी, जिसके पहले चरण में स्नातक व परा स्नातक के अंतिम वर्ष की मेधावी बेटियों को लाभान्वित करेंगे। दूसरे चरण में धीरे-धीरे अन्य को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने घोषणा की कि मिशन शक्ति अभियान का अगला चरण नवरात्रि से शुरू होगा। योगी ने महिला सशक्तीकरण की योजनाएं गिनाते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में विधानसभा व संसद में भी 33 फीसदी सीटों पर बेटियां व बहनें चुनकर जाएंगी। मुख्यमंत्री रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजधानी स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया और पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद यूपी में आए व्यापक बदलाव के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5-टी मॉडल— ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन की बड़ी भूमिका रही है।

# राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल उल्लंघन पर केंद्र सख्त, बंगाल सरकार से मांगा जवाब

- मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और डीजीपी की अनुपस्थिति का कारण पूछा
- जिस रूट से वह गुजरी वहां थी गंदगी, वॉशरूम में पानी की कमी थी

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे में प्रोटोकॉल के उल्लंघन को लेकर उपजे विवाद के बीच, केंद्र सरकार ने राज्य सरकार से रविवार शाम पांच बजे तक प्रोटोकॉल, स्थल और मार्ग व्यवस्था से संबंधित उल्लंघनों पर जवाब देने को कहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को एक पत्र लिखकर 'ब्लू बुक' के नियमों के उल्लंघन, प्रोटोकॉल, स्थल और मार्ग व्यवस्था के बारे में जवाब देने के लिए कहा है।

'ब्लू बुक' एक गोपनीय दस्तावेज है जिसमें राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं उनके परिवारों की सुरक्षा और प्रोटोकॉल के नियमों की सूची है। राष्ट्रपति मुर्मू ने शनिवार को बागडोगरा हवाईअड्डे के पास आदिवासी समुदाय के एक कार्यक्रम में कम लोगों की उपस्थिति पर निराशा व्यक्त की और बिधाननगर की जगह इस स्थान पर कार्यक्रम आयोजित करने के फैसले को लेकर सवाल उठाया। उच्च पदस्थ सूत्रों ने कहा कि बंगाल के मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में राष्ट्रपति के राज्य में आगमन के समय मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और डीजीपी की अनुपस्थिति पर प्रतिक्रिया मांगी गई है। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति के लिए बनाए गए वॉशरूम में पानी की कमी थी, जिसके लिए राज्य से स्पष्टीकरण मांगा गया है। यह भी पूछा गया है कि राष्ट्रपति को लाने के लिए चुने गए मार्ग पर गंदगी क्यों थी। पत्र में यह भी पूछा गया है कि दार्जिलिंग के जिलाधिकारी, सिलीगुड़ी के पुलिस आयुक्त और अतिरिक्त जिलाधिकारी के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है, जो इन उल्लंघनों के लिए सीधे जिम्मेदार प्रतीत होते हैं।

### पश्चिम बंगाल की जनता घोर अपमान के लिए तृणमूल को माफ नहीं करेगी : प्रधानमंत्री



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर रविवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार पर अपना हमला तेज करते हुए कहा कि राज्य की जागरूक जनता एक महिला आदिवासी नेता और देश की राष्ट्रपति का अपमान करने के लिए पार्टी को कभी माफ नहीं करेगी। प्रधानमंत्री ने दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर और अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में यह बात कही। मोदी ने कहा, आज जब पूरा देश अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है, यह बेहद चिंताजनक है कि शनिवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार ने भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का घोर अपमान किया।

### प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन नहीं किया: ममता



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को जोर देकर कहा कि सिलीगुड़ी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम में प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में अगर कोई गड़बड़ी हुई है, तो उसकी जिम्मेदारी निजी आयोजकों व भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की है, जिसने कार्यक्रम स्थल उपलब्ध कराया था। उन्होंने तस्वीर को सबूत बताते हुए दावा किया, तस्वीर में दिख रहा है कि प्रधानमंत्री बैठे हैं जबकि राष्ट्रपति खड़े हैं। हम ऐसा कभी नहीं करते। राष्ट्रपति का अपमान करने की संस्कृति भाजपा की है, हमारी नहीं। ममता ने कहा, हम राष्ट्रपति की कुर्सी और भारत के संविधान का पूरा सम्मान करते हैं, जिसे हम अपनी जननी मानते हैं, हमें दोष न दें।

# बहरीन में विलवणीकरण संयंत्र पर हमला

- ईरान के नए सुप्रीम लीडर के नाम पर सहमति, फिलहाल ऐलान नहीं
- इजराइल बोला- खामेनेई के हर उत्तराधिकारी को निशाना बनाएंगे

दुबई, एजेंसी

ईरान युद्ध के नौवें दिन इजराइल ने रविवार तड़के लेबनान पर हमले तेज कर दिए। हमलों के बीच बहरीन ने आरोप लगाया कि ईरान के ड्रोन हमले से उसके एक विलवणीकरण संयंत्र को नुकसान पहुंचा है।

नौ दिनों के युद्ध के दौरान किसी अरब देश द्वारा ईरान के किसी विलवणीकरण (खारे पानी को पीने योग्य बनाना) संयंत्र को निशाना बनाने की घटना की जानकारी देने का यह पहला मामला है। फारस की खाड़ी के तट पर सैकड़ों विलवणीकरण संयंत्र स्थित हैं और इस क्षेत्र के अरब देश पीने के पानी के लिए इन संयंत्रों पर बहुत अधिक निर्भर हैं। वहीं ईरान ने नए सुप्रीम लीडर के लिए एक उम्मीदवार का चयन कर लिया गया है। हालांकि नाम का खुलासा नहीं किया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए इजराइल ने कहा कि खामेनेई के हर उत्तराधिकारी को निशाना बनाएंगे।



### ईरान ने 16 बैलिस्टिक मिसाइलें और 117 ड्रोन दागे

दुबई। यूएई का कहना है कि ईरान ने रविवार को ताजा हमलों में 16 बैलिस्टिक मिसाइलें और 117 से अधिक ड्रोन दागे हैं। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने सभी 16 मिसाइलों को मार गिराया, जबकि 17वीं मिसाइल समुद्र में गिर गई। हालांकि चार ड्रोन संयुक्त अरब अमीरात की धरती पर गिरे।

**बदलाव** राजनीतिक रूप से अस्थिर देश में स्थापित पुरानी पार्टियों का सफाया, 165 सीट में से 120 सीट पर जीत हासिल की

# बालेंद्र की आरएसपी ने रचा इतिहास, ऐतिहासिक जीत दर्ज की

काठमांडू, एजेंसी

रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) नेपाल में सरकार बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। पार्टी ने नेपाल के आम चुनाव में भारी बहुमत से जीत हासिल की है, जिससे राजनीतिक रूप से अस्थिर देश में स्थापित पुरानी पार्टियों का सफाया हो गया है।

नेपाल के निर्वाचन आयोग के अनुसार, रवि लामिछाने द्वारा 2022 में गठित इस पार्टी ने उन 165 सीट में से 120 सीट पर पहले ही जीत हासिल कर ली है जिनके लिए प्रत्यक्ष मतदान प्रक्रिया के तहत निर्वाचन किया जाता है। जबकि प्रतिनिधि सभा के चुनाव में पार्टी आठ अन्य सीट पर आगे है। निर्वाचन आयोग द्वारा अब तक 165 सीट में से 152 सीट के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। नेपाली कांग्रेस (एनसी) 17 सीट जीतकर दूसरे स्थान पर है। प्रधानमंत्री के पद से हटाए गए केपी शर्मा ओली की नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) ने केवल सात सीट जीती हैं और तीन सीट पर आगे है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) सात सीट पर विजयी रही और श्रम संस्कृति पार्टी ने दो सीट पर जीत दर्ज की है और एक पर आगे है जबकि राष्ट्रीय प्रजापति पार्टी (आरपीपी) ने एक सीट जीती है।

जीतने वालों में एक निर्दलीय उम्मीदवार भी शामिल है। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, आरएसपी ने काठमांडू घाटी के तीन जिलों के सभी 15 निर्वाचन क्षेत्रों में अन्य पार्टियों का सूपड़ा साफ कर दिया है। बालेन के नाम से मशहूर आरएसपी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार 35 वर्षीय बालेंद्र शाह ने झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र में नेपाल की सबसे पुरानी पार्टी नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष और चार बार के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को लगभग 50,000 वोट के भारी अंतर से हराया।

बालेन का नेपाल का अगला प्रधानमंत्री बनने की संभावना है। वहीं, इस चुनाव में आरएसपी की जीत देश में स्थापित दलों को जनता द्वारा नकारे जाने को दर्शाती है।



### प्रधानमंत्री मोदी ने जनता और सरकार को दी बधाई

भारत इस चुनाव पर करीब से नजर रख रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नेपाल की जनता और सरकार को चुनाव के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अपने नेपाली बहनों और भाइयों को इतने जोश के साथ अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करते देखकर खुशी महसूस हो रही है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि नेपाल की लोकतांत्रिक यात्रा में एक गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने यह भी कहा कि एक घनिष्ठ मित्र और पड़ोसी के रूप में भारत, नेपाल के लोगों तथा उसकी नयी सरकार के साथ मिलकर शांति, प्रगति और समृद्धि की नयी ऊंचाइयों को छूने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

# अग्रवाल सेवा समिति रजि. बरेली

द्वारा आयोजित

# 26वाँ अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन

दिनांक : रविवार 15 मार्च 2026, स्थान : अग्रसेन पार्क, रामपुर बाग, बरेली

युवतियों का पंजीकरण निःशुल्क

विवाह योग्य युवक-युवतियों के पंजीकरण के लिए सम्पर्क करें : 86794 64311, 98370 55565, 86794 65311

संरक्षक श्री संजीव अग्रवाल मा. विधायक, बरेली कैन्ट

11 मार्च से पूर्व प्राप्त रजिस्ट्रेशन ही परिचय पुस्तिका में छापे जायेंगे।

**रजिस्ट्रेशन फार्म यहाँ उपलब्ध हैं।**

- पंकज अग्रवाल (श्री बांके बिहारी ऑटो, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली) 9837055565
- ई. विवेक अग्रवाल (योगेश पेन्ट, मैकनियर रोड, प्रेम नगर, बरेली) 93591 02500
- संजीव अग्रवाल -पूर्व सभासद (रतन लाल ज्वैलर्स,साहूकारा बाजार,बरेली) 9837025533
- राजीव अग्रवाल (बूबना) रामपुर बाग, बरेली) 96344 11111
- अनूप गोयल (शिव डेरी, श्यामगंज, बरेली) 94124 62664
- आशीष अग्रवाल (आशीष खाद भंडार, रिझौला, नवाबगंज) 7351005501
- आलोक अग्रवाल (नन्दलाल सरन उमेश कुमार बहेड़ी) 9917140320
- विकास अग्रवाल (विनायका टैक्सटाइल, गली आर्य समाज) 9927713444
- रमेश चन्द्र अग्रवाल (प्रखर एसोसियेट 146, सर्किट हाऊस चौराहा) 9837235120
- अतुल अग्रवाल (बजरंग ट्रांसपोर्ट, कालबाड़ी, बरेली) 98370 37441
- श्री राजकुमार अग्रवाल सर्राफ (शिवाजी मार्ग, बरेली) 9897899089
- निशित अग्रवाल (अग्रवाल जी स्टोर, सी.बी. गंज 9837300785
- राजीव अग्रवाल - मिश्रीवाले (स्टेशन रोड, बरेली) 8755800238
- सुबोध अग्रवाल (मढ़ीनाथ, बरेली) 94125 51545
- प्रदीप कुमार (अग्रवाल ज्वैलर्स, पक्का कटरा, ऑवला) 9412604664
- उमा शंकर ( राधे लाल कृष्णा मुरारी लाल, फरीदपुर) 7017106353
- प्रेम शंकर (किशन लाल हरनाम दास श्याम गंज बरेली) 9837160141
- सुमित गोयल (मुरलीधर एंड कंपनी, मटकी चौकी, बरेली) 9837305969

| कार्यकारी अध्यक्ष | वरिष्ठ उपाध्यक्ष | वरिष्ठ उपाध्यक्ष | महामंत्री | कोषाध्यक्ष | वरिष्ठ मंत्री | सोशल मीडिया प्रोयोजक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रेम शंकर अग्रवाल | पंकज अग्रवाल (श्री बांके बिहारी ऑटो) | ई. विवेक अग्रवाल (योगेश पेन्ट) | राजीव अग्रवाल (बूबना) | संजय गर्ग | अनूप गोयल (शिव डेरी) | भावेश अग्रवाल (नन्दी हाइट्स) |
| 98371 60141 | कार्यक्रम संयोजक 98370 55565 | 93591 02600 | 96344 111111 | 93199 66390 | 94124 62664 | 98370 74018 |

कैम्प कार्यालय : महाराजा अग्रसेन पार्क, रामपुर बाग, नाथ नगरी, बरेली

RAM KUMAR AGARWALA JEWELLERS NEAR HIND CINEMA GOLD | DIAMOND | SILVER CONTACT US: +91 9639000275 105 CIVIL LINES, BAREILLY

Bareilly Metal Industries SAHUKARA, BAREILLY NIRMAL RESORT सचित अग्रवाल (अंकुर) MINI BYPASS ROAD, BAREILLY

AKC HYUNDAI Opp. Prabha cinema & parsakhera, Road No.2, Bareilly | Call : 8392927802, 7055500811

HONDA Shri Sai Honda Opp. Rohilkhand University Pilibhit Bypass Road 9319552242

HONDA ELEVATE ADV MAKE A BOLD MOVE ₹1 48 000 Eternal Honda Adjacent Jauharpur Railway Crossing, Rampur Road, C.B Ganj, Bareilly UP-243502 M. 7457000505, 086575 88813

MARUTI SUZUKI ARENA VICTORIS GOT IT ALL ₹10.50 LAKH NANDINI MOTORS NEAR PHOENIX MALL, OPP MAHANAGAR, PILIBHIT BYPASS ROAD, BAREILLY - 243122 (+91) 90452 30111, 90450 54643, 90450 54593, 90450 54580, 90450 54600

M/s SHARDA DISTRIBUTORS WHOLE SALE CLOTH MERCHANT Bara Bazar Bareilly (U.P.) Brahmanand Agarwal 9359110342 Vaibhav Agarwal 9917011188 Gaurav Agarwal 7500774477

कविशा मोटर्स प्रा.लि.
- कस्बा सराय, पेट्रोल पम्प के सामने, जी.टी. रोड, फरीदपुर। मो. 7895980238
- सिन्धौली चौराहा, निकट ओ.बी.सी. बैंक, मीरगंज। मो. 7302920114
- रामलीला मैदान के सामने, बहेड़ी। मो. 7895980101, 7454865407
- नगर पालिका के सामने, रामनगर रोड, आंवला। मो. 7302920125
- गंगोला कॉलेज के सामने, बदायूं रोड, दातागंज। मो. 7088119514
- आसाम चौराहा से 1.5 किमी, पूरनपुर रोड, पीलीभीत।
- रिछेला फिकायतुल्लाह, निकट अनाज मण्डी बरेली रोड, नवाबगंज। मो. 7088119519

रामपुर रोड, बरेली। फोन: 7895980201/202

KS KRISHNA SANJEEV SANJEEV AGARWAL MLA 125, CANTT, BAREILLY CO-TREASURER, B.J.P., U.P. SATYAM AGARWAL DIRECTOR KRISHNA ASSOCIATES C&F Agent : Heidelberg cement (I) Ltd. Chambal Fertilizers and Chemical Ltd. KRISHNA SANJEEV ENTERPRISES PVT. LTD. Distributor : XIAOMI Technology India Pvt. Ltd. SILVER LAW COLLEGE (LL.B - 3Yrs/ B.A.LL.B. - 5Yrs) 1st Floor, Anand Ashram Building, Rampur Garden, Bareilly-243001 krishnasanjeev91@gmail.com krishnasanjeev09@gmail.com

NP agro N.P. AGRO LTD.

CHITWAN YOUR PLYWOOD PARTNER SHIV SAGAR WOOD PRODUCTS PVT. LTD. FOR ANY QUERIES +91 9045574555 info@chitwanply.com

Naveen Agarwal 9927049576 JKsuper cement BUILD STRONG

CORAL MOTORS PVT. LTD. STATION ROAD, BAREILLY 7302889109, 9105056701, 9258066326

Rajshree LIVE • LEARN • LEAD Rajshree Group of Institutions & Hospital Bareilly 16km, Pilibhit Rd, near Rithora, Uttar Pradesh 243122

Harshit Agarwal LESS PLASTER MORE PRECISION KPI PLY 9837756667

Roshan Agarwal KRIDHA PLYWOOD | LAMINATES QUALITY KI BAAT KRIDHA KE SAATH Ph. : 9897500019

कल्याण ज्वेलर्स बरेली 35 - A, Chowki Chauraha , Civil Lines Contact :- +91 96340 14833

Authorised Reseller iCrest iCrest Bareilly, DD Puram Phone: 0581-4001930 iCrest Bareilly, Civil Lines Phone: 7536078658

Hero VIDA घर-घर EVOOTER VIDA VX2 | बदलते INDIA का स्कूटर ALL NEW GO 3.4 kWh ज़्यादा Range. ज़्यादा Savings. STARTING @JUST ₹84 990*/- WITH BaaS @JUST ₹44 990*/- श्री बाँके बिहारी हीरो बाईपास रोड, बरेली। 7428295740, 9675235678 राधा रानी ऑटोमोटिव BSNL ऑफिस के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। 9837055565, 7409819090



| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| सोमवार | मंगलवार |
| सुन्नी : 6:20 | सुन्नी : 5:04 |
| शिया : 6:28 | शिया : 4:55 |

## शहर में आज

- मंडी समिति में सामूहिक विवाह का आयोजन सुबह 10 बजे से।
- गोमती सभागार में राज्य महिला आयोग सदस्य करेंगी बैठक और जनसुनवाई सुबह 10 .30 बजे से।
- पुष्प कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं बाल विवाह मुक्त अभियान कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से।
- यातायात पुलिस का वाहन चेकिंग एवं जागरुकता अभियान सुबह 09 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला और बचाने आए लोगों के साथ मारपीट

**बीसलपुर, अमृत विचार** : गाली गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने महिला के साथ मारपीट की। बीच बचाव कराने आए लोगों को भी पीट दिया। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली में दी गई तहरीर में ग्राम खिरकिया निवासी जमुना प्रसाद ने बताया कि उसकी मां गांव में खड़ी हुई थी। इस दौरान गांव के गया। प्रसाद, चंद्रदेव गाली गलौज करने लगे। इस पर वह मौके पर पहुंच गए और विरोध किया। जिसके बाद गयाप्रसाद, चंद्रदेव ने हमला कर दिया। बचाने आए भतीजे पप्पू, भाभी हीराकली, पुष्पेंद्र को भी पीटा। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### सड़क हादसे की एफआईआर दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार** : कोतवाली में दी गई तहरीर में करेली थाना क्षेत्र के ग्राम मवैया निवासी रविंद्र कुमार ने बताया कि उसके पिता कालीचरण पुत्र झाझनलाल 23 फरवरी को टेंपो से पीलीभीत से बीसलपुर आ रहे थे। ग्राम जसौली में पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही कार से टक्कर हुई। जिससे टेंपो मार्ग पर पलट गया। हादसे में पिता कालीचरण सहित आठ लोग घायल हो गए। सभी को बीसलपुर सीएचसी भिजवाया गया। उसके पिता की हालत गंभीर होने के कारण उनका इलाज पीलीभीत के निजी चिकित्सालय में चल रहा है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बाघ मित्रों की तर्ज पर बनाए जाएंगे गज और तेंदुआ मित्र

## जंगल से बाहर घूमने वाले हाथियों और तेंदुओं की करेंगे निगरानी

- वन एवं वन्यजीव प्रभाग कर रहा तैयारी, टीओटीआर प्रोजेक्ट के तहत होंगे कार्य

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



जंगल सीमा पर चहलकदमी करता हाथी का झुंड। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार** : पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बाघ मित्र मॉडल की तर्ज पर जंगल से बाहर घूमने वाले जंगली हाथियों एवं तेंदुओं आदि की निगरानी के लिए गज मित्र एवं तेंदुआ मित्र तैनात किए जाएंगे। वन एवं वन्यजीव प्रभाग अगले वित्तीय वर्ष में इनका चयन कर तैनात करेगा।

दरअसल, यह सबकुछ प्रस्तावित टीओटीआर (टाइगर आउटसाइड टाइगर रिजर्व) प्रोजेक्ट के तहत होने जा रहा है। वन अफसरों के मुताबिक बजट आवंटित होने के बाद इस पर विस्तृत रुप से कार्य किया जाएगा।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व अपनी विशिष्ट जैव विविधता के दम पर देश-दुनिया में एक टूरिज्म आईकॉन के रूप में उभर रहा है। बाघ संरक्षण परियोजना लागू होने के बाद यहां के वन एवं वन्यजीवों को संजीवनी मिली। परिणाम यह हुआ कि यहां बाघों समेत अन्य वन्यजीवों की संख्या में बेहतहाशा बढ़ोत्तरी हुई।

जंगल में बाघों एवं अन्य वन्यजीवों की आबादी बढ़ने का नतीजा यह हुआ कि बाघ-तेंदुओं ने जंगल से बाहर निकलना शुरू कर दिया। इसके चलते मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं होने लगी। इधर इधर, वन्यजीवों के लगातार जंगल से बाहर निकलने और इनसे होने वाली घटनाओं के बाद ग्रामीण इलाकों में वन्यजीवों के प्रति काफी नकारात्मक माहौल पनपने लगा।

साल दर साल बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को देखते हुए इसकी रोकथाम के प्रयास शुरू किए गए। पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं विश्व प्रकृति निधि (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) ने बाघ मित्र योजना बनाते हुए जंगल सीमा से सटे इलाकों में रहने वाले कुछ जागरूक युवाओं को टीम में शामिल किया।

विशेषज्ञों द्वारा इन युवाओं को बाघ एवं तेंदुए के पदचिन्ह और उनके व्यवहार के प्रति प्रशिक्षित किया गया। वर्ष 2020 आते-आते सभी वॉलटियर्स ने अपनी जिम्मेदारी भलीभांति संभाल ली और अपने-अपने क्षेत्रों में दिए गए दायित्वों को बखूबी अंजाम देने लगे। शुरुआत में बाघ मित्रों की संख्या 60 रखी गई थी, जो अब बढ़कर 120 हो गई है। बाघ मित्रों की सक्रियता का ही परिणाम है कि जंगल सीमा से सटे लोग अब बाघ या तेंदुआ दिखने पर हिंसक होने के बजाय इन वन्य जीवों के व्यवहार को समझने लगे हैं। इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में कमी देखी जा रही है।

> प्रोजेक्ट टीओटीआर के तहत बजट आवंटित किया जाना है। गाइडलाइन के अनुसार विभिन्न चरणों में कार्य किया जाएगा। प्रोजेक्ट लागू होने के बाद जंगल से बाहर निकलने वाले वन्यजीवों की अत्याधुनिक तकनीक से निगरानी तो होगी ही, साथ ही तेंदुओं और हाथियों की निगरानी के लिए तेंदुआ मित्र और गज मित्र भी रखे जाएंगे। इसमें जंगल से सटे संवेदनशील इलाकों के युवाओं को चयन किया जाएगा। – **भरत कुमार डीके**, डीएफओ, वन एवं वन्यजीव प्रभाग

### जंगल से सटे इलाकों के युवा बनेंगे मित्र

पीलीभीत टाइगर रिजर्व से सटे इलाकों में सिर्फ बाघ ही नहीं, बल्कि तेंदुओं और जंगली हाथियों की चहलकदमी रहती है। आबादी वाले इलाकों में तेंदुओं और जंगली हाथियों के पहुंचने के दौरान मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं भी पूर्व में प्रकाश में आ चुकी है। मगर अब बाघों के साथ-साथ जंगल से बाहर निकलने वाले तेंदुओं और हाथियों की भी बाघों की तरह निगरानी की जाएगी। इसको लेकर बाघ मित्र मॉडल की तर्ज पर गज मित्र एवं तेंदुआ मित्र रखे जाएंगें। वन्य एवं वन्यजीव प्रभाग जंगल से सटे संवेदनशील इलाकों के युवाओं को चिन्हित कर उन्हें प्रशिक्षित करेगा। प्रशिक्षण के बाद ये प्रशिक्षित युवा गज मित्र एवं तेंदुओं मित्र के रूप में जंगल से बाहर निकलने वाले जंगली हाथियों एवं तेंदुओं की निगरानी करेंगे। यह सबकुछ टीओटीआर (टाइगर आउटसाइड टाइगर रिजर्व) के तहत होगा। दरअसल सरकार ने पिछले दिनों पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बाहर घूम रहे बाघों के प्रबंधन एवं मानव-वन्यजीव संघर्ष पर अंकुश लगाने के लिए टीओटीआर (टाइगर आउटसाइड टाइगर रिजर्व) प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। जनपद में टीओटीआर का क्रियान्वयन वन एवं वन्यजीव प्रभाग द्वारा किया जाएगा। प्रोजेक्ट लागू होने के बाद जंगल से बाहर घूमने वाले वन्यजीवों की अत्याधुनिक तकनीक से निगरानी की जाएगी। इसी प्रोजेक्ट के तहत गज मित्रों एवं तेंदुआ मित्रों का चयन किया जाएगा।

# साढ़े तीन किग्रा गांजा बरामद, तीन जेल भेजे



पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए आरोपी। ● अमृत विचार

संवाददाता, अमरिया

**अमृत विचारः** मादक पदार्थ की तस्करी करते पुलिस ने तीन आरोपियों को धर दबोचा। उनके पास से करीब साढ़े तीन किग्रा गांजा बरामद किया। एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

एसपी के निर्देशन में नशा विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक पुलिस अधीक्षक/सीओ सदर नताशा गोयाल के नेतृत्व में अमरिया पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। रविवार को ग्राम धुंधरी से पहले भट्टे की ओर जाने वाले रास्ते पर झाड़ियों के पास तीन संदिग्ध दिखे, जिन्हें पुलिस ने पकड़ लिया। तलाशी लेने पर मोहल्ला हाजीपुरा निवासी मोहम्मद हसनैन पुत्र हबीबउल्ला के पास से करीब 1.170 किग्रा, ग्राम कैंचूटांडा निवासी मोहम्मद साकिर पुत्र छिद्दा से 1.770 किग्रा और मोहम्मद फैसल पुत्र जलीस अहमद से 520 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नशे के आदी हैं और कुछ गांजा खुद पीते हैं बकाया बेचते हैं। दरोगा राजेश कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### एसपी के आदेश पर एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार** : एसपी के आदेश पर न्यूरिया पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें क्षेत्र के ग्राम मैथी सैदुल्लागंज निवासी वेदकुमारी ने बताया कि उसका पति बाबूराम, उनका भतीजा प्रवेश कुमार, विकास, जिठानी नंदरानी देवी, सास द्रोपदी देवी ने पांच मार्च को शाम करीब छह बजे उसे रूटाबेटर से बांधकर पीटा। जान से मारने की धमकी दी। एसओ सुभाष मावी ने बताया कि एफआइआर दर्ज कर ली गई है। विवेचना की जा रही है।

# जिपं चुनाव और रैली की सफलता पर किया मंथन



बैठक में मौजूद बसपा नेता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मंडी समिति गेस्ट हाउस में हुई बसपा की बैठक

**अमृत विचारः** बहुजन समाज पार्टी की बैठक जिलाध्यक्ष मुन्नालाल कश्यप की अध्यक्षता में रविवार को मंडी समिति गेस्ट हाउस में संपन्न हुई। इसका संचालन अरविंद तिवारी ने किया। जोन कोऑर्डिनेटर रनवीर कश्यप, अखिलेश अंबेडकर, मुख्य जोन कोऑर्डिनेटर रामसनेही गौतम, शमशुल कमर बतौर अतिथि शामिल हुए।

बैठक में जिला पंचायत चुनाव और पंद्रह मार्च को होनी वाली विशाल रैली की सफलता पर चर्चा की गई। इस मौके पर एलपी सागर, राजेश सागर, कीरत पासवान, मुरारीलाल सागर, प्रदीप गौतम, राजेश गौतम, राम सिंह गौतम, पुत्तूलाल वर्मा, महेंद्र गंगवार, मोहित गौतम, सरताज अंसारी, लालाराम वर्मा मौजूद रहे।

# मिठाई की दुकान पर काम कर रहे कारीगर को पीटा

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : मिठाई की दुकान पर काम कर रहे कारीगर पर कुछ लोगों ने बाइक चढ़ाने की कोशिश की। विरोध करने पर दुकान में घुसकर पिटाई कर दी। पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कस्बा निवासी प्रवेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह एक मिठाई की दुकान पर कारीगरी करते हैं। रविवार सुबह दुकान पर काम कर रहे थे। इस दौरान कस्बे के ही कुछ लोग आए और बाइक उन पर चढ़ाने की कोशिश की।

विरोध करने पर हमला कर मारपीट की गई। दुकान पर लगे सीसीटीवी में पूरी घटना कैद हो गई। शोर सुनकर आसपास के तमाम व्यापारी व अन्य लोग आए। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। इंस्पेक्टर प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच करा रहे हैं।

# धारदार हथियार से हमला, महिला समेत तीन घायल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जहानाबाद क्षेत्र के ढकिया नथा का मामला, होली मिलन समारोह में गया था युवक
- पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

**अमृत विचार** : घर के बाहर आकर गाली गलौज का विरोध करने पर गांव के कुछ युवकों ने घर में घुसकर विवाहिता पर हमला कर दिया। परिवार के दो अन्य लोग भी घायल हो गए। पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम ढकिया नथा निवासी सूबेदार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि चार मार्च को होली मिलन के लिए वह ग्राम प्यास गए थे। शाम करीब छह बजे गांव के ही गौरव कुमार ने उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज की। घर में मौजूद उसकी पत्नी गुडडी देवी ने गाली गलौज का विरोध किया तो आरोपी गौरव ने अपने साथी चेतन गंगवार, निर्वाहन सिंह, तपन, प्रेमबहादुर के साथ मिलकर घर में घुसकर उसकी पत्नी और छोटे भाई रामपाल की पत्नी कुसुमा, अमित के साथ गाली गलौज करते हुए लाठी, डंडों से मारपीट की। आरोपियों ने गुड्डी देवी के सिर पर धारदार हथियार से प्रहार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर डायल 112 पुलिस और एंबुलेंस गांव पहुंची। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी जहानाबाद लाया गया। आरोप है कि मारपीट के दौरान उसकी पत्नी के कानों के कुंडल भी कहीं गिर गए। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर जहानाबाद प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

**कहासुनी के बाद बंधक बनाकर पीटा : पीलीभीत।** माधोटांडा थाने में दी गई तहरीर में ग्राम राजपुर ताल्लुके महाराजपुर निवासी सुशील कुमार पुत्र हरिशंकर ने बताया कि गांव का ही जितेंद्र कुमार समेत अन्य लोगों संग वह सिमरा गांव में में मैच खेल रहे थे। दोपहर करीब तीन बजे कुछ लोगों से कहासुनी हो गई। इस पर आरोपियों ने गाली गलौज कर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उनकी व जितेंद्र की पिटाई कर दी। शोर सुनकर कई लोग बचाने आए तो उनको भी पीटा। महिलाओं पर भी हमला किया गया। पुलिस घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच कर रही है।

**घर में घुसकर मां-बेटे से मारपीट : पीलीभीत।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सरफराज खां निवासी रुखसाना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि लकड़ी मंडी निवासी फिरोज, अशफाक, धर्मेंद्र और पतले उसके घर में शराब पीकर चोरी की नीयत से घुस आए। विरोध करने पर मारपीट की। पुत्र नासिर ने बचाने का प्रयास किया तो उसकी भी पिटाई कर दी। आरोपी पूर्व में भी उसके परिवार के साथ मारपीट कर चुके हैं। जब उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग एकत्र हो गए। जिस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच शुरू कर दी है।

### दंपती समेत पांच लोगों को पीटा

**बीसलपुर, अमृत विचार** : कोतवाली में दी गई तहरीर में ग्राम चठिया सेवाराम निवासी रामगोपाल ने बताया कि शनिवार रात नौ बजे उसका भतीजा संजीव और पुत्र आनंद नहर के पास बैठे थे। इसी समय गांव के रामू, श्यामू, आकाश, राजा आ गए। आपस में हुई बातचीत के बाद उन्होंने भतीजे, बेटे से गाली गलौज कर मारपीट की। आनंद और संजीव कुमार को नहर में धक्का दे दिया। इसके बाद वह आरोपी के घर शिकायत करने गए तो उनको भी पीटा। बचखने आए परिवार के अन्य लोगों की भी पिटाई की गई। पत्नी रामश्री को भी चोट आई। पुलिस ने मामले में रामू, श्यामू, आकाश, राजा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# खुदकुशी को विवश करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पीलीभीत, अमृत विचार** : कोतवाली बीसलपुर क्षेत्र के ग्राम जोगीठेर निवासी संजना उर्फ पिंटू ने थाना सुनगढ़ी में नौ फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि उसका भाई अजीत गौतम पुत्र रामचरण निवासी ग्राम जोगीठेर पीलीभीत का निवासी है। वह थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के नौगवां पकड़िया के वार्ड नंबर दो में मनोहर लाल के घर पर किराए के मकान में रहता था। उसका भाई अजीत गौतम ट्रांसजेंडर था। उसके भाई के बदायूं जिले के बिसौली थाना क्षेत्र के ग्राम देवतरा निवासी छोटू शर्मा पुत्र सोमपाल शर्मा से संबंध थे। आरोपी ने उसके भाई से करीब सात लाख रुपये लिए थे। रुपये वापस मांगने पर उसके भाई की आरोपी ने उसको प्रताड़ित किया था। जिससे आहत होकर उसके भाई ने आत्महत्या कर ली थी। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने एक सूचना के आधार पर रविवार को टाइगर तिराहे से आरोपी छोटू शर्मा पुत्र सोमपाल शर्मा निवासी रेलवे स्टेशन के पीछे मुख्य बाजार लक्ष्मीपुरा रोड थाना बिसौली जनपद बदायूं को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया है।

# आज निकलेगी दूसरे चरण की लॉटरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- दूसरे चरण के आवेदनों का सत्यापन हुआ पूरा, पात्र बच्चों को लॉटरी में होंगे शामिल
- पहले चरण में 3300 अभिभावकों ने अपने बच्चों के निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदन किया था

**अमृत विचार** : शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत निजी स्कूलों की 25 फीसदी सीटों पर निःशुल्क प्रवेश के लिए दूसरे चरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। बेसिक शिक्षा विभाग ने सभी आवेदनों का सत्यापन कार्य पूरा कर लिया है।

अब सोमवार को कंप्यूटराइज्ड लॉटरी के माध्यम से पात्र बच्चों का चयन किया जाएगा।

बीएसए रोशनी सिंह ने बताया कि आरटीई के दूसरे चरण में अभिभावकों ने काफी रुचि दिखाई है। इस बार पोर्टल पर 500 से अधिक नए आवेदन प्राप्त हुए हैं। विभाग की ओर से गठित टीमों ने सभी आवेदनों के दस्तावेज और पात्रता का सावधानीपूर्वक सत्यापन किया है।

सत्यापन में पात्र पाए गए बच्चों को ही लॉटरी प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नौ मार्च को जिला स्तर पर कंप्यूटराइज्ड लॉटरी निकाली जाएगी। इसके बाद चयनित बच्चों की सूची संबंधित स्कूलों को भेज दी जाएगी और विद्यालयों को नियमानुसार उनका प्रवेश देना होगा। बीएसए ने बताया कि पहले चरण में जिले भर से करीब 3300 अभिभावकों ने अपने बच्चों के निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदन किया था। लॉटरी प्रक्रिया के बाद अब तक 1001 बच्चों का विभिन्न निजी स्कूलों में प्रवेश कराया जा चुका है। विभाग का कहना है कि इस योजना से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को बेहतर शिक्षा का अवसर मिल रहा है।

# मारपीट व छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार** : एक महिला के घर के बाहर कुछ युवक गाली गलौज कर रहे थे। जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी घर में घुस आए और मारपीट की। छेड़छाड़ करने का भी आरोप है।

कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 मार्च की दोपहर ढाई बजे गांव का संजय, रिंकू, निहाल, जगदीश, नितिन यादव, प्रियांशु उसके घर के सामने गाली गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर रहे थे। उसने विरोध किया तो आरोपियों ने घर में घुसकर पुत्र के साथ मारपीट की और छेड़छाड़ की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

- ससुराल वाले दहेज में मांग रहे थे कार, रुपये और जेवर

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के पकड़िया नौगवां निवासी शायरा बानो की ओर से पुलिस ने एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें बताया कि उसकी शादी 12 वर्ष पूर्व पकड़िया नौगवां निवासी बिलाल से हुई थी। आरोप है कि ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज में कार और एक लाख रुपये, सोने के जेवरात की मांग करते थे। उसके तीन बच्चे भी हैं। दहेज न देने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। वर्ष 2019 में उसने एक मुकदमा भी दर्ज कराया था। जिसमें समझौता हो गया था। आरोप है कि 10 अप्रैल 2025 की शाम पति मायके में आया। वहां उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई। पति के अलावा उसके ससुर अशरफ, सास चंदा बेगम, देवर फुरकान, इमरान ने तलाक देने की धमकी दी। पति ने सबके सामने तीन तलाक दे दिया। विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगे। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# 16 से 20 तक होंगी परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- कक्षा एक की परीक्षा मौखिक कक्षा दो से पांच तक लिखित और मौखिक दोनों होंगी
- जिले के 1400 से अधिक स्कूलों के चार लाख से ज्यादा विद्यार्थी होंगे शामिल

**अमृत विचार** : परिषदीय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षाएं 16 मार्च से शुरू होकर 20 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। बेसिक शिक्षा विभाग ने परीक्षा संचालन, प्रश्नपत्र तैयार करने, मूल्यांकन और परिणाम घोषित करने को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

जिले में 1400 से अधिक परिषदीय विद्यालयों में चार लाख से अधिक छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं, जो इस बार की वार्षिक परीक्षाओं में शामिल होंगे। विभागीय निर्देशों के अनुसार कक्षा एक के विद्यार्थियों की परीक्षा केवल मौखिक होगी। वहीं कक्षा दो से पांच तक के विद्यार्थियों की लिखित और मौखिक दोनों प्रकार की परीक्षाएं कराई जाएंगी। इसके अलावा कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों की परीक्षाएं पूरी तरह लिखित रूप में आयोजित की जाएंगी। परीक्षा के प्रश्नपत्रों में बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय और दीर्घ उत्तरीय प्रश्न शामिल किए जाएंगे। लिखित परीक्षा के लिए दो घंटे का समय निर्धारित किया गया है। प्रश्नपत्रों की पैकिंग ब्लॉक स्तर पर की जाएगी, जिससे परीक्षा की गोपनीयता बनाए रखी जा सके। परीक्षा समाप्त होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर ही कराया जाएगा। इसके साथ ही परिणाम घोषित किए जाने के दिन विद्यालयों में अभिभावक बैठक भी आयोजित की जाएगी, जिसमें विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति की जानकारी अभिभावकों को दी जाएगी। बीएसए रोशनी सिंह ने बताया कि जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कराई जाएंगी।

### 11 परीक्षार्थियों ने छोड़ी अटल आवासीय परीक्षा

**पीलीभीत, अमृत विचार** : श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए संचालित अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। शहर के अंगूरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज को एक मात्रा परीक्षा केंद्र बनाया गया था, कक्षा छह और कक्षा नौ में प्रवेश के लिए छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कक्षा छह में प्रवेश के लिए कुल 159 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था। परीक्षा के दौरान केंद्र पर कड़ी निगरानी रखी गई। पंजीकृत छात्र-छात्राओं में से 152 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि सात परीक्षार्थी किन्हीं कारणों से अनुपस्थित रहे। इसी क्रम में कक्षा नौ के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में भी परीक्षार्थियों का उत्साह देखने को मिला। कक्षा नौ में प्रवेश हेतु कुल 124 परीक्षार्थियों ने अपना पंजीकरण कराया था। परीक्षा के समय केंद्र पर 120 परीक्षार्थी उपस्थित पाए गए, जबकि चार परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। इस प्रकार दोनों कक्षाओं को मिलाकर कुल 11 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी।

# बस से गिरकर युवक की मौत

**पीलीभीत, अमृत विचार** : लखीमपुर खीरी जिले के ग्राम बिनौरा निवासी प्रमिला देवी ने थाना गजरौला में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें बताया कि 19 फरवरी को उसका पति दीपक कहार गांव से अपने साथी कैलाश के साथ हापुड़ से निघासन प्राइवेट बस से आ रहा था। रात करीब एक बजे सकरिया तिराहे के पास यात्रियों को लघुशंका के लिए बस को रोका गया। उसका पति भी लघुशंका के लिए उतरा था। वहां से वापस आते समय जब वह बस पर चढ़ रहा था। तभी चालक ने अचानक बस को चला दिया। जिससे उसका पति बस से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान उसके पति की मौत हो गई। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# शपथ ग्रहण की सफलता को हुई व्यापार मंडल की बैठक



बैठक में मौजूद व्यापारी। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक एवं होली मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें 18 मार्च को होने वाले शपथ ग्रहण कार्यक्रम की रुपरेखा तय की गई।

मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी समित अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि मंडल महामंत्री प्रवीण गोयल रहे। उन्होंने अपने सुझाव दिए। जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह टहलानी ने अध्यक्षता की। प्रांतीय संगठन मंत्री जितेन्द्र कुमार गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष डालचंद सक्सेना और मंडल मंत्री रतननाथ मिश्रा रहे। संचालन जिला महामंत्री स्वतंत्र देवल ने किया। इस मौके पर जिला महामंत्री पीयूष अग्रवाल, जंगबहादुर, हरिपाल सिंह यादव, राहुल गजवानी, श्याम गुप्ता, हरविंदर सिंह चिंटू, राकेश गंगवार, अखिलेश सिंह, प्रतीक सक्सेना, सागर देवल आदि मौजूद रहे।

# होली मिलने गए युवक को पीटा

**पीलीभीत, अमृत विचार** : होली मिलने गए युवक को कुछ लोगों ने रास्ते में घेरकर मारपीट की। जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पकड़िया निवासी विक्रम सागर पुत्र जगदीश सागर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि छह मार्च को वह पवन माथुर के घर होली मिलने गए थे। वह घर पर नहीं थे। जिस पर वह वहां से वापस आ रहे थे, तभी आवास विकास कॉलोनी स्थित काशीराम कॉलोनी के सामने कुछ लोग मिले और उसके साथ विवाद करना शुरू कर दिया। उसके साथ मारपीट की। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उसके सिर पर भी चोट आई है। हमला करने वाले लकी, इमरान और केके थे। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# कोरोना काल में सेवा देने के बाद भी हुई अनदेखी, दवा व्यापारियों ने बयां किया दर्द

## एक होटल में आयोजित होली मिलन समारोह में कई मुद्दों पर औषधि निरीक्षक के समक्ष रखी बात

- अध्यक्ष पद पर विनोद तिवारी और आलोक पुन: बने महामंत्री

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि एवं दवा व्यापारी। ● अमृत विचार



होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी व सदस्य।

**अमृत विचार :** जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में शनिवार रात एक होटल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि औषधि निरीक्षक नेहा वैश्य और विशिष्ट अतिथि डॉ. अरुण रस्तोगी रहे। सर्वप्रथम कार्यकारिणी की सर्वसम्मति से विनोद तिवारी को अध्यक्ष, आलोक बंसल को पुनः महामंत्री पद पर चुना गया।

दवा व्यापारियों ने फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। अतिथियों का स्वागत पूर्व ज़ोन अध्यक्ष शिवहरि अग्रवाल, राकेश हांडा ने बुके देकर किया। इस दौरान दवा व्यापारियों व्यापार में आ रही दिक्कतों के बारे में विस्तार से अवगत कराते हुए समाधान कराने का आग्रह किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि वह जनहित एवं दवा व्यापार के हित से जुड़े कानून का समर्थन करते हैं लेकिन जो कानून दवा व्यापारियों के हित में नहीं है, संगठन के माध्यम से उसका विरोध भी करेंगे। इस बात पर भी नाराजगी जताई गई कि कोरोना काल में चिकित्सक, पुलिसकर्मी आदि को कोरोना योद्धा के रूप में सम्मानित किया गया लेकिन दवा व्यापारियों को भुला दिया गया। कार्यकारिणी सदस्य अलाउद्दीन अंसारी ने कहा कि दवा व्यापार 100 फीसदी टैक्सपेयर है। हाल ही में राज्यपाल द्वारा प्रत्येक जनपद में एमएसएमई में उधमियों टैक्सपेयर्स व्यापारियों को सम्मानित किया गया लेकिन सौ फीसदी टैक्स देने वाले दवा व्यापारियों को यहां भी कोई सम्मान नहीं मिला। मुख्य अतिथि औषधि निरीक्षक नेहा वैश्य ने शासन की मंशानुसार एवम नियमानुसार दवा के रखरखाव पर व्यापार करने की बत कही। कहा कि गलत और अवैध रूप से नशीली दवाओं का व्यापार करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा। इस मौके पर निकिन, योगेश तनेजा, नितिन मिश्रा, मधुकर सिंह, प्रदीप सक्सेना, संजीव सक्सेना, पीयूष अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, अभि मिश्रा, निखिल आनंद, मनीष अग्रवाल, आलोक मिश्रा, संजीव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा का होली मिलन समारोह संपन्न

**बिलसंडा, अमृत विचार :** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की ओर से गोला रोड पर स्थित बारात घर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। नगर इकाई की चतुर्थ मासिक बैठक संपन्न हुई। संचालन धीरज शर्मा ने किया। अध्यक्षता गांधी स्मारक सुंदर लाल इंटर कॉलेज के रिटायर्ड प्रवक्ता ओमप्रकाश शर्मा ने की। नगर अध्यक्ष अनुपम दीक्षित ने कहा कि चाहे कोई भी राजनैतिक संगठन हो सबसे ज्यादा उपेक्षा यदि किसी वर्ग की हो रही है तो वह ब्राह्मण ही है। कई अन्य वक्ताओं ने भी विचार रखे। 19 अप्रैल को होने वाली परशुराम जयंती पर आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। पदाधिकारियों ने नगर के डॉ .वीरेंद्र शर्मा, राजेंद्र अवस्थी व उनकी पत्नी के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मोन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर रामलखन शुक्ला, प्रियंक तिवारी, रामनिवास,गिरजेश कुमार मिश्रा,वागेश मिश्रा, अशोक कुमार शुक्ला,राकेश शर्मा, विजय कुमार मिश्रा,रमेश चंद्र मिश्रा, ओमप्रकाश मिश्रा, संतोष शुक्ला, रामसेवक शुक्ला, अशोक कुमार शर्मा, पुष्पेंद्र शुक्ला, गौरव मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, कमलकांत मिश्रा,मुनीष त्रिवेदी, गौरीश अग्निहोत्री, रामतीर्थ अवस्थी, दिनेश मिश्रा, राजा अवस्थी,हरिओम, रामनिवास शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# एक मंच पर साथ नजर आए सपा के बिखरे सुर



कार्यक्रम में मौजूद पूर्व मंत्री, सपा जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सपा के वरिष्ठ नेता सुधीर तिवारी ने आयोजित किया कार्यक्रम

**अमृत विचार :** सपा नेता सुधीर तिवारी की ओर से एक बरात घर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर एकजुटता का संदेश दिया गया।

एक बरात घर में आयोजित होली मिलन समारोह एक सांस्कृतिक उत्सव न रहकर समाजवादी पार्टी के शक्ति प्रदर्शन और राजनीतिक एकजुटता का केंद्र भी बना दिखा। खास बात ये रही कि सपा के वरिष्ठ नेता सुधीर तिवारी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी के बिखरे हुए सुर एक साथ नजर आए। कार्यकर्ताओं में नया जोश दिखा। सपा के वरिष्ठ नेता एक मंच पर साथ दिखे। पूर्व राज्यमंत्री हेमराज वर्मा, पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू, जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद सिंह यादव आदि एक साथ नजर आए। फिलहाल चर्चा ये भी रही कि सुधीर तिवारी ने इस कार्यक्रम के जरिए पार्टी के भीतर एकता का संदेश देने में सफलता हासिल की। इसे आगामी विधानसभा चुनाव में दावेदारी से जोड़कर भी देखा जाता रहा। इस दौरान मौजूदा सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए और कहा कि जनता त्रस्त है और अब बदलाव का समय आ गया है। कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर एकजुट होने का पाठ पढ़ाया गया। अतिथियों का फूल-माला और गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। सपा की नीतियों और अखिलेश यादव के विजन पर भी चर्चा की गई।

# पुरातन छात्रों ने साझा किए अनुभव



विद्या भारती के कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** विद्या भारती के तत्वाधान में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि न्यूरोसर्जन डॉ. राकेश सिंह, विशिष्ट अतिथि कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. भरत कंचन, बृजेन्द्र रहे। सर्वप्रथम नगर संयोजक पुरातन छात्र अरविंद वर्मा ने परिचय कराया। मंच संचालन जिला चिकित्सालय रक्तकेंद्र के लैब टेक्नीशियन दिग्विजय आर्य ने किया।

वतनदीप मिश्रा ने एकल गीत प्रस्तुत किया। सरस्वती वंदना और होली गीत का आयोजन संजीव पाराशरी, कृष्ण कुमार के द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य सुभाष कुमार के निर्देशन में पुरातन छात्रों से अनुभव कथन का आदान प्रदान किया गया। मुख्य वक्ता प्रदेश कार्यकारणी सदस्य पूर्व छात्र परिषद ब्रज प्रांत आशुतोष आर्य ने विचार रखे। डॉ. भरत कंचन, डॉ. राकेश सिंह ने अपने अनुभव साझा किए। फूलों की होली खेली गई। सूक्ष्म जलपान के साथ समापन हुआ। इस मौके पर संजीव गोस्वामी, प्रशांत, विनोद, हेमंत, चांदकी राम, विक्रांत मिश्रा, आकाश पाठक आदि मौजूद रहे।

## विवाहिता को पीटा, चार के खिलाफ रिपोर्ट

- थाना गजरौला क्षेत्र के बिठौरा कलां का मामला

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम खजुरिया पचपेड़ा निवासी लीला देवी ने थाना गजरौला में तहरीर देकर बताया कि उसका दामाद राकेश निवासी ग्राम बिठौरा कलां थाना गजरौला का रहने वाला हैं।

छह मार्च को शाम करीब सात बजे उसकी पुत्री आरती देवी के साथ नशे में मारपीट की। जब उसकी पुत्री ने फोन से उसे सूचना दी तो वह उसकी ससुराल पहुंची। आरोप है कि उसके दामाद राकेश,भाई राजेश,पिता सुरेश,मां चमेली ने दहेज को लेकर उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस दौरान भीड़ लग गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री से मिले राज्यमंत्री विकास कार्यों पर की चर्चा



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते संजय सिंह गंगवार। ● अमृत विचार

- लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की

**पीलीभीत, अमृत विचार:** गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने रविवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने जनपद में चल रहे विकास कार्यों, औद्योगिक प्रगति और नई परियोजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। राज्यमंत्री पश्चिम बंगाल के कोलकाता में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव प्रचार में भाग लेने के बाद रविवार को लखनऊ लौटे थे। मुलाकात के दौरान राज्यमंत्री ने जिले में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए लगाए जा रहे नए उद्योगों और उनकी प्रगति के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। उन्होंने शासन से स्वीकृत विभिन्न सड़क निर्माण परियोजनाओं और अन्य विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी।

## हमला कर दंपती को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव मूसेपुरकलां के रहने वाले जसवंत कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके सगे भाई राजकुमार, पत्नी गीता देवी छह मार्च को रात के करीब नौ बजे गाली गलौज करते हुए आए और जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर हमला कर सिर पर वार करके घायल कर दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## ग्रामीण पर किया हमला एफआईआर दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** बरेली के थाना क्योलड़िया क्षेत्र के गांव माधौपुर निवासी चंद्रपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह तीन मार्च की शाम करीब छह बजे अपनी पुत्री उर्मिला के घर गांव मुसरहा गए थे। घर के बाहर बातचीत कर रहे थे। तभी दामाद अनिल पुत्र अशर्फीलाल, वीरपाल पुत्र बुद्धसेन ने पीछे से आकर अचानक मारपीट शुरू कर दी। जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## बस चालक और परिचालक से मारपीट की रिपोर्ट

**बीसलपुर , अमृत विचार :** कोतवाली में दी गई तहरीर में पूरनपुर के मोहल्ला खानका निवासी बस चालक मन्नू ने बताया कि वह सात मार्च को रात करीब आठ बजे वन्डा कस्बा से बुकिंग की सवारियां लेकर बरेली जा रहे थे। ईदगाह चौराहे से गुजरते समय चौराहे पर सब्बू, बब्बू और पप्पू जो बस मालिक है खड़े थे। उन्होंने पीटा।आरोप है कि जेब में रखें 7300 रुपए भी गिर गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# यूपीसीडा के सीईओ ने औद्योगिक क्षेत्र का किया निरीक्षण

संवाददाता, मझोला



निरीक्षण करते यूपीसीडा के सीईओ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय किरण आनंद ने औद्योगिक क्षेत्र भरा पचपेड़ा का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं समयबद्धता की गहन समीक्षा की। सड़कों, नाली, जल निकासी व्यवस्था, अन्य आधारभूत संरचनाओं एवं चल रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन किया और कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मौरी फैक्ट्री का भी दौरा किया और फैक्ट्री परिसर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों का समुचित विकास प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि औद्योगिक क्षेत्र भरा पचपेड़ा में चल रहे समस्त विकास कार्यों को तीव्र गति से आगे बढ़ाते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण कराया जाए।

## एसआईआर : नोटिसों की सुनवाई का 95 % काम पूरा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत रविवार को विशेष अभियान चलाया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की निगरानी में 1522 बूथों पर मतदाताओं को दिए गए नोटिस की सुनवाई की रिपोर्ट ली गई। शाम तक 95 फीसदी नोटिसों की सुनवाई का काम पूरा कर लिया गया।

अब तक जारी कुल 240022 नोटिसों की सुनवाई के लिए चार ईआरओ समेत अन्य दर्जनों कार्मिकों को लगाया गया। अब पांच फीसदी नोटिसों पर सुनवाई बाकी है। इसका काम भी अब अंतिम चरण में है। बीते दिवस दावा आपत्तियों के आवेदन जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा छह मार्च तक लिए गए थे। अब इनका आवेदन नहीं लिया जाएगा। आठ मार्च से केवल नोटिसों पर सुनवाई काम काम पूरा किया जाना है। ये काम 27 मार्च तक पूरा करने के निर्देश हैं। रविवार को बीएलओ को मतदाता सूची साथ लेकर बूथों पर बैठने के निर्देश दिए गए थे। नई मतदाता सूची अगले माह प्रकाशित कर दी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने डीसीसी सेंटर पर पहुंचकर जिले में चलाए जा रहे अभियान की जानकारी ली।

# साइबर ठगों के दो मददगार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** चौक कोतवाली पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले गिरोह की मदद करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी सीधे-सादे लोगों के आधार कार्ड और पैन कार्ड का इस्तेमाल कर ऑनलाइन बैंक खाते खुलवाते थे, जिनका इस्तेमाल बिहार का एक आरोपी ऑनलाइन ठगी से प्राप्त धन को ट्रांसफर करने के लिए करता था।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी श्रीश गुप्ता और राहिल शाहजहांपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के निवासी हैं। बिहार का मुख्य आरोपी इन दोनों को प्रति खाते के बदले 4500 रुपये देता था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 25 हजार रुपये से अधिक नकद सहित कई मोबाइल फोन और बैंकिंग उपकरण बरामद किए हैं। चौक कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बरेली मोड़ स्थित एक सीएसई सेंटर के पास से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि श्रीश गुप्ता आवास विकास कॉलोनी का निवासी है, जबकि राहिल तारीन गाड़ीपुर का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से आठ एंड्रॉइड मोबाइल फोन, तीन रिकॉर्ड कॉपी, 25,430 रुपये नकद, 19 जियो पेमेंट बैंक के लिफाफे एटीएम कार्ड सहित, 10 जियो डेबिट कार्ड, दो माइक्रो एटीएम मशीनें, दो बायोमेट्रिक मशीनें और छह एनएसडीएल पेमेंट बैंक के डेबिट कार्ड बरामद किए हैं।

पूछताछ में आरोपी श्रीश गुप्ता ने बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पहले उसका बिहार निवासी रोहित रंजन से मोबाइल फोन पर संपर्क हुआ था। रोहित रंजन ने उसे कुछ बचत खाते उपलब्ध कराने को कहा और इसके बदले प्रति खाते 4500 रुपये देने की बात कही। इसके बाद श्रीश ने इस काम में राहिल को शामिल कर लिया। राहिल सीधे-सादे लोगों को बहला-फुसलाकर या लालच देकर उनके आधार कार्ड और पैन कार्ड ले आता था। इसके बाद श्रीश उन आधार कार्डों के आधार पर जियो पेमेंट बैंक और एनएसडीएल पेमेंट बैंक में ऑनलाइन खाते खोलता था और उनमें रोहित रंजन की ओर से दिए गए मोबाइल नंबर दर्ज करता था। खाते का ओटीपी उसी नंबर पर आता था। एटीएम कार्ड की डिलीवरी के लिए वह अपना पता दर्ज कराता था। आरोपियों ने बताया कि बाद में इस काम में सोनू पटना, सोनू हावड़ा, विकास, उपेश कुमार और मुकेश कुमार समेत कई लोगों से उनका संपर्क हो गया था।


ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली



MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005



बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज



डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटर) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
निः शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगी।
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो.9457833777

## न्यूज ब्रीफ

### चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**मितौली, अमृत विचार :** थाना मितौली पुलिस ने इसी थाना क्षेत्र के नीवा टांडा (कस्ता) निवासी नासिर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से थाना क्षेत्र से चोरी हुई बाइक भी बरामद करने का दावा किया है ।बाइक सीज कर पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का चालान भेजा है।

### जानलेवा हमले में एक आरोपी गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना सिंगाही पुलिस ने गांव नयापुरवा मजरा उमरा में हुए एक जानलेवा हमले के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसआई केसी तिवारी ने बताया कि गांव नयापुरवा मजरा निवासी इरफान जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इस मामले में पुलिस उसकी तलाश कर रही थी, जिसे गिरफ्तार कर चालान भेजा गया है।

### विभिन्न मामलों में चार आरोपी गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी,** थाना ईसानगर पुलिस ने विभिन्न मामलों में गया प्रसाद, श्रीराम, रमेश और सुशील निवासी अहिरनपुरवा मजरा लौकाही थाना ईसानगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों का रविवार को चालान कर दिया।

### छेड़छाड़ मामले में आरोपी गिरफ्तार

**मोहम्मदी, अमृत विचार :** कोतवाली मोहम्मदी पुलिस ने छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट के मामले में दिन दहाड़े किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने वाले चौकी बरवर के मोहल्ला जलीलनगर निवासी दूसरे समुदाय के आरोपी आमिर को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का चालान कर कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा है।

### वाहन की टक्कर से युवती घायल



**भानपुर, अमृत विचार :** शनिवार शाम करीब 7 बजे लालू टांडा मार्ग पर घुरहा गांव निवासी राधा देवी पिता पंकज कुमार के साथ खेत देखने गई थी। घर लौटते समय तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे राधा देवी गंभीर घायल होकर सड़क पर गिर पड़ीं। एंबुलेंस की मदद से घायल युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ भेजा गया। जहां उसका इलाज जारी है। थाना भीरा पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए महिला कार्मिक सम्मानित

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विकास भवन में हुई सीएम कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग



कार्यक्रम में भाजपा विधायक योगेश वर्मा, जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, सीडीओ अभिषेक कुमार।



महिलाओं को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल हुईं महिलाएं

**अमृत विचार:** खीरी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को पूरे जिले में उत्साह, उल्लास, उमंग के साथ मनाया गया। रविवार को महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में उत्कृष्ट कार्यों से अपने क्षेत्र में, अपने कार्यों द्वारा अलग पहचान बनाने वाली महिलाओं, बेहतर कामकाज वाली महिला कार्मिकों का स्वामी विवेकानंद सभागार में सम्मान समारोह हुआ। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी, सुनी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सदर योगेश वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, सीडीओ अभिषेक कुमार ने ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, जिला महामंत्री रामजी मौर्य, नगर अध्यक्ष देवव्रत चड्ढा, नगर महामंत्री मनीष मिश्र की मौजूदगी में कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम का संयोजन डीपीओ लवकुश भार्गव, भारत प्रसाद ने किया। भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि महिलाओं को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज समाज के सभी क्षेत्रों में महिलाओं की उपस्थिति दर्ज की जा रही है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

### महिला दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं हुईं सम्मानित

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक, जिलाध्यक्ष, सीडीओ ने महिलाओं को प्रमाण पत्र, पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। परिषदीय विद्यालयों की शिक्षिकाओं में ऋतु अवस्थी, संगम वर्मा, आदित्य कुमारी, मोहिनी श्रीवास्तव, गौरी कुमारी को उनके सराहनीय शैक्षिक कार्यों के लिए सम्मानित किया। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी मुन्नी देवी, रीता देवी, कामिनी, सावित्री देवी और संगीता देवी को महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। महिला कल्याण विभाग से आर्यमित्रा, रश्मि चतुर्वेदी, विजेता गुप्ता, मालती विश्वकर्मा, विभा, बबीता को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान मिला। वही प्रभारी सीडीपीओ दीपा रानी व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों शबनम परवीन, अंजली वर्मा, शैलेन्द्री और नीतू सिंह को भी सम्मानित किया।

### कल्याणकारी योजनाएं महिलाओं को बना रहीं सशक्त

विधायक सदर योगेश वर्मा कहा कि सरकार महिलाओं, बेटियों को सम्मान और समान अवसर प्रदान करते हुए उन्हें सशक्त बना रही है। सरकार महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर आर्थिक, सामाजिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य कर रही है। इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और समाज में उनकी भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

# टैक्सी लूटकर भाग रहे बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● एक को लगी गोली, तीन गिरफ्तार, लूटी गई कार, नकदी और तमंचा बरामद

**अमृत विचार:** टैक्सी कार लूटकर भाग रहे तीन बदमाशों से एसओजी और शारदानगर पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से लूटी गई कार, नकदी, मोबाइल, तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं।

उत्तराखंड के देहरादून जिले के थाना नेहरू कॉलोनी क्षेत्र के गांव निवादा निवासी जमील अहमद टैक्सी चालक है। उसकी टैक्सी लखीमपुर से बुक हुई थी। वह टैक्सी लेकर लखीमपुर आया था, जहां से कुछ सवारियों को देहरादून जाना था। इसी दौरान उसे हलीम अंसारी निवासी किशनपुर बिल्हरिया थाना लहरपुर (सीतापुर), सलमान अंसारी निवासी किशनपुर बिल्हरिया थाना लहरपुर (सीतापुर) और साहिबे आलम निवासी रामापुर नई बस्ती कोतवाली सदर लखीमपुर मिले। पुलिस के मुताबिक हलीम अंसारी ने चालक से कहा कि उनके तीन साथी और पास के गांव से बैठेंगे। इसके बाद तीनों कार में बैठ गए और शारदानगर थाना क्षेत्र की ओर चल पड़े। आरोप है कि रास्ते में तीनों बदमाशों ने तमंचे के बल पर चालक से टैक्सी, मोबाइल फोन और 2500 रुपये की नकदी लूट ली और फरार हो गए। घटना के बाद चालक शारदानगर थाने पहुंचा और पुलिस को पूरी जानकारी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर लूट की रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। कुछ देर बाद बदमाशों की लोकेशन चकई पुल के पास मिली, जिस पर शारदानगर पुलिस ने एसओजी टीम के साथ मिलकर घेराबंदी कर दी।

पुलिस से घिरता देख बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। मुठभेड़ में हलीम अंसारी के दाहिने पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मौके से तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। सीओ सिटी विवेक तिवारी ने बताया कि बदमाशों के कब्जे से लूटी गई टोयोटा कंपनी की कार, 2500 रुपये नकद, मोबाइल फोन, एक तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। घायल बदमाश हलीम अंसारी को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

# महिला दिवस पर किया गया खेलों का आयोजन, बालिकाओं ने दिखाई खेल प्रतिभा

● लालपुर स्टेडियम में दौड़ सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित, विजेताओं को दिए गए पदक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में मेरा युवा भारत व खेलो इंडिया के सहयोग से लालपुर स्टेडियम में खेल का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर की। उन्होंने दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर आरंभ किया। इस दौरान उप क्रीड़ा अधिकारी इरफान और भारतीय योग संस्थान के जिला महामंत्री शिवराम वर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे। आयोजन का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की खेलों में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना, फिटनेस के प्रति जागरुकता बढ़ाना और खेल संस्कृति को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाना रहा। प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ के साथ नींबू दौड़ भी की गई।

प्रतियोगिताएं तीन आयु वर्ग 13 वर्ष से कम, 13 से 18 वर्ष और 18 वर्ष से अधिक में आयोजित हुईं। सभी स्पर्धाएं हॉकी कोच विजय कुमार सिंह और उनकी टीम के मार्गदर्शन में कराई गईं। प्रत्येक स्पर्धा और आयु वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पदक देकर सम्मानित किया। अंत में जिला युवा अधिकारी संकल्प शुक्ला ने अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार जताया। आयोजन में युवा मंडल अध्यक्ष रीतेश वर्मा, अंकित वर्मा, अनुज कुमार, संदीप वर्मा, हर्षित पाल और अमित मौर्य ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।



पुरस्कृत बच्चों के साथ सदर विधायक योगेश वर्मा व अन्य। ● अमृत विचार

### एनएसएस की छात्राओं को बताए अधिकार व कर्तव्य

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** सीजीएन पीजी कॉलेज में प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह के निर्देश पर राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के अधिकार और उनके सशक्तिकरण से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय सभागार में हुई गोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ. विवेक कुमार सिंह ने महिला दिवस की प्रासंगिकता पर अपनी बातें रखते हुए डॉ. केदारनाथ अग्रवाल की बातों को साझा किया तथा विभिन्न क्षेत्रों में छात्राओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्राध्यापक डॉ. अनिल कुमार ने महिलाओं और पुरुषों के बीच विभिन्न कार्यों के बारे में बताते हुए महिलाओं को सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के लिए जोर दिया। संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आदर्श पटेल ने किया। महाविद्यालय की छात्रा हाजरा फातिमा, साक्षी, उमम, सृष्टि, शिवशंकर, कृष्णा, आशीष आदि ने महिला के अधिकारों, महिला सशक्तिकरण से संबंधित अपने विचार रखें। गोशठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं सेविकाएं मौजूद रहीं।



महिला स्वास्थ्य कर्मचारी को सम्मानित करते सीएचसी अधीक्षक। ● अमृत विचार

### महिला स्वास्थ्य कर्मियों का सम्मान

मितौली। अमृत विचार : सीएचसी में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस तथा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के सात वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधीक्षक डॉ. देवेंद्र सिंह ने की। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। अधीक्षक ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, स्टाफ नर्स, एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं को उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार प्रदान किए। डॉ. देवेंद्र सिंह ने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने में महिला स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा मिल रही है और इसमें स्वास्थ्य कर्मियों का योगदान सराहनीय है। कार्यक्रम में बीपीएम मोहम्मद तैयब सिद्दीकी, बीएएम अमित सक्सेना, फार्मासिस्ट सत्येंद्र कुमार वर्मा सहित आदि लोग मौजूद थे।



गोला सीजीएन पीजी कॉलेज की गोष्ठी में मौजूद एनएसएस की स्वयंसेवक और प्राध्यापक।



एसएसबी के कार्यक्रम में मौजूद महिला कार्मिक व संदीक्षा सदस्य। ● अमृत विचार

### विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**पलिया कलां, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर एसएसबी कैंपस में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद महिला कार्मिकों व संदीक्षा सदस्याओं को बताया गया कि वर्तमान समय में इंटरनेट एवं सोशल मीडिया के तेजी से बढ़े उपयोग के चलते साइबर अपराध बढ़ रहे हैं। इससे सतर्क रहकर वे स्वयं, परिवार एवं समाज को सुरक्षित रखें। उधर अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला संगठन (ऐपवा) ने महिलाओं के अधिकार, सम्मान व समानता के मुद्दों को लेकर नगर की सड़कों पर जुलूस निकाल और सभा की गई। जिसे ऐपवा की प्रदेश पदाधिकारी कामरेड कृष्णा अधिकारी, जिलाध्यक्ष आरती राय व सुधा सिंह, मंजू मेहरा, सुनीता सिंह, माधुरी, सुनीता शर्मा, चंदा आदि ने संबोधित किया ।

# कैमरे से भी नहीं मिली बाघ की लोकेशन

● वनकर्मी आसपास के गांवों में जाकर ग्रामीणों को कर रहे सचेत

संवाददाता, बिलहरी

**अमृत विचार:** मोहम्मदी रेंज की बिलहरी बीट के कोटखेरवा गांव में बकरी चराने गई युवती पर बाघ के हमला करने के मामले में वनकर्मियों ने लगे कैमरों में लोकेशन देखी, लेकिन उन्हें बाघ की कोई लोकेशन नहीं मिली। बाघ कैमरे के सामने आया तक नहीं। वनकर्मियों ने कांबिंग कर ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

कोटखेरवा गांव निवासी 18 वर्षीय युवती राजप्रभा पुत्री लालता प्रसाद पर गन्ने के खेत से निकलकर अचानक हमला कर दिया था, जिससे युवती घायल हो गई, घायल युवती का उपचार हो रहा है, जिससे उसकी हालत अब खतरे के बाहर बताई गई है।



कोटखेरबा में लगे कैमरे में लोकेशन देखते वनकर्मी।

बाघ के हमले के बाद वन क्षेत्राधिकारी महेशपुर निर्भय प्रताप शाही के आदेशानुसार बाघ की लोकेशन ट्रेस करने के लिये चार नाइट विजन कैमरे लगाये गये थे, लेकिन दूसरे दिन भी बाघ की लोकेशन कैमरों मे कैद नही हुई है। रेंजर ने बताया कि बाघ की लोकेशन हेतु तीन टीमों का गठन किया गया है, जो तीनां टीमें बिलहरी वन चौकी प्रभारी माया प्रकाश वर्मा और विजय सिंह की अगुवाई मे गांव के आस पास कॉम्बिग कर रही हैं।

वही वन कर्मी आसपास के गांव कपरहा, मूडा, पिपरिया, घरथनिया, कोटबारा, देवकली में जाकर ग्रामीणों को भी सचेत कर रहे है।

# हादसों में महिला समेत दो की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव बबुआ ढखिया निवासी 35 वर्षीय सुंदर लाल शनिवार शाम ईंट भट्ठे से मजदूरी कर बाइक से घर लौट रहा था। अंधरा मोड़ के पास वाहन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उधर, थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव निपनिया निवासी डोरेलाल की 72 वर्षीय पत्नी शांति देवी शनिवार सुबह 11 बजे बंडा दवा लेने पैदल जा रही थी। रास्ते में ट्रक की चपेट में आने से वह गंभीर घायल हो गई। पुलिस ने शांति देवी को जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।

# दहौरा नाला में दहशत फैलाने वाला तेंदुआ पिंजरे में कैद

संवाददाता, धौरहरा

● भूरे हलवाई की जान लेने के बाद इलाके में फैला था खौफ

● वन विभाग की कार्रवाई से ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**अमृत विचार:** वन रेंज धौरहरा के दहौरा नाला क्षेत्र में कई महीनों से आतंक मचा रहे खूंखार तेंदुए को वन विभाग ने रविवार को पिंजरे में कैद कर लिया। 3-4 माह में तीसरी बार है जब वन विभाग टीम को तेंदुए पकड़ने में सफलता मिली है। 9 फरवरी को एक अन्य तेंदुआ को रेस्क्यू किया था।

दहौरा नाला क्षेत्र के आसपास तेंदुए की लगातार सक्रियता से किसानों और ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ था। बीते माह नौ फरवरी को इसी नाले के किनारे खेत में काम कर रहे भूरे हलवाई को तेंदुए ने अपना शिकार बना लिया था। अगले दिन खेतों में अधखाए अवशेष मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया था। तेंदुए के डर से किसानों की आवाजाही कम हो गई थी, जिससे नाले के किनारे झाड़ियां और घना वन क्षेत्र फैल गया था। वहीं, नाले के पास पानी पीने आने वाले छुट्टा गोवंश और जंगली पशु तेंदुए का शिकार बन जाते थे।



दहौरा नाला क्षेत्र में कई महीनों से दहशत फैलाने वाला तेंदुआ पिंजरे में कैद। ● अमृत विचार

वन क्षेत्राधिकारी नृपेंद्र कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में लगातार निगरानी शुरू की और कई स्थानों पर पिंजरे लगाए। रविवार को आखिरकार तेंदुआ पिंजरे में फंस गया, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। किसान रामस्वरूप ने बताया कि वन विभाग की तत्परता से अब बिना डर के खेतों में जा सकेंगे। वहीं अन्य ग्रामीणों ने छुट्टा पशुओं को नाले के किनारे जाने से रोकने की जरूरत बताई। वन विभाग ने भी क्षेत्र में सतर्कता बरतने की बात कही है।

# बाघ ने पड्डे व बछड़े पर हमला कर किया घायल

संवाददाता महंगापुर

● ग्रामीणों के खेतों में काम करने को जाने से मना किया है

**अमृत विचार:** पलिया रेंज के एक गांव मे बीती रात बाघ ने अपने दो बार हमले में पालतू बछड़े व पड्डे पर हमला कर घायल कर दिया। ग्रामीणों द्वारा शोर गुल कर खदेड़ने पर पास के गन्ने के खेत मे भाग गया बाघ। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई ।बाघ की इस घटना से पूरे क्षेत्र मे दहशत का माहौल बना हुआ है।

संपूर्णानगर थाना क्षेत्र के ग्राम गदनिया के पलिया संपूर्णानगर स्थित गांव महिपाल पूर्वा निवासी संजय के यहां रात्रि 1 बजे सबसे पहले बाघ ने बंधे बछड़े पर हमला कर दिया बछड़े का शोर गुल सुन परिजन उठ कर बाघ को देखने पर दंग रह गए। परिजनों ने किसी तरह साहस कर शोर मचाया ।जिसपर बाघ मावेशी को छोड़कर खड़ा हो गया ।जब परिजन व ग्रामीण द्वारा शोर गुल करने पर शेर पास के गन्ने के खेत में भाग गया ।बाघ फिर सुबह तड़के 5 बजे दोबारा इसी घर में बंधे पड्डे पर हमला कर दिया ।फिर परिजनों व ग्रामीणों ने शोर गुल करके बाघ को खदेड़ कर भगाया। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी । पलिया रेंजर विनय कुमार, फारेस्टर राकेश कुमार पटेल सहित वन टीम मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल करते हुए ग्रामीणों के खेतों की और काम आदि हेतु जाने के लिए मना करते हुए पेट्रोलिंग कर लोगों को सतर्क किया गया।

# आठ माह से मानदेय और ईपीएफ नहीं मिला

● मनरेगा कर्मियों ने डीएम और सीडीओ को संबोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंप काली पट्टी बांधकर विरोध शुरू किया

संवाददाता, पसगवां

**अमृत विचार:** मनरेगा कर्मियों ने लंबित मानदेय और ईपीएफ के भुगतान की मांग को लेकर खंड विकास अधिकारी पसगवां को ज्ञापन सौंपा। डीएम और सीडीओ को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) ललित कुमार व ब्लॉक अध्यक्ष जीआरएस अनिल सिंह चौहान ने बीडीओ मोहित कौशिक को उनके कार्यालय में दिया।

ज्ञापन में कहा गया है कि जुलाई 2025 से मनरेगा कर्मियों का मानदेय और ईपीएफ का भुगतान नहीं हुआ है, जिससे कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति गंभीर हो गई है। कर्मचारियों का कहना है कि पहले दीपावली अंधेरे में बीती और अब होली भी फीकी पड़ गई। आर्थिक तंगी के कारण पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाना मुश्किल हो रहा है। विभाग के निर्देशों के अनुसार उन्होंने जनपद के लक्ष्यों की पूर्ति में पूरा योगदान दिया है। मनरेगा कार्यों के अलावा एसआईआर और क्रॉप सर्वे जैसे अतिरिक्त कार्यों में भी सक्रिय भागीदारी निभाई है। सर्वाधिक मानव दिवस सृजित होने से प्रशासनिक मद का सृजन भी अधिक हुआ है, इसके बावजूद भुगतान लंबित है।

ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि मनरेगा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा। काली पट्टी बांधकर आंदोलन शुरू किया गया है। 9 मार्च को उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन, 10 से 15 मार्च तक विधानसभा, विधान परिषद, लोकसभा व राज्यसभा सदस्यों को अवगत कराना व 16 मार्च को जनता दर्शन में मुख्यमंत्री से मिलकर समस्या बताने का कार्यक्रम तय किया गया है। इस दौरान एपीओ ललित कुमार, अनिल सिंह चौहान, सुनील पाठक, महेंद्र कुमार और प्रेम शंकर सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



पसगवां बीडीओ मोहित कौशिक को ज्ञापन देते जीआरएस अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह। ● अमृत विचार

# छह सदस्यीय जांच दल ने गांव जाकर जानी हकीकत

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● सदर कोतवाली क्षेत्र में छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला

**अमृत विचार:** लखीमपुर में एलआरपी पुलिस चौकी क्षेत्र में विगत दिनों कक्षा 11 की छात्रा साक्षी वर्मा की दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला तूल पकड़ रहा है। पटेल संस्थान ने स्वतः संज्ञान लेते हुए एक छह सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल गठित कर छात्रा के मूल गांव भेजा, जिन्होंने पीड़ित परिवार को न्याय का भरोसा दिलाया।

प्रतिनिधि मंडल में पटेल संस्थान गोला के अध्यक्ष पटेल राजीव वर्मा, मंत्री अंकुर वर्मा, अजय वर्मा, संजय वर्मा, सतीश वर्मा, शिवम पटेल नामित दल के साथ ही लखीमपुर संस्थान के अध्यक्ष कौशल किशोर वर्मा, कस्ता मितौली के सत्यपाल वर्मा आदि लोग मृतका के मूल गांव सीतापुर पहुंचकर पीड़ित परिजनों से उनका दुख दर्द जाना। घटनाक्रम की बिंदुवार पड़ताल और पुलिस की भूमिका की जानकारी हासिल की है। प्रतिनिधि मंडल आख्या संस्थान को सौंपेगा। तत्पश्चात संस्थान अग्रिम रणनीति तैयार कर उस पर अमल करेगा। प्रतिनिधि मंडल नें पीड़ित परिवार को हर संभव सामाजिक और प्रशासनिक मदद दिलाकर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। मृतक छात्रा मां और बहन के साथ शहर के एक मोहल्ले में किराए पर रहकर पढ़ाई कर रही थी। छात्रा 24 फरवरी को घर से बैंक जाने के लिए निकली थी। 3 मार्च को अर्धनग्न शव खेत में मिला था। सदर कोतवाली पुलिस की लापरवाही सामने आई थी। इस पर एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने चौकी इंचार्ज एलआरपी डिपल कुमार को निलंबित किया था।

## न्यूज ब्रीफ

### खेत में फसल काटने को लेकर मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के कुम्हेना गांव निवासी ज्ञानवती ने बताया कि उसके करीब डेढ़ बीघा खेत में लाही की फसल खड़ी थी, जिसको लेकर दीवानी मुकदमा न्यायालय में चल रहा है। आरोप है कि शनिवार सुबह करीब 9 :30 बजे गांव पिपरिया मजरा कुम्हेना निवासी बुद्धा, ओमप्रकाश, कौशल और विनोद गुप्ता जबरन खेत में घुसकर फसल काटने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। शोर सुनकर उसके पति रामजीवन और बेटा शिवा बचाने पहुंचे तो आरोपियों ने उन्हें भी पीट दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई विनोद कुमार द्विवेदी को सौंपी है।

### गोद भराई में विवाद युवक की पिटाई

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना ईसानगर क्षेत्र के बिलौली गांव निवासी में गोद भराई कार्यक्रम के दौरान विवाद हो गया। खमरिया थाना क्षेत्र के लालपुर निवासी महेश ने बताया कि वह शनिवार की शाम अपने रिश्तेदारों के साथ बिलौली गांव में गोद भराई कार्यक्रम में शामिल होने आया था। आरोप है कि इसी दौरान गांव के मंजू, इतवारी और दो अन्य लोगों ने विवाद के बाद उसे गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों और लाठी-डंडों से पीट दिया। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 4 जुआरी गिरफ्तार 2800 रुपये बरामद

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली के उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार सिंह, राकेश राय ने मुखबिर की सूचना पर पुलिस बल के साथ पुनर्भूग्रंट गांव में छापा मारकर जुआ खेल रहे देवेंद्र कुमार निवासी डल्लापुरवा, इंद्र सिंह निवासी पुनर्भूग्रंट, गुफरान अली और अजम कुमार निवासी गुप्ता कॉलोनी को दबोच लिया। पुलिस को फड़ पर 2000 रुपये और जुआरियों की तलाशी लेने पर जेब से 800 रुपये बरामद हुये। पुलिस ने चारों का चालान भेज दिया है।

# संस्कृति और सेवा के आधार पर काम करने वाली पार्टी है भाजपा

## होली मिलन समारोह में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद ने किया संबोधित

- पूर्व पदाधिकारियों व सक्रिय कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



भाजपा के होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, नव नियुक्त जिलापध्यक्ष अरविंद गुप्ता और विधायक।

**अमृत विचार:** भाजपा जिला इकाई की ओर से रविवार को वंदन गार्डन में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद रेखा अरुण वर्मा रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी व पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य वासुदेव मौर्य रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने की। समारोह में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को फूलों से होली खेलकर बधाई दी। साथ ही पूर्व पदाधिकारियों व सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि रेखा अरुण वर्मा ने कहा कि भाजपा विचारधारा, संस्कृति और सेवा के आधार पर काम करने वाली पार्टी है, जिसके कारण आज वह विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा में साधारण कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत के बल पर शीर्ष पदों तक पहुंच सकता है। उन्होंने जिले में संगठन को मजबूत करने में पूर्व जिलाध्यक्ष शरद बाजपेई, विनोद मिश्रा और सुनील सिंह के योगदान की सराहना की।

विशिष्ट अतिथि वासुदेव मौर्य ने कहा कि कार्यकर्ताओं के सहयोग से वर्ष 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य जरूर पूरा होगा। पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसा दल है जहां कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि होली मिलन समारोह कार्यकर्ताओं के सम्मान और आपसी सौहार्द को बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया है। संचालन अनुराग मिश्रा ने किया, जबकि समापन जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह ने किया।

इस मौके पर सदर विधायक योगेश वर्मा, पलिया विधायक रोमी साहनी, निघासन विधायक शशांक वर्मा, विधायक सौरभ सिंह सोनू, मंजू त्यागी, विनोद शंकर अवस्थी समेत कई जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। समारोह में पूर्व जिलाध्यक्ष शरद वाजपेयी, सुनील सिंह, विनोद मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, बृजेश सिंह, रामजी मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्र, गोला नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला (रिंकू), लखीमपुर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इंद्रा श्रीवास्तव, मैलानी नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी, निघासन नगर पंचायत अध्यक्ष बद्री मौर्य, डॉ. रमा रमण मिश्रा, नगर अध्यक्ष देवदत्त चड्ढा, अनुपम अवस्थी, दीपक पुरी, कुमुदेश शंकर शुक्ला, लवकुश शास्त्री सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मौसम बदलते ही मच्छरों का कहर

**संवाददाता, भीरा, अमृत विचार:** होली के बाद मौसम में बदलाव आते ही कस्बे में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। लोगों की रातों की नींद खराब रही है और मच्छरों के काटने से मलेरिया व अन्य बुखार के मरीज भी बढ़ने लगे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार सर्दी समाप्त होने के साथ शाम ढलते ही मच्छरों की फौज घरों में घुसने लगती है। इससे बच्चे और युवा सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। मच्छरों के कारण कई लोग मलेरिया, अज्ञात बुखार, बदन दर्द और सिर दर्द जैसी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। इसके साथ ही मौसमी बीमारियां जैसे खांसी-जुकाम भी फैलने लगी हैं। नागरिकों का आरोप है कि नालियों की नियमित सफाई न होने से मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जबकि नगर पंचायत के पास सफाई कर्मियों का पर्याप्त स्टाफ मौजूद है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी डीके शुक्ला का कहना है कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि संबंधित कर्मचारियों से जवाब-तलब किया जाएगा और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कराया जाएगा। वहीं प्रमुख व्यापारी नरेश गुप्ता, सुभाष गोयल, रिंकल जैन और अक्षत गोयल ने चेयरपर्सन प्रतिनिधि संजय शुक्ला से कस्बे में नियमित सफाई के साथ-साथ मच्छरों से बचाव के लिए कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराने की मांग की है।

## गांव सिंगहा कला नवदुर्गा शतचंडी महायज्ञ का आरंभ



जौरहा नदी पर कलशों में जल भरतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, सिंगाही

- सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर निकाली शोभायात्रा
- जौरहा नदी से जल भरकर यज्ञशाला में हुआ कलश स्थापना

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत सिंगहा कला में इस वर्ष भी नवदुर्गा शतचंडी महायज्ञ का आरंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गाजे-बाजे और जयकारों के बीच निकाली गई भव्य कलश यात्रा से हुई।

महायज्ञ के शुभारंभ पर नैमिषारण्य से आए यज्ञाचार्य रामभजन ने विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन-अर्चन कराया। इसके बाद सैकड़ों महिलाओं और कन्याओं ने सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों के बीच कलश यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा सिंगहा कला और सिंगहा खुर्द के मुख्य मार्गों से होते हुए जौरहा नदी मोतीपुर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने पवित्र नदी से जल भरकर वापस यज्ञशाला पहुंचकर विधिपूर्वक कलश स्थापना की। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित, प्रधान प्रत्याशी वीरेंद्र निषाद, पप्पू वर्मा, कमलेश वर्मा, श्याम सुन्दर वर्मा, राम सनेही गुप्ता, मुन्ना लाल शाह, बीडीसी सदस्य जंगूलाल यादव, खगेसुर वर्मा, झब्बूलाल तिवारी, कोटेदार रामखिलावन वर्मा सहित क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु और नागरिक मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा।

## मरघट की जमीन को बनाया जानवरों की कब्रगाह

संवाददाता, बिलहरी



देवकली में मरघट की जमीन पर की गई खोदाई।

- ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के लिए जाते समय होती है दिक्कत

> मरघट की जमीन को गहराई से खोदकर पुलिया के निर्माण में मिट्टी डाल दी है, जबकि मिट्टी दूसरी जगह से लेनी चाहिये थी। आये दिन जानवर उसमे गिरकर चोटहिल हो रहे हैं। **-रामसिंह चौधरी**, ग्राम प्रधान देवकली

> मरघट की जमीन की मिट्टी निकालने की शिकायत उन्हें नहीं मिली है। यदि ग्राम प्रधान ठेकेदार पर कार्रवाई चाहते है तो उचित कदम उठाया जायेगा। **-अवनीश त्रिपाठी** एडीओ पंचायत ब्लाक कुम्भी गोला

**अमृत विचार:** गोला जडौरा बाया कोटबारा मार्ग का चौड़ीकरण करते समय देवकली गांव में लोक निर्माण विभाग के ठेकदार ने सड़क के किनारे मरघट की जमीन गहरी खोदकर गड्ढा कर दिया है, जिसमें पशुओं के गिरने की संभावनाएं बनी हुई हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर भी अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया है।

गतवर्श लगभग नौ किलोमीटर मार्ग का चौड़ीकरण लोक निर्माण विभाग से कराया गया था। इसके निर्माण के दौरान कुछ पुलियों के निर्माण लगभग छः माह बाद कराये गये। इसी रोड पर पडने वाले गांव देवकली में मरघट की जमीन को खोदकर उसमे गहराई से मिट्टी को निकाल कर जानवरों की कब्रगाह बना दी है, जिसमे आये दिन छुट्टा जानवरां की गिरने से मौते भी हो चुकी हैं। देवकली के ग्रामीणों और प्रधान रामसिंह ने कई बार ठेकेदार से मरघट की जमीन को समतलीकरण को लेकर कहा लेकिन ठेकेदार के द्वारा केवल आश्वासन ही दिया गया, जिसको लेकर ग्रामीणों मे रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक के अंतिम संस्कार कराने के लिये जाने पर उन्हें गहरी खाई में गिरने का भय रहता है।

## होली पर यदि ठिठोली न हो तो होली कैसी

संवाददाता, पलिया कलां



सम्मानित किए गए कवि। ● अमृत विचार

- सेवा आश्रम पर देर रात तक बही काव्य रसधार

**अमृत विचार:** होली के उपलक्ष्य में नगर के आध्यात्मिक सेवा आश्रम में विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें अनेक कवियों ने अपनी रससिक्त वाणी से विभिन्न कविताओं का पाठ कर श्रोताओं को देर रात तक खूब गुदगुदाया।

कवि सम्मेलन का शुभारंभ संस्था के संरक्षक व रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष डीके श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया। युवा कवि पवन मिश्र ने अपनी ओजस्वी वाणी में यह वंदना पढ़ी -चाहता है वक्त लेखनी को दूं विराम, कलम की जगह कटार बन जाओ मां। वीर रस के कवि सुखराज सिंह ने अपनी कई सशक्त रचनाएं पढ़ते हुए कहा कि-बहुत हो चुका हिंदू-मुस्लिम, सिख- ईसाई भारत में। गांव -गली, शहरों- कस्बों के हर घर में इंसान बने। शिक्षक एवं कवि टी एन मिश्रा ने कहा कि- होली पर यदि ठिठोली न हो , तो होली कैसी।

वरिष्ठ कवि रामचंद्र शुक्ल ने होली के उपलक्ष्य में ये पंक्तियां पढ़ीं- आम के पेड़ पे बैठि के कोयल, गावत गीत फिरै वरजोरी। गेहूं के बीच खड़ी सरसों,गइ फूलि कहै फिर आइ गई होरी। इसके अतिरिक्त नगर के प्रमुख कवि विजय मिश्रा विजय, यूपी दीक्षित, अंकुर सिंह, शुभम शुक्ला, सोमेश माधव मिश्र आदि ने भी देर रात तक कविताओं का पाठ कर श्रोताओं को खूब लोटपोट किया। कार्यक्रम का संचालन विकास दीक्षित ने किया।

कार्यक्रम के अंत में कुल उपासक आचार्य गोविंद माधव मिश्र ने सभी को अंग वस्त्र ओढ़ा, प्रशस्ति पत्र दे सम्मानित किया। इस मौके पर एडवोकेट गगन मिश्रा, शांति स्वरूप शुक्ला,आशीष अग्निहोत्री, सुनील गुप्ता, संजीव वर्मा शेरा, सुरेश कुमार मिश्रा, ओम प्रकाश कश्यप, अभिषेक मिश्रा आदि बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन
दर्द रहित उपचार
बवासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन
इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

## होली मिलन में सपा ने किया शक्ति प्रदर्शन



कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद आनंद भदौरिया।



कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, मितौली

- समारोह में जुटे नेता-कार्यकर्ता 2027 फतह का भरा जोश
- सांसद आनंद भदौरिया ने संगठन की एकजुटता पर दिया जोर

**अमृत विचार:** कस्ता विधानसभा क्षेत्र के मितौली कस्बे में स्थित सत्यम पब्लिक स्कूल में समाजवादी पार्टी की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन सपा के पूर्व विधायक सुनील कुमार लाला ने किया। जिसमें क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

मुख्य अतिथि धौरहरा लोकसभा क्षेत्र से सांसद आनंद भदौरिया रहे। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर व गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं और मतभेद भुलाकर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की अपील की। कहा कि 2027 का विधानसभा चुनाव पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर मेहनत करें और अधिक से अधिक नए मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल कराएं।

मुख्य अतिथि सांसद आनंद भदौरिया ने कहा कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता ही पार्टी की बड़ी ताकत है। सभी से मतभेद भुलाकर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। संचालन विधानसभा अध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा ने किया। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामखेलावन उर्फ छोटे भैया सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। समारोह में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भीड़ उमड़ी।

## सुंदरकांड का पाठ कर कराया खिचड़ी भोज

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** श्रीमद्भागवत कथा, रामायण कमेटी के मुख्य संरक्षक श्रीराम वाजपेयी, महामंत्री शिवकुमार वाजपेयी के मार्गदर्शन में पांचाल घाट (फर्रुखाबाद) में श्री मद्भागवत कथा के समापन पर हुई हवन की भस्म को गंगा में अर्पित कर सुंदरकांड का पाठ किया। पाठ के बाद आरती, पूजन कर घाट पर खिचड़ी भोज कराया, जिसमें तमाम लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

श्रीमद् भागवत कथा के अध्यक्ष मुनेंद्र शुक्ला, मुख्य आचार्य अमित कुमार मिश्रा, संकटमोचन मंदिर के पुजारी दिवाकर पांडे, शेखर अवस्थी, रामचंद्र राठौर, आदेश गुप्ता, सोनल ने फर्रुखाबाद जिले में स्थित पांचाल घाट पर मां गंगा में हवन की भस्म अर्पित की। श्रीदुर्वासा आश्रम में ऋषियों का सानिध्य प्राप्त किया। गंगा के घाट पर सुंदर कांड का पाठ एवं आरती कर खिचड़ी का प्रसाद वितरित कर ऋषियों का आशीर्वाद लिया।



पांचाल घाट पर ऋषियों का आशीर्वाद लेते श्रीमद् भागवत कथा समिति के लोग।

## सियार के हमले में दो लोग गंभीर रूप से घायल

संवाददाता, बेहजम

- एक दिन पहले भी भैंस को कर दिया था घायल

**अमृत विचार:** इलाके में सियार के हमले से दहशत का माहौल बन गया है। रविवार सुबह खेत जा रहे दो युवकों पर सियार ने अचानक हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। इससे पहले शनिवार को भी सियार ने एक भैंस पर हमला कर उसे घायल कर दिया था।

नीमगांव थाना क्षेत्र के बरुई गांव निवासी सुरेश वर्मा रविवार सुबह गांव के ही शिवा के साथ खेत पर गन्ना छीलने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में झाड़ियों से निकलकर एक सियार ने दोनों पर अचानक हमला कर दिया। सियार ने दोनों युवकों को बुरी तरह नोच डाला, जिससे उनके शरीर पर गहरे जख्म हो गए। युवकों के शोर मचाने पर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख सियार वहां से भाग निकला। इसके बाद परिजनों ने आनन-फानन में दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहजम में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार किया गया। बताया जा रहा है कि शनिवार को भी सरायन नदी के पास मितौली थाना क्षेत्र के डलुआपुर गांव निवासी विजय सिंह की भैंस पर सियार ने हमला कर उसे घायल कर दिया था। लगातार हो रहे हमलों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और लोग खेतों की ओर जाने में भी डर महसूस कर रहे हैं।

## भेदभाव मिटाकर समाज को एक करने का पर्व है होली

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



गोला के ब्लॉक सभागार में होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** ब्लॉक सभागार में अखिल भारतीय पूर्व सैनिकों ने होली मिलन के कार्यक्रम से संदेश दिया कि होली रंगों का त्यौहार है, जो जाति, वर्ग और उम्र के अंतर को मिटाकर समाज को एक साथ लाता है।

रविवार को कुंभी ब्लॉक सभागार में पूर्व सैनिक कृष्ण गोपाल त्रिवेदी की अध्यक्षता में हुए होली मिलन समारोह में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि रंगों का पर्व होली देश की एकता और भाईचारे का प्रतीक है। होली मिलन में लोगों ने एक दूसरे को गुलाल का टीका लगाकर गले मिल, गुझिया खिलाते हुए शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान के बारे में विचार विमर्श किया गया। 22 फरवरी रविवार को पूर्व सैनिक स्वर्गीय दिलीप कुमार वर्मा एवं पूर्व सैनिक विनोद कुमार की पत्नी स्वर्गीय कमला देवी की पुण्य आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। संचालन गजेंद्र प्रसाद वर्मा ने किया। रामसिंह, प्रेमचंद वर्मा, महेश पाल, इंद्रपाल, राजेंद्र प्रसाद, चन्द्रभाल, मिथिलेश अवस्थी, रामहरीश मिश्रा, अजय भानु अवस्थी, लालबिहारी, जगदेव सिंह, प्रेम कुमार, राजेश्वर सिंह, राकेश कुमार वर्मा, खगेश्वर प्रसाद, मनोज कुमार, रघुनंदन प्रसाद, हरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ होली मिलन 15 को

**गोला गोकर्णनाथ।** नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने बताया कि कैंप कार्यालय गौशाला में 15 मार्च रविवार को शाम चार बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ होली मिलन समारोह होगा। उन्होंने नगर वासियों से कार्यक्रम में आने की अपील की है।



**इफ्तार** सोमवार
सुन्नी : 6:15
शिया : 6:16

**सहरी** मंगलवार
सुन्नी : 4:57
शिया : 4:59

# घरों में घुसकर लाठी-डंडों से किया हमला, कई लोग घायल

## कोरैय्या धारा में खूनी संघर्ष: जमकर धारदार हथियार चले, रंजिश में हुई घटना

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


संघर्ष में घायल युवक।


संघर्ष में घायल युवक।


संघर्ष में घायल युवक।

- एक-दूसरे पक्ष के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** कोतवाली सदर की पुलिस चौकी रामापुर के गांव कोरैय्या धारा में रंजिश में दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों के बीच जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले। इस खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों से कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने एक-दूसरे पक्ष के खिलाफ जानलेवा हमला समेत कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। उपचार के लिए घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। घटना के बाद गांव में तनाव व्याप्त है।

ग्राम कोरैय्या धारा निवासी छोटेलाल का कहना है कि पुरानी रंजिश के चलते रविवार की सुबह करीब 8 बजे गांव के मनोज. भंवर सिंह, योगेन्द्र सिंह, रोहित सिंह, गुलजार सिंह, छोटू सिंह व शिवांस सिंह सहित अन्य लोग लाठी-डंडों और लोहे की रॉड लेकर उसके घर में घुस आए। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए छोटेलाल, उसके भतीजे लोकेश और पिता अमित कुमार को बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही हमलावरों ने घर में तोड़फोड़ भी की और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद घायल परिजनों ने किसी तरह अपनी जान बचाकर पुलिस को सूचना दी।

घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। उधर दूसरे पक्ष के मनोज सिंह ने बताया कि बीती 5 मार्च की रात करीब 8:10 बजे गांव के ही मंगल कुमार, अशोक कुमार, गुड्डा, सूरज और छोटेलाल समेत कई लोग लाठी-डंडा और बांका लेकर उसके घर में घुस आए थे। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए मनोज सिंह के साथ मारपीट की। शोर सुनकर बचाने पहुंचे किरन देवी, रोहित सिंह, अभिषेक सिंह, पवन सिंह और अमन सिंह को भी हमलावरों ने पीट दिया। आरोप है कि जाते समय हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी थी।

शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना 05 मार्च को हुई घटना को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े हैं। उनमें जमकर मारपीट हुई है और लाठी-डंडे चले हैं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पक्ष के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों की जानलेवा हमले समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। प्रकरण की जांच एसआई धनंजय शुक्ला को सौंपी गई है।

### गांव में तनाव को लेकर पुलिस सतर्क

गांव कोरैय्या धारा में दो पक्षों के बीच हुए संघर्ष के बाद तनाव व्याप्त है। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। ग्रामीण बड़ी अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। इसको लेकर पुलिस भी सतर्क हो गई है। एहतियातन गांव में पुलिस ने निगरानी और अधिक बढ़ा दी है।

## बैंक से रुपये निकालकर घर पहुंचे फौजी पर हमला

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** कोतवाली तिकुनिया क्षेत्र में बैंक से रुपये निकालकर घर पहुंचे एक फौजी पर कुछ लोगों ने तलवार से हमला कर दिया। उसने पगड़ी उतारकर बेअदबी का भी आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि मारपीट के दौरान उसके एक लाख रुपये भी गायब हो गए। गांव सुथना बरसोला निवासी सर्वजीत सिंह ने बताया कि घटना शनिवार की है। वह तिकुनिया स्थित इंडियन बैंक से एक लाख रुपये निकालकर घर पहुंचे थे। आरोप है कि उसी समय रंजिश के चलते गांव के ही काबुल सिंह, गुरप्रीत सिंह व हरपाल सिंह अपने दो अज्ञात साथियों के साथ लाठी-डंडे और तलवार लेकर वहां पहुंच गए। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उन पर हमला कर दिया और लात-घूसों व डंडों से बेरहमी से पिटाई की। शोर सुनकर उनकी मां बलविंदर कौर मौके पर पहुंचीं और किसी तरह उन्हें बचाया। आरोप है कि हमलावरों ने मारपीट के दौरान पगड़ी उतारकर बेअदबी की और जान से मारने की धमकी भी दी। इसी दौरान पीड़ित के पास मौजूद एक लाख रुपये भी गुम हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई मेघनाथ यादव को सौंपी है।

# महिला को पीटकर घर से निकालने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- 20 लाख रुपये दहेज की मांग पति-सास-ससुर पर प्रताड़ना का आरोप
- मारपीट में उसका एक दांत टूट गया, होंठ फट गया और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं

**अमृत विचार:** दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने और मारपीट कर 4 माह की बेटी के साथ घर से निकाले जाने का आरोप लगाया है। महिला थाना पुलिस ने पति, सास और ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला राजगढ़ लखीमपुर निवासी प्रभजोत सैनी ने बताया कि उसका विवाह 13 अक्टूबर 2019 को गाजियाबाद के इंदिरापुरम निवासी जसमीत सिंह के साथ हुआ था। विवाह में उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया, लेकिन इसके बावजूद पति जसमीत सिंह, ससुर सुरजीत सिंह और सास शशिबाला इससे संतुष्ट नहीं हुए।

पीड़िता का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग लगातार 20 लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहे। परिवार में शांति बनाए रखने के लिए उसके पिता ने समय-समय पर करीब 12 लाख रुपये दे भी दिए, लेकिन इसके बावजूद प्रताड़ना बंद नहीं हुई। आरोप है कि 6 फरवरी 2026 को पति ने शेष 8 लाख रुपये की मांग को लेकर उसे बुरी तरह पीटा, जिससे उसका एक दांत टूट गया, होंठ फट गया और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। किसी तरह बाथरूम में बंद होकर उसने फोन से अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। 9 फरवरी 2026 को उसके पिता ससुराल पहुंचे, लेकिन ससुराल पक्ष ने उसे अपने साथ रखने से साफ मना कर दिया और चार माह की बेटी के साथ केवल पहने हुए कपड़ों में घर से निकाल दिया। पीड़िता का कहना है कि उसने परिवार बचाने के लिए काफी प्रयास किया, लेकिन ससुराल पक्ष उसे रखने को तैयार नहीं है। महिला थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई रामचंद्र पाल को सौंपी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### खेत में बकरियां घुसने किशोर को पीटा

**सिंगाही, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव सिन्हौना निवासी मोहित (16) पुत्र गयाप्रसाद अपने गेहूं के खेत में पानी लगा रहा था। इस दौरान पड़ोस के इरफान पुत्र चुन्ना की करीब 10 बकरियां खेत में घुसकर फसल चरने लगीं। मोहित ने बकरियों को खेत से भगाने की कोशिश की, तभी एक बकरी का बच्चा खेत में लगे तार में फंस गया, जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि बकरी के बच्चे की मौत की जानकारी मिलते ही इरफान और गुफरान आक्रोशित हो गए और लाठी-डंडों से लैस होकर खेत पर पहुंच गए। आरोप है कि दोनों ने खेत में मौजूद मोहित को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, जिससे उसके शरीर पर कई चोटें आईं हैं। घटना की सूचना मिलने पर मोहित के परिजन मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी वहां से फरार हो चुके थे। पीड़ित पक्ष ने सिंगाही थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### दो पक्षों में लाठी-डंडे चले, आठ लोग घायल

**सिंधौली, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव मूड़ा फत्तेपुर में बिजली को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। कटिया डालने के दौरान भगवानदास के घर का बिजली का तार बार-बार हिल जाता था। जिससे उनके घर की बिजली खराब हो जाती थी। इसी बात को लेकर रविवार सुबह दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट में एक पक्ष से राजवीर, अमन, छोटी बिटिया और रामकीरत तथा दूसरे पक्ष सेभगवानदास, छविनाथ, अहिवरन और शीला देवी घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गर्मी की शुरुआत होते ही बिजली कटौती शुरू

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** गर्मी के मौसम की शुरुआत के साथ ही बिजली संकट गहरा गया है, जिससे लोग दिन रात कटौती का सामना कर रहे हैं। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बिजली की आंख मिचौली जारी है, जिससे आम उपभोक्ता त्रस्त है। बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा फोन न उठाने से भी परेशानी बढ़ रही है। ज्यादातर सीयूजी नंबर व्यस्त या स्विच ऑफ ही रहते हैं।

गर्मी का मौसम शुरू होते ही बिजली की भी आंख मिचौली शुरू हो गई है। रात हो या दिन में किसी भी समय घंटों के लिए आपूर्ति ठप कर दी जाती है। विद्युत कटौती से लोग अभी परेशान होने लगे हैं। उनका कहना है कि अभी तो शुरुआत है आगे मई, जून की भयंकर गर्मी में विद्युत आपूर्ति इस तरह बाधित होगी तो लोग परेशान हो जाएंगे। दिन में लाइन सुधार कार्य के नाम पर और रात में लोकल फाल्ट के चलते मोहल्लों की बिजली कट की जा रही है।

बिजली विभाग भले ही बेहतर विद्युत आपूर्ति के दावे करे, लेकिन गर्मी शुरू होते ही उसके सारे दावे फेल हो जाते हैं। बिजली विभाग ने पूरे वर्ष दिन में घंटो सप्लाई बंद कर नगर में लाइन दुरुस्त की, नई केबल डाली, नए पोल लगवाए गए और वादा किया कि गर्मी के मौसम में बेहतर आपूर्ति के लिए तार आदि बदले जा रहे हैं। अब गर्मी शुरू होते ही बिजली विभाग के सारे दावे फेल नजर आ रहे हैं। बिजली की आंख मिचौली से लोग बेहाल हैं।

### डीएम के निर्देश के बावजूद भी नहीं उठते सीयूजी फोन

गोला गोकर्णनाथ। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बिजली विभाग के कर्मचारी और अधिकारियों को फोन न उठाने की शिकायत मामले में सख्त निर्देश भी जारी कर विभाग के उच्च अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपभोक्ताओं को शिकायत के लिए दिए गए नंबर तत्काल उठाया जाए और नंबर न उठाए जाने की शिकायत प्राप्त होने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। फिर भी जेई से लेकर एसडीओ और एक्सईएन के नंबर नहीं उठते हैं। सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए सीयूजी नंबर ज्यादातर नंबर व्यस्त या स्विच ऑफ ही बताया करते हैं। उपभोक्ताओं के फोन करने पर सीयूजी नंबर बंद मिलता है। कभी कभार फोन उठा भी लिया गया तो फाल्ट के कारण आपूर्ति बाधित होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया जाता है। बिजली विभाग का टोल फ्री नंबर 1912 पर भी कंप्लेंट करने पर केवल शिकायत नंबर मैसेज के जरिए प्राप्त हो जाता है पर कोई कार्रवाई नहीं होती।

## आत्महत्या के लिए प्रेरित करने पर तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रोजा थाना क्षेत्र के गांव पींग निवासी महेश सिंह रिपोर्ट दर्ज कराई की उसका बेटा गौरव 3 मार्च को अपने भाई और दोस्तों के साथ होली की लकड़ी काटने गया था लकड़ी काटते समय गांव के ही बाल किशन साजन और राहुल से विवाद हो गया था। घटना के बाद आरोपियों ने उसके बेटे को झूठे मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी दी थी। उसका बेटा गौरव इतना डर गया था की, उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया। पुलिस टीम में थाना प्रभारी राजीव कुमार, दरोगा सौरभ शुक्ला आदि स्टाफ शामिल था।

# जिला पंचायत सदस्य ने कराया रोजा इफ्तार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ


गोला के रोजा इफ्तार पार्टी में मौजूद रोजेदार। ● अमृत विचार

- रोजेदारों ने की देश में अमन चैन तरक्की तथा आपसी भाईचारे की दुआ

**अमृत विचार:** पवित्र रमज़ान माह में नगर के ईदगाह मैदान में जिला पंचायत सदस्य वारिस अली अंसारी ने रोज़ा इफ्तार कराया। इफ्तार के समय एक साथ रोज़ा खोला और देश में अमन चैन, तरक्की तथा आपसी भाईचारे की दुआ की।

रोजा इफ्तार में सांसद उत्कर्ष वर्मा, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल यादव, पूर्व विधायक विनय तिवारी आदि अतिथियों ने रमज़ान के पवित्र महीने की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया। अंत में सभी ने मुल्क में शांति और खुशहाली के लिए सामूहिक दुआ की। इफ्तार में पूर्व महासचिव नरेश यादव, पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा, पलिया विधान सभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी प्रीतिंदर सिंह कक्कू, संजीव कुमार मुन्ना, जिला पंचायत सदस्य कैसर आलमी, क्षेत्र पंचायत सदस्य इश्तियाक खान, क्षेत्र पंचायत सदस्य गुड्डू, खुर्शीद खान, मौलाना जियाउल हक, मौलाना अहसान अली नूरी, मौलाना गफ्फार हादी, फूल सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में उलमा ए किराम और रोज़ेदार मौजूद रहे।

# एक ही रात में दो स्थानों से हजारों की चोरी

संवाददाता, केशवापुर

- किराना की दुकान से 30 हजार का सामान गायब
- गन्ना कोल्हू परिसर से जनरेटर और 15 बोरी खाद चोरी

**अमृत विचार:** हैदराबाद थाना क्षेत्र की अजान चौकी के सुहेला गांव में बेखौफ चोरों ने पुलिस गश्त की पोल खोलते हुए एक ही रात में दो चोरियों को अंजाम दिया है। गांव के बाहर एक किराना दुकान से 30 हजार रुपये का सामान चोरी हुआ, वहीं गांव में ही स्थित गन्ना कोल्हू परिसर से अल्टीनेटर, खाद की बोरियां और अन्य सामान चोरी कर ले गये। इन वारदातों ने स्थानीय पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ही रात में हुई चोरी की दो घटनाओं से गांव वालों में चोरों का भय फैला है।

गांव सुहेला निवासी अक्षय अवस्थी की गांव के बाहर सीएचसी के सामने किराना की दुकान है। शनिवार की शाम अक्षय हमेशा की तरह अपनी दुकान बंद करके घर चले गए। सुबह जब वह अपने भाई पुष्कर अवस्थी के साथ दुकान खोलने पहुंचे, तो शटर उठाते ही दुकान के अंदर सामान बिखरा हुआ मिला। पीछे की दीवार में सेंध लगी देखकर उनके होश उड़ गए। दुकान में रखी छह बोरी ऑरेंज चावल, छह बोरी डायमंड चावल, एक बोरी चीनी, रिफाइंड तेल की आठ पेटियां और पांच किलो काजू सहित कुल करीब 30 हजार रुपये का सामान चोरी हो गया।

अक्षय अवस्थी ने यूपी 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। पीड़ित ने अजान चौकी पुलिस को तहरीर दी है। वहीं दूसरी घटना में इसी रात चोरों ने गांव में ही कमल गुप्ता उर्फ चिंकू के घर के सामने लगे गन्ना कोल्हू परिसर को निशाना बनाया। चोरों ने अल्टीनेटर और गोदाम का शटर तोड़कर गोदाम से खाद की 15 बोरी, छह चारपाइयां और अन्य कई सामान चोरी कर ले गए। सुबह जब ग्रामीणों ने परिसर में सामान बिखरा देखा तो कमल गुप्ता उर्फ चिंकू को सूचना दी।

मौके पर पहुंचे कमल गुप्ता ने देखा कि उनका जनरेटर और गोदाम में रखा सारा सामान गायब है। कमल गुप्ता उर्फ चिकू ने इस मामले में पुलिस को तीन लोगों के खिलाफ चोरी की नामजद तहरीर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पुलिस गश्त की कमी के चलते चोरों के हौसले बुलंद हैं और आए दिन क्षेत्र में चोरी की वारदातें हो रही हैं। एक ही रात में दो अलग-अलग जगहों पर हुई इन चोरियों ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीण अब अपनी और अपनी संपत्ति की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और पुलिस से प्रभावी कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

# आरोग्य मेले में 65 मरीजों का किया गया उपचार

संवाददाता, मझगईं

**अमृत विचार:** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छेदुई पतिया में रविवार को आयोजित आरोग्य मेले में 65 मरीजों का उपचार किया गया। शिविर में पहुंचे मरीजों की जांच कर उन्हें दवाएं निःशुल्क वितरित की गईं।

मेले के दौरान 11 मरीजों की विभिन्न जांचें की गईं, जिनमें मलेरिया, टाइफाइड, शुगर और हीमोग्लोबिन की जांच शामिल रही। चिकित्सकों के अनुसार पांच बच्चे खांसी व बुखार से पीड़ित पाए गए, जबकि अन्य करीब 60 मरीज खांसी, बुखार, दमा और एलर्जी जैसी मौसमी बीमारियों से संबंधित थे। सभी मरीजों को अस्पताल से निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान चिकित्सक डॉ. शोएब खान ने मरीजों को बदलते मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव के उपाय बताते हुए साफ-सफाई रखने, दूषित पानी से बचने और समय पर उपचार कराने की सलाह दी। आरोग्य मेले में एएनएम विनीता राय, आशा कार्यकर्ता लक्ष्मी देवी, वार्ड बॉय नरेंद्र कुमार, लैब टेक्नीशियन संघ प्रकाश सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।


मरीज देखते डॉक्टर शोएब खान।

# आध्यात्मिक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुई

**धौरहरा, अमृत विचार:** संत गोस्वामी तुलसीदास की रचनास्थली श्रीराम वाटिका धाम में चल रहे श्री संत तुलसीदास महोत्सव एवं 27 लाख श्रीराम नाम जप महायज्ञ के दौरान रविवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर मंत्रोच्चार के बीच आहुति दी। साथ ही सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया।

रामवाटिका धाम में चल रहे श्रीराम नाम जप महायज्ञ में यज्ञाचार्य पं. राजेश शास्त्री ने जनकल्याण की कामना से 11 हजार यज्ञाहुतियां डलवाईं। बरसाना से आए कलाकारों ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मंचन किया। कलाकारों ने पूतना वध, शिव तांडव और मयूर नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा व्यास देवेंद्र व्यास (वृंदावन) ने श्रीकृष्ण भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। श्रीराम वाटिका धाम उत्थान समिति की ओर से आध्यात्मिक प्रतियोगिता में कक्षा पांच से स्नातक स्तर तक के करीब 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा प्रभारी के रूप में योगेंद्र मिश्रा, संदीप तोमर, जुगुल किशोर धूरिया, रिया, शुभम पांडे, शिवम पांडे, सुरजीत यादव और दिलीप रस्तोगी ने परीक्षा संपन्न कराई। यहां भगौती प्रसाद शुक्ला, प्रबंधक रामकुमार शर्मा, दिलीप शर्मा, योगेंद्र मिश्रा, श्याम बाबू शुक्ला आदि मौजूद रहे।


प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। ● अमृत विचार


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्रों कृष्णा व विष्णु को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारा उनसे कोई वास्ता नहीं होगा। **श्याम बिहारी पुत्र श्री कुन्दन लाल एवं श्रीमती सुनीता देवी पत्नी श्याम बिहारी निवासीगण ग्राम मुड़िया अहमद नगर थाना इज्जतनगर जिला बरेली।**

**Asim College of Law**
Meera Sarai Sheikhupur Road, Budaun (UP)
**Requirement**
**Principal**
Eligibility: LL.M. and Ph.d. with 15 Years Teaching Experience
**Assistant Professor (Law)**
Eligibility: LL.M. and Ph.d. or NET
**Assistant Professor (B.A.)**
Subjects: Sociology, Political Science, Economics, English and History
Eligibility: M.A. and Ph.d. or NET
Interested candidate may submit their updated Resume along with relevant documents within15 days.
**Note:** Kindly send the resume at career.asmdc@gmail.com and mentioned the post of the SUBJECT column.
Ph. No. 724990233, 9410643446

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


**लापरवाही** सदर में दुष्कर्म के बाद हत्या, सिंगाही में मूक-बधिर थारू बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म, लगातार हत्याओं और घटनाओं से दहशत में लोग

# जिले में अपराध की आंधी, हत्या-दुष्कर्म से कानून व्यवस्था ध्वस्त, सुरक्षा को लेकर उठे सवाल

टीएन अवस्थी, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले में इन दिनों अपराध की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं। एक महीने में हत्या, दुष्कर्म और चोरी जैसी संगीन वारदातों के लगातार होने से जिले में दहशत का माहौल है। सदर कोतवाली क्षेत्र में छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या और सिंगाही में मूक बधिर थारू बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना ने जिले को झकझोर दिया है। इसके साथ हाल ही में ताबड़तोड़ हत्या की वारदातों से भी लोग दहल उठे हैं। बढ़ती संगीन वारदातों ने जिले की कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

सदर कोतवाली क्षेत्र में 16 वर्षीया छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में सदर कोतवाली पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई थी। 24 फरवरी को लापता हुई छात्रा के परिजनों ने अगले दिन गुमशुदगी दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस ने प्रेम-प्रसंग में जाने की आशंका जताते हुए कोई कदम नहीं उठाए। नतीजतन छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। उसका शव तीन मार्च को खेत में पड़ा बरामद हुआ था।

गुमशुदगी के मामलों में ढुलमुल रवैया अपनाने वाली पुलिस ने शव मिलने के बाद तेजी दिखाई थी और दो घंटे के भीतर सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया था।

एसपी ने इस मामले में चौकी इंचार्ज एलआरपी डिंपल कुमार को निलंबित कर दिया था। इससे पूर्व 28 फरवरी को थाना सिंगाही क्षेत्र में मूक बधिर थारू बालिका से सामूहिक गैंगरेप की घटना ने सभी को झकझोर दिया था। हालांकि पुलिस ने घटना में शामिल दोनों आरोपियों को हॉफ एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया था। महिला अपराधों को लेकर जिले की पुलिस कितना सक्रिय रही। इसकी बानगी थाना फरधान में 23 फरवरी को अपहरण के बाद महिला की हत्या मामले में भी सामने आई थी। हाथ पर हाथ धरे बैठी रही पुलिस ने उसकी कोई तलाश नहीं की। छह दिन बाद उसका अर्धनग्न अवस्था में शव बरामद हुआ था। हालांकि इस मामले में दो दिन पहले एसपी ने कार्रवाई करते हुए एक दरोगा व दो सिपाहियों को निलंबित किया था।

जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हत्या और लूट, चोरी की घटनाओं का सिलसिला भी लगातार जारी है। आए दिन सामने आ रही वारदातों से आम लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अपराधियों में पुलिस का खौफ कम होता जा रहा है, जिसके चलते इस तरह की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी मामलों की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

### इनकी हुई हत्या

**9 फरवरी 2026 :** थाना मितौली क्षेत्र के गांव लल्हौआ निवासी किराना व्यापारी की गोली मारकर हत्या।

**21 फरवरी 2026 :** थाना फरधान क्षेत्र के गांव खेतौसा निवासी सोनू (20) की धारदार हथियार से हत्या।

**27 फरवरी 2026 :** धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के गांव मैला कलुआपुर में व्यक्ति का शव खेत में मिला।

**28 फरवरी 2026 :** थाना फरधान क्षेत्र में महिला की धारदार हथियार से हत्या। अर्द्ध नग्न हालत में मिला शव।

**2 मार्च 2026 :** थाना मझगईं क्षेत्र के गांव विष्णुपुर निवासी रमेश कुमार (28) की धारदार हथियारों से हत्या।

**3 मार्च 2026 :** सदर कोतवाली क्षेत्र में 16 वर्षीया छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या।

**6 मार्च 2026 :** थाना भीरा के नौशर जोगी गांव में युवक की पीट-पीटकर हत्या।

### यह हुई लूट व बड़ी चोरियां

**7 फरवरी 26 :** थाना नीमगांव के गांव दौदापुर में 50 लाख की चोरी

**16 फरवरी 26 :** थाना व कस्बा मझगईं निवासी इबरार शाह के घर से लाखों की चोरी

**15 फरवरी 26 :** की रात थाना व कस्बा पलिया के मोहल्ला टेहरा में शिक्षक के घर से लाखों की चोरी।

**16 फरवरी :** थाना फरधान क्षेत्र में कोरैय्या चमरू निवासी रोहित कुमार से कार सवारों ने की लूटपाट।

**21 फरवरी 26 :** थाना पसगवां क्षेत्र में दूधिए सुनील यादव को लोहे की रॉड मारकर लूट।

**21 फरवरी 26 :** मोहम्मदी की बरवर पुलिस चौकी के मोहल्ला सुभाष नगर में सोनू के घर चोरी।

23 फरवरी 26 : थाना खमरिया के गांव ऐरा निवासी कासिम व राजेश के घर से लाखों की चोरी।

24 फरवरी 26 : शहर के मोहल्ला ईदगाह निवासी शुभम सिंह के घर लाखों की चोरी।

24 फरवरी 26 थाना शारदा नगर में ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक से तमंचा दिखाकर लूट।

3 मार्च 26 : थाना भीरा क्षेत्र में ब्रह्मबाबा स्थान के पास परचून की दुकान से लाखों की चोरी।

> जिन प्रकरणों में लापरवाही बरती गई। उन मामलों में दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई है, जो अभी भी जारी है। जिन घटनाओं का खुलासा नहीं हुआ है। उनमें टीमें लगी हैं। कानून व्यवस्था को लेकर सभी थानेदारों को सख्त हिदायत भी दी गई है।
>
> -डॉ. ख्याति गर्ग, एसपी

## खिलाड़ी के साथ मारपीट, दी धमकी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मयूर स्पोर्टिंग क्लब के राजेश खन्ना मयूर ने बताया कि रविवार को एक अकादमी के छात्रों ने कैंट में खेल मैदान पर पिच को फुटबॉल खेलकर खराब कर दिया। जब उन्होंने छात्रों को ऐसा करने से रोका तो उन्होंने गालियां और धक्का देते हुए हाथापाई शुरू कर दी। इतना ही नहीं छात्रों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। मयूर ने इस पूरी घटना पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पर अपना वीडियो भी जारी किया।

मयूर के साथ मारपीट के दौरान जब वहां कई क्रिकेट खिलाड़ी जमा हुए तो मारपीट करने वाले छात्र वहां से भाग गए। मयूर ने इस घटना के बारे में छावनी परिषद के अधिकारियों को अवगत कराते हुए मामले में कार्रवाई कर मांग की है। मयूर ने बताया कि कैंट की पिच उन्होंने क्रिकेट खेलने के लिए काफी पैसा लगाकर तैयार कराई थी। छात्रों ने सारी पिच बर्बाद कर दी।

# अग्निवीर भर्ती : अभ्यर्थियों के लिए प्रशासन ने की व्यापक तैयारी

### जाट रेजिमेंट केंद्र में 11 से 19 मार्च तक होगी भर्ती, दूसरे जिलों से रोजाना पहुंचेंगे हजारों अभ्यर्थी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- भर्ती में आए युवकों के ठहराव को छह स्थायी और पांच अस्थायी शेल्टर होम किए गए तैयार
- बाकरगंज, सैदपुर हॉकिंस, पटेल चौक समेत कई स्थानों पर अस्थायी ठहराव की व्यवस्था

**अमृत विचार :** अग्निवीर भर्ती रैली को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। जाट रेजिमेंट केंद्र में 11 से 19 मार्च तक चलने वाली इस भर्ती रैली में रुहेलखंड क्षेत्र समेत आसपास के करीब दर्जनभर जिलों से प्रतिदिन हजारों युवाओं के पहुंचने की उम्मीद है। युवाओं की भारी संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन और नगर निगम ने उनके ठहरने और मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया है। प्रशासन का प्रयास है कि भर्ती में शामिल होने आने वाले अभ्यर्थियों को शहर में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर नगर निगम ने शहर में छह स्थायी और पांच अस्थायी शेल्टर होम तैयार किए हैं। इन शेल्टर होम में एक साथ सैकड़ों अभ्यर्थियों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने अलग-अलग अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय कर दी है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि भर्ती रैली के दौरान सभी व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जाए। अस्थायी शेल्टर होम शहर के कई प्रमुख स्थानों पर बनाए गए हैं। इनमें बाकरगंज, सैदपुर हॉकिंस, बदायूं रोड, पटेल चौक और चौपुला चौराहा शामिल हैं, जहां बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों के लिए रुकने के विशेष इंतजाम किए गए हैं। इसके अलावा पुराना रोडवेज बस स्टैंड, हरूनगला, छोटी बिहार, सेटेलाइट बस स्टैंड, डेलापीर मंडी और प्रेमनगर क्षेत्र के स्थायी शेल्टर होम को भी भर्ती रैली के मद्देनजर तैयार किया गया है। इन स्थानों पर दूर-दराज से आने वाले युवाओं को सुरक्षित और व्यवस्थित ठहरने की सुविधा दी जाएगी। नगर निगम की टीमें साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी कर रही हैं। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि अग्निवीर भर्ती रैली में आने वाले युवाओं की सुविधा को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि वे बिना किसी परेशानी के भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकें।

### शेल्टर होम में रजाई-गद्दे, पेयजल और शौचालय की होगी सुविधा

अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने शेल्टर होम में व्यापक इंतजाम किए हैं। यहां ठहरने वाले युवाओं के लिए रजाई-गद्दे, स्वच्छ पेयजल और साफ-सुथरे शौचालय की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही रोशनी, बैठने की व्यवस्था और प्राथमिक चिकित्सा जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। नगर निगम की टीमें लगातार इन व्यवस्थाओं की निगरानी कर रही हैं। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि सभी शेल्टर होम में साफ-सफाई, सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, जिससे युवाओं को आरामदायक और सुरक्षित माहौल मिल सके।

## तमंचे के साथ युवक का वीडियो वायरल

**पुवायां, अमृत विचार :** नगर के एक युवक का देसी तमंचे के साथ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आ गया है। मोहल्ला कुरगंजा निवासी हरिओम पुत्र मिट्ठूलाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि होली के दिन मोहल्ला तकिया निगोही रोड निवासी एक युवक उसके घर आया और उसके छोटे बेटे ओम के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। कुछ देर बाद वह अपने अन्य साथियों के साथ दोबारा आया और बड़े बेटे अतुल के साथ भी मारपीट की। पीड़ित के अनुसार अतुल नगरपालिका में सफाई कर्मी है और सुबह तड़के काम पर जाता है, जिससे उसे जान का खतरा बना हुआ है। इस बीच आरोपी युवक का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह हाथ में तमंचा लेकर रील बनाते दिखाई दे रहा है। बताया गया कि यह वीडियो आरोपी ने खुद अपनी आईडी से वायरल किया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर रवि करन सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# निजी अस्पताल में एक साथ तीन बेटियों को दिया जन्म



निजी अस्पताल में नवजात बच्चियों के साथ मौजूद परिवार के सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, सिंधौली

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव पांता निवासी मजदूर रामनरेश की पत्नी हेमा ने कस्बे के एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन के बाद एक साथ तीन बेटियों को जन्म दिया। इसके बाद रामनरेश अब पांच बेटियों के पिता बन गए हैं।

परिजनों के अनुसार प्रसव पीड़ा होने पर बीती रात हेमा को कस्बे के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां ऑपरेशन के बाद तीन बच्चियों का जन्म हुआ। जच्चा और तीनों नवजात बच्चियां स्वस्थ बताई जा रही हैं। रामनरेश के परिवार में पहले से ही चार वर्ष की परी और एक वर्षीय चांदनी नाम की दो बेटियां हैं। अब तीन बेटियों के जन्म के बाद परिवार में कुल पांच बेटियां हो गई हैं। रामनरेश ने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है और वह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है। सभी लोगों को बेटे की उम्मीद थी, लेकिन अब एक साथ तीन बेटियों के जन्म से परिवार की जिम्मेदारियां और बढ़ गई हैं। महिला दिवस के दिन तीन बेटियों के जन्म की यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## क्षेत्रीय कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स
193-ए, सिविल लाइन्स बरेली मण्डी बरेली

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मोहम्मद शहीद पुत्र श्री मोहम्मद उमर द्वारा चंदपुर बिचपुरी नूरी मस्जिद कब्रिस्तान इंतेजामिया कमेटी, ग्राम चंदपुर बिचपुरी तहसील व जिला बरेली के मुतवल्ली की हैसियत से पंजीकण हेतु सोसा. रजि. 1860 के अन्तर्गत ऑनलाईन पंजीकरण शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त संस्था के स्मृति पत्र व नियमावली में निम्नलिखित पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये है।

| क्र.सं. | नाम/पिता/पति का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | जाबिर पुत्र शाबीर | सदर |
| 2. | मुश्ताक अहमद पुत्र अब्दुल मजीद | नयब सदर |
| 3. | मोहम्मद शहीद पुत्र मोहम्मद उमर | मुतवल्ली |
| 4. | तस्लीम आरिफ पुत्र मोहम्मद रजा | खजांची |
| 5. | शकील पुत्र अखबार अली शाह | सदस्य |
| 6. | जाबिर अली पुत्र अखबार अली शाह | सदस्य |
| 7. | जहरउद्दीन पुत्र करीमबख्श | सदस्य |
| 8. | इसरार पुत्र इमामुद्दीन | सदस्य |
| 9. | मो. हुसैन अंसारी पुत्र मुंशी | सदस्य |
| 10. | अफसर पुत्र उस्मान | सदस्य |
| 11. | इम्तियाज मंसूरी पुत्र मो. मुसताक मंसूरी | सदस्य |

उपरोक्त संस्था के पंजीकरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर इस कार्यालय को दस्तावेजी साक्ष्यों एवं फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र सहित आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है। उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सोसा. रजि. अधि. 1860 की धारा 3(1) के ''परन्तुक'' के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

**सहायक रजिस्ट्रार, बरेली**

### भाजपा पार्षद पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** शिक्षिका पत्नी ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट करने और प्रताड़ित करने का लगाया आरोप पार्षद की जून 2023 में हुई थी शादी, इज्जत नगर पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच।

**नोटिस वजहआम (आमतौर पर)**
**व अदालत सिविल जज (जू.डि.) महोदय, बीसलपुर पीलीभीत**
**विविध वाद संख्या-34 सन् 2025**

1. मोहन लाल गंगवार पुत्र लालता प्रसाद निवासी ग्राम बहादुरपुर हुक्मी परगना व तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत। 2. उमेश कुमार पुत्र मुक्ता प्रसाद निवासी ग्राम बहादुरपुर हुक्मी परगना व तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत 3. जितेन्द्र कुमार पुत्र मुक्ता प्रसाद निवासी ग्राम बहादुरपुर हुक्मी परगना व तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत। .....प्रार्थी
1. भूपराम पुत्र बुद्धप्रकाश निवासी ग्राम बहादुरपुर हुक्मी परगना व तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत 2. उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा जिलाधिकारी पीलीभीत 3. आम जनता विपक्षी

चूंकि मुसम्मी उपरोक्त ने आपके नाम एक दरखास्त इस अदालत में गुजरनी है कि लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप दिनांक 30.04.26 हाजिर अदालत होकर दरखास्त हाजा के खिलाफ वजह दिखाये बरना गैर हाजिरी में दरखास्त हाजा समाअत की जावेगी। आज दिनांक 07.03.2026 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**सिविल जज (जू.डि.) बीसलपुर पीलीभीत**

## पुलिस कर्मी बनकर युवती का अपहरण करने पहुंचे युवक

**बरेली, अमृत विचार :** पुलिसकर्मी बनकर युवकों ने युवती का अपहरण करने के लिए जबरन कार में खींचने का प्रयास किया। विरोध करने पर युवती के साथ मारपीट की। इसमें युवती के चोटें आईं। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। कैंट थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती ने बताया कि वह क्षेत्र की मीट फैक्ट्री में काम करती है। युवती ने बताया कि मीट फैक्ट्री में ही काम करने वाला आमिर निवासी लबेड़ा काफी समय से उसे परेशान कर रहा है। युवती का आरोप है कि फैक्ट्री आते-जाते समय आरोपी आमिर उसका पीछा करके अभद्र टिप्पणी करता है। युवती ने बताया कि शनिवार दोपहर 2 बजे उसके पास आमिर के साथी अयान का फोन आया। इस पर अयान ने कहा कि वह पुलिस से बोल रहा है। उसने पूछा तुम कहां हो, युवती ने कहा कि वह घर पर है। उन्होंने कहा कि बाहर निकलकर आइये, कुछ पूछताछ करनी है। आरोप है कि वह पुलिसकर्मी समझकर घर से बाहर आ गई, लेकिन बाहर जाकर देखा तो पता लगा कि आमिर और उसका साथी अयान दो अन्य अज्ञात लोगों के साथ कार लेकर खड़े हैं। उसे जबरन कार में बैठाने का प्रयास करने लगे। कार में बैठने का विरोध करने पर उसके साथ गाली गलौज करके मारपीट की गई। जिससे उसके चेहरे पर काफी गुम चोटें आई हैं। युवती के शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। युवती की तहरीर पर कैंट पुलिस ने आमिर, अयान और दो अन्य अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# भागवत महिमा और नारद-व्यास संवाद का किया वर्णन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वृंदावन के आचार्य डॉ. दामोदर दीक्षित ने किया मंगलाचरण
- 15 मार्च को भंडारा व प्रसाद वितरण के साथ होगी पूर्णाहुति

**अमृत विचार:** चित्रा टाकीज में रविवार से श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा की पूर्णाहुति 15 मार्च को भंडारा और प्रसाद वितरण के साथ होगी। प्रथम दिवस की कथा का शुभारंभ वृंदावन से पधारे कथा व्यास आचार्य डॉ. दामोदर दीक्षित ने श्रीमद्भागवत के मंगलाचरण की व्याख्या के साथ किया।

कथा में आचार्य डॉ. दामोदर दीक्षित ने ईश्वर को सत्य और घर-घर में वास करने वाला बताते हुए कई उदाहरण दिए। उन्होंने कहा कि जैसे एक घड़ा बनाने के लिए मिट्टी, पानी, आग और हवा जैसे पांच तत्वों की आवश्यकता होती है और घड़ा बनने के बाद कुम्हार उससे अलग हो जाता है, लेकिन परमात्मा इस पंचभूतों से बने संसार की रचना करने के बाद उससे अलग नहीं होता, बल्कि हर क्षण उसके साथ रहता है। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत भगवान का शरीर है और इसके रस का पान करने वाला व्यक्ति आनंद प्राप्त करता है। कथा क्रम में उन्होंने नारद और व्यास का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि एक बार नारद व्यास के पास पहुंचे और उनसे पूछा कि वेदों को चार भागों में विभाजित करने और सामान्य जन तक पहुंचाने के बाद भी वे अशांत क्यों दिखाई दे रहे हैं। तब व्यास ने बताया कि उन्हें अभी भी संतोष नहीं मिला है। इस पर नारद ने भगवान के साकार रूप और लीलाओं का वर्णन करने की सलाह दी। नारद के परामर्श से व्यास ने श्रीमद्भागवत महापुराण की स्थापना की, जिसके बाद उन्हें शांति प्राप्त हुई।

आचार्य ने आगे बताया कि इस कथा के श्रवण और वाचन से श्रोताओं और भक्तों को भी शांति और आनंद मिलता है। उन्होंने नारद के पूर्व जन्म की कथा भी सुनाई और बताया कि पूर्व जन्म में वह एक दासी के पुत्र थे, लेकिन संतों की संगति मिलने से देवर्षि के रूप में प्रतिष्ठित हुए। कथा के दौरान परीक्षित के जन्म की कथा का भी विस्तार से वर्णन किया गया।

उन्होंने बताया कि मरणधर्मी प्राणी को जीवन में क्या करना चाहिए, इसे खटकाग नामक राजा की कथा के माध्यम से समझाया गया। उन्होंने भगवान के विराट स्वरूप और उसकी आराधना की विधि का भी वर्णन किया और बताया कि विराट स्वरूप का ध्यान करने से रोग और द्वेष का अभाव हो जाता है तथा मन में किसी के प्रति विशेष लगाव या द्वेष नहीं रहता। कार्यक्रम के प्रारंभ में खन्ना परिवार के पुरोहित पंडित अनंतराम ने श्रीगणेश, नवग्रह, श्रीमद्भागवत और देव पूजन कराया। श्रीमती सुधा मेहरा, ध्रुव मेहरा, जय प्रकाश खन्ना, रोली खन्ना और खन्ना परिवार के अन्य सदस्यों ने व्यास गद्दी पूजन कर आचार्य और मंचासीन विद्वानों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। पंडित रामदुलारे त्रिगुनायत ने भरत चरित का धार्मिक वर्णन किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य रामानंद दीक्षित ने किया। मुख्य यजमान कमलेश कुमार खन्ना ने भाव-विभोर होकर कथा श्रवण किया।

इस अवसर पर चंद्रशेखर खन्ना धीरू, रागिनी खन्ना, कौस्तुभ, राजशेखर, ओमशेखर, डॉ. राम मेहरोत्रा, सोमनाथ कपूर और सरिता कपूर सहित अनेक भक्तों का सहयोग रहा। कथा के दौरान रमेश त्रिपाठी और प्रसून त्रिपाठी ने हनुमान चालीसा और भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया, जबकि ढोलक पर संगति रामबली ने की। आयोजन समिति ने बताया कि कथा प्रतिदिन सुबह 08:30 से 11:30 बजे और शाम 03:30 से 06:00 बजे तक दो सत्रों में होगी।

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 1714 / 453सी(ई0टेण्डर)–3 / 25–26 — दिनांक 26.02.2026

**ऑन–लाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, बरेली के कार्य क्षेत्र अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रतिशत दरों पर ऑन लाईन ई निविदा दिनांक 10.03.2026 से दिनांक 17.03.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 17.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन–लाईन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:–

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | 05 वर्ष अनुरक्षण लागत (रू0 लाख में) | योग 4+ 5 | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1- | वित्तीय वर्ष 2025–26 में जनपद बरेली में गैनी से भोजपुर मढी तक (नौगवां ब्रहम्नान)का नव निर्माण का कार्य। | निर्माण खण्ड–1 बरेली | 117.64 | 8.82 | 126.47 | 8.32 | 6 माह | 2725.00 | ए,बी (मार्ग कार्य हेतु ) |
| 2 | वित्तीय वर्ष 2025–26 में जनपद बरेली में देवीपुर सें रहगवा होते हुये गिरन्दपुर मार्ग में नव निर्माण का कार्य। | निर्माण खण्ड–1 बरेली | 95.08 | 7.13 | 102.21 | 7.11 | 6 माह | 2725.00 | ए,बी (मार्ग कार्य हेतु ) |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP - 247500 दिनांक: 07/03/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(राजीव अग्रवाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1,लो0नि0वि0,बरेली

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0 बरेली

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बदायूँ / पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक 1278 / 7निविदा(पी0डी0)(ई–टेण्डर)–08 / 2024–25 — दिनांक 24.02.2026

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बदायूँ / पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बदायूँ के क्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ई–निविदा प्रतिशत दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र बेवसाइट / पोर्टल पर दिनांक 10.03.2026 से दिनांक 17.03.2026 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें एवं तकनीकी विड दिनांक 17.03.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित निर्माण लागत (रू0 लाख में) | विड सिक्यू रिटी (रू0 लाख में) | बिड डाक्यू मेन्ट का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म / ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी (Road Work) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | उझानी पटपरागंज भूडा भदरौल कुढाशाहपुर ककोडा मार्ग पर नवीनीकरण हेतु विभागीय हॉट मिक्स प्लांट (बरेली मथुरा मार्ग के किमी 133 कछला घाट के पास स्थित) पर ग्रिट आपूर्ति एवं बी.सी. लेइंग हेतु लेवर आपूर्ति का कार्य। | 40.20 | 4.10 | 2714.00 | 03 माह | A, B & C |
| 2 | उसैहत कादरचौक वाया गढिया हरदुआपटटी टिकरीततारपुर मार्ग पर नवीनीकरण हेतु विभागीय हॉट मिक्स प्लांट (बरेली मथुरा मार्ग के किमी 133 कछला घाट के पास स्थित) पर ग्रिट आपूर्ति एवं बी.सी. लेइंग हेतु लेवर आपूर्ति का कार्य। | 96.00 | 6.8 | 2714.00 | 03 माह | A & B |

2. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉन ऑन किया जा सकता है।

UP - 247599 दिनांक: 07/03/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(नरेष कुमार)
अधिषासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बदायूँ

(के0के0सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
बदायूँ / पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0,बरेली

## कार्यालय तहसीलदार बीसलपुर

पत्रांक : 223/रा.का./2026 — **प्रेस विज्ञप्ति** — दिनांक : 07.03.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील बीसलपुर क्षेत्रान्तर्गत राजस्व ग्राम ग्राम मूसेपुर जयसिंह, तहसील बीसलपुर स्थित गाटा संख्या–77/0.632 हे. श्रेणी 5-3 बंजर दर्ज कागजात है। उक्त भूमि पर स्थित 06 शीशम, 02 आम, 02 जामुन, 01 इमली, 01 शेमर कुल 10 वृक्षों की नीलामी दिनांक 27.03.2026 को नियत की गयी है। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 27.03.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक तहसील बीसलपुर के सभागार में उपस्थित होकर 10000/– रू. जमानत राशि जमा कर नीलामी में भाग ले सकते है।

**नीलाम अधिकारी/तहसीलदार**
**तहसील-बीसलपुर**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ-खीरी

संख्या–715/न.पा.प.गोला/मेला चैती/अल्पकालीन निविदा सूचना/2025–26 — दिनांक : 6.3.26

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ–खीरी द्वारा आयोजित ऐतिहासिक मेला चैती 2026 हेतु पालिका के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/अनुभवी फर्मो से निम्न विवरण के अनुसार व्यवस्था किये जाने हेतु मुहरबन्द निविदाएं दिनांक 18.03.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य सं. 1 से 6 तक के लिये निविदा प्रपत्र दिनांक 18.03.2026 को अपरान्ह 01:00 बजे तक नकद मूल्य पर क्रय किये जा सकते है। जो तद्‌दिनांक को अपरान्ह 03:00 बजे पालिकाध्यक्ष के समक्ष खोली जाएगी। निविदा के साथ जमानत धनराशि जो एफ.डी.आर. के रूप में जोकि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गोला के नाम बन्धक हो, विशेष परिस्थितियों में जमानत राशि परिषद कोष में नकद/ऑनलाइन भी जमा की जा सकती है। प्रत्येक निविदा के साथ 100/– मूल्य के नोटरी स्टाम्प जिसमें यह उल्लिखित हो कि उसकी फर्म काली सूची में दर्ज नहीं है और यह वर्णित कार्यो को करने की अर्हता रखता है। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने एवं बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कार्य सं. 7 में वर्णित कार्यों के लिये अलग–अलग कोटेशन नगर पालिका में जमा करने होंगे। अन्य नियम व शर्ते किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से ज्ञात की जा सकती है। कार्य के निमित्त तैयार बिलों का भुगतान तकनीकी स्वीकृति के पश्चात दरों पर ही किया जाएगा, जिससे नियमानुसार करों की कटौती की जायेगी एवं उल्लिखित मद में धनराशि की उपलब्धता होने पर ही भुगतान किया जा सकेगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | जमानत राशि | निविदा शुल्क | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेला चैती 2026 में मेला परिसर, मेला कैम्प, मार्गो पर, पानी की टंकी, अशोक चौराहा पर प्रकाश व्यवस्था, अस्थाई विद्युतीकरण व्यवस्था का कार्य | 20,000 | 944 | सम्पूर्ण मेला अवधि |
| 2. | मेला चैती 2026 में लाइट फैन्सी गेट, सदर चौराहा, खुटार रोड, लखीपुर रोड, मेला रोड, शिवम् चौराहा मेला/मन्दिर मार्ग आदि पर लाउडस्पीकर एवं मंच पर साउण्ड सिस्टम लाउडस्पीकर का कार्य | 20,000 | 944 | |
| 3. | मेला चैती 2026 में कैम्प कार्यालय, पुलिस सहायता, चिकित्सा सहायता, ब्रहमाकुमरी कार्यालय, कपिलश फाउण्डेशन के लिये टेन्ट, फाइबर कुर्सी, स्टील कुर्सी, पण्डाल में कूलर, पंखा आदि व्यवस्था का कार्य | 20,000 | 944 | |
| 4. | मेला चैती 2026 में सांस्कृतिक मंच व्यवस्था हेतु पण्डाल, मेला हेतु गेट, कुर्सी फाइवर, कुर्सी स्टील, सोफा, महिला पुरूष पार्टिशन, वीआईपी दीर्घा, पत्रकार दीर्घा बनाये जाने के लिये बैरिकेट आदि की व्यवस्था का कार्य | 20,000 | 944 | |
| 5. | मेला चैती 2026 हेतु लगने वाली दुकानों के लिये मिट्टी पटाई, दरेशी, लेवलिंग आदि का कार्य | 10,000 | 944 | |
| 6. | मेला चैती 2026 हेतु सुरक्षा की दृष्टिकोण से कैमरा अधिष्ठापन का कार्य | 5,000 | 944 | |
| 7. | मेला चैती 2026 में प्रचार प्रसार हेतु बैनर, फ्लैक्स, मेला में पानी छिड़काव हेतु सामग्री, मिस्त्री, लेबर हेतु, समावट की फूलपत्ती, अतिथि हेतु फूलमाला बुके, अतिथि हेतु अलपान, कार्यक्रम की फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी, बच्चों को दिये जाने वाले पुरूस्कार, अतिथियों को दिये जाने वाले मोमेन्टो, चैती मेला समापन पर विमोचन हेतु स्मारिका, आये हुये कलाकारों के रूकने के लिये रूम हेतु पृथक–पृथक कोटेशन। | – | – | |

**नोट :** 1. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
2. कार्य/आपूर्ति कार्यालय के निर्देशानुक्रम में आवश्यकतानुसार करनी होगी।
3. ठेकेदार के बिल से नियमानुसार आयकर/जी.एस.टी. की कटौती की जायेगी।
4. बिना जमानत के निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी** — **अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ–खीरी**

## श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व निकाली भव्य कलश यात्रा

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** श्रीबालाजी मानस सेवा समिति की ओर से श्री राधाकृष्ण मंदिर रामनगर कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा ब्रह्मदेव मंदिर और दुर्गा माता मंदिर सहित कई स्थानों से होकर कथा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई।

कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीले वस्त्र पहनकर सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। पुरुष श्रद्धालु हाथों में ध्वज और झंडे लेकर जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। कथा स्थल पहुंचने पर श्रवण शास्त्री ने पूजन कराया और कथाव्यास आचार्य अंकुर शुक्ल ब्रजराजदासदास जी महाराज का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इसके बाद श्रवण शास्त्री ने आरती कराई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। यात्रा में किरण सक्सेना, ज्योति सक्सेना, अंशिका, शांति, गीतांजलि, वैष्णवी, आराध्या शुक्ला, अखिलेश सक्सेना, लाजपत राय बत्रा, दिनेश गोगिया, राजकुमार, श्याम कपूर, बिन्नू गोपाल, जुगल तनेजा, रूपेश तनेजा, अशोक सचदेवा, प्रधान बिट्टू लाल आदि श्रद्धालु शामिल रहे।

## रिश्तेदारों पर घर का सामान चोरी करने का आरोप

संवाददाता, परौर

**अमृत विचार:** क्षेत्र के बम्हौरा निवासी राजेश ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपने कुछ रिश्तेदारों पर घर में रखा सामान चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

राजेश ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ दिल्ली में मजदूरी करता है। दीपावली के समय वह अपनी पत्नी के साथ दिल्ली मजदूरी करने चला गया था। इसी दौरान उसके घर में रखे कपड़े, आभूषण और उसके भाई के गेहूं समेत अन्य सामान गायब हो गया। राजेश के अनुसार जब वह होली पर वापस गांव आया तो घर का सामान नहीं मिला। इस पर उसने अपने दो रिश्तेदारों से पूछताछ की, जिससे दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया।

आरोप है कि विवाद के दौरान उसके एक रिश्तेदार ने नाराज होकर ईंट से अपने ही सिर पर वार करने लगी, जिससे मौके पर हंगामा हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और किसी तरह मामला शांत कराया। पीड़ित ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस से कर कार्रवाई की मांग की है।

## पनीर लेने जा रहे बाइक सवार की हादसे में मौत

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** मझिगवां क्षेत्र के गांव बनिगवां निवासी रवि शुक्ला की सड़क हादसे में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। रवि शुक्ला 4 मार्च को अपने रिश्तेदार आषुतोष पाण्डेय के साथ बाइक से पुवायां-बंडा हाईवे पर स्थित सबली टोल टैक्स के पास एक होटल पर पनीर लेने जा रहे थे।

बताया गया है कि हाईवे पर पहुंचते ही टोल कर्मी बिलंदापुर निवासी सचिन वर्मा ने कार से बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में रवि शुक्ला और आषुतोष पाण्डेय दोनों घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल रवि शुक्ला को बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बरेली में ही पोस्टमार्टम कराया। इंस्पेक्टर रवि करन सिंह ने बताया कि कार चालक के खिलाफ पहले ही प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है, जिसे अब मृत्यु के बाद तरमीम किया जाएगा। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

न्यूज ब्रीफ

### प्रज्ञा, असवाह और अनन्या ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



पीलीभीत, अमृत विचार : समाधान आईएपीटी अन्वेषिका के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जाने महिला वैज्ञानिकों को . .विषय पर प्रतियोगिता कराई गई। इसमें कंपोजिट स्कूल बरहा की प्रज्ञा, बेनहर पब्लिक स्कूल की असवाह हारून और अवध पब्लिक स्कूल की अनन्या मिश्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति में डॉ. रमन प्रमिला, डॉ. कदंबिनी गांगुली, डॉ. दर्शन रंगनाथन, डॉ. जानकी अम्माल, डॉ. विभा चौधरी, डॉ. अर्चना शर्मा, डॉ. राजेश्वरी चटर्जी, आनंदीबाई जोशी, इंदिरा हिंदूजा, अदिति पंत, इरावती कर्वे, नंदिनी हरनाथ आदि महिला प्रतिभाओं के बारे में जाना। रिसोर्स पर्सन उर्मिला देवी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### चोर समेट ले गए सामान

घुंघचिहाई, अमृत विचार : कस्बे के मुख्य अड्डे पर शनिवार रात एक हेयर कटिंग के खोखे से चोरसोलर पैनल बैटरा समेत पंद्रह हजार का सामान उड़ा ले गए। रविवार सुबह दुकान स्वामी दिनेश कुमार श्रीवास्तव को घटना की जानकारी हुई। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# आज 425 जोड़े बंधेंगे विवाह बंधन में

## मंडी समिति परिसर स्थित समारोह स्थल में तैयारियों को रविवार देर शाम दिया गया अंतिम रूप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



विवाह समारोह स्थल पर कर्मचारियों से जानकारी लेते जिला समाज कल्याण अधिकारी।



मंडी समिति में होने वाले सामूहिक विवाह समारोह को लेकर तैयार किया भव्य पंडाल।

अमृत विचार : मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत द्वितीय चरण में सोमवार को 425 जोड़ों की सामूहिक शादियां होंगी। विधानसभावार होने वाले विवाह समारोह सोमवार को पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र एवं नगर पंचायत कलीनगर क्षेत्र के आवेदकों के सामूहिक विवाह संपन्न कराए जाएंगे। सामूहिक विवाह समारोह को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिम्मेदार रविवार देर शाम तक समारोह स्थल पर तैयारियों में जुटे देखे गए। सामूहिक शादी समारोह में पांच हजार से अधिक लोगों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

प्रदेश सरकार द्वारा गरीब बेटियों की शादी के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित की जा रही है। शासन की ओर से प्रति जोड़ा एक लाख की धनराशि खर्च की जाती है। इसमें 60 हजार रुपये कन्या के खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजे जाएंगे। इसके अलावा 25 हजार रुपये की उपहार सामग्री पर खर्च किए जाएंगे। साथ ही सामूहिक विवाह के आयोजन पर 15 हजार रुपये प्रति जोड़ा खर्च किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले में 466 बेटियों की शादी कराने का लक्ष्य तय किया है। इसके बीते वर्ष नवंबर माह में विधानसभावार सामूहिक विवाह समारोह आयोजित कर 2000 से अधिक जोड़ों के सामूहिक विवाह संपन्न कराए थे। इस बार भी जिला प्रशासन द्वारा 1500 जोड़ों की शादियां एक ही स्थान पर न कराकर विधानसभावार शादी समारोह आयोजित कराने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में पहला सामूहिक विवाह समारोह सोमवार को शहर स्थित मंडी समिति में आयोजित किया जा रहा है। इसमें विधानसभा पूरनपुर एवं नगर पंचायत कलीनगर क्षेत्र के जोड़े शामिल होंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्र मोहन विश्नोई के मुताबिक विवाह समारोह में कुल 425 जोड़ों की शादियां सोमवार को होने वाले सामूहिक विवाह समारोह में कराई जाएगी। इसमें कुछ मुस्लिम जोड़ों का भी निकाह मुस्लिम रीति रिवाज से संपन्न कराया जाएगा। इधर, सोमवार को होने वाले सामूहिक विवाह समारोह को लेकर समाज कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी पिछले कुछ दिनों से तैयारियों में जुट गए थे। रविवार देर शाम तक जिला समाज कल्याण अधिकारी की देखरेख में देर शाम तक तैयारियां चलती रहीं। वहीं सामूहिक शादी समारोह को लेकर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की ओर से अफसरों की जिम्मेदारियां तय की गई है, ताकि समारोह में कोई व्यवधान न हो। समाज कल्याण अधिकारी ने चंद्रमोहन विश्नोई ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियां पूरी की जा चुकी है। भव्य पंडाल तैयार कर लिया गया है। इसमें अलग-अलग वेदियां बनाई गई है। ताकि विवाह संस्कार के दौरान कोई अड़चन न आएं। कार्यक्रम की शुरूआत सोमवार पूर्वान्ह 10 बजे से होगी। समारोह में पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान समेत अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

- अफसरों ने समारोह स्थल पहुंचकर परखीं तैयारियां, दिए दिशा निर्देश

### बायोमैट्रिक सत्यापन के लिए लगेंगे 10 काउंटर

गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह के उद्देश्य से शुरू की गई मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में पहले फर्जी दस्तावेजों के जरिए लाभ लेने की शिकायतें सामने आई थी। कई बार जांच में ऐसे मामले पकड़े भी गए हैं। इस तरह की गड़बड़ियों पर रोक लगाने के लिए विवाह से पहले बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य किया गया है। विवाह स्थल पर जोड़ों की उपस्थिति बायोमेट्रिक माध्यम से दर्ज की जाएगी। प्रथम चरण में बीते नवंबर में हुई सामूहिक शादियों में भी बायोमैट्रिक सत्यापन के बाद ही विवाह संपन्न कराए गए थे। इस बार भी 09 मार्च से 12 मार्च तक होने वाले सामूहिक विवाह समारोह में बायोमैट्रिक सत्यापन कराया जाना है। सोमवार को मंडी समिति परिसर में होने वाले सामूहिक विवाह समारोह में बायोमैट्रिक सत्यापन के लिए 10 काउंटरों की व्यवस्था की गई है।

# लाभार्थियों को वितरित किए लैपटॉप और एजुकेशन किट



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गांधी सभागार में बालिका को एजुकेशन किट सौंपते विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद व डीएम ज्ञानेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में गांधी सभागार में महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। बरखेड़ा विधायक समेत डीएम ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लैपटॉप, एजुकेशन किट एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण किया। बरखेड़ा विधायक ने महिलाओं को स्वावलंबी बनने को प्रेरित किया।

गांधी सभागार में डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद एवं डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड के 02 लाभार्थियों को लैपटॉप, प्रशस्ति पत्र एवं एजुकेशन किट वितरित की। इसके अलावा कन्या सुमंगला योजना एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के 05-05 लाभार्थियों को एजुकेशन किट एवं प्रशस्ति पत्र सौंपे गए। डीएम ने महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शुभकामनाएं दीं।

विधायक स्वामी प्रवक्तानंद द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी बनने को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी, नगर पालिका सभासद सुनीता, सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, एडीएम न्यायिक रोशनी यादव, डीडीओ संजय कुमार, उपायुक्त स्वतः रोजगार वंदना सिंह समेत अन्य अधिकारी एवं महिला कल्याण विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गांधी सभागार में हुआ कार्यक्रम

# लैंगिक समानता लाने के लिए महिला सशक्तिकरण जरूरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं और युवती। ● अमृत विचार

अमृत विचार : जन शिक्षण संस्थान द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम जोगीठेर, ईटारोढ़ा, अमरा करोड़, ग्राम डगा, माधोटांडा, मोहल्ला खुदागंज में संचालित उपकेन्द्रों पर जागरुकता संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि राजेश कुमार, रविन्द्र कुमार, हीरालाल, शहनूर मोहम्मद, जैनब खातून रहे।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान और उपलब्धियों की पहचान कराई गई। कहा कि लैंगिक समानता लाने के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण बहुत जरूरी है। प्रत्येक महिला को अपना महत्व समझना चाहिए और उनमें अपनी प्रगति के लिये प्रयास करने का साहस भी होना चाहिए।कार्यक्रम अधिकारी संदीप मिश्रा ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में 132 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस मौके पर अशरफ हुसैन, सीमा, नीतू, काजल, रेहाना बी, नसरीन खातून आदि मौजूद रहे।

- अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में की संगोष्ठी

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला कर्मी सम्मानित



बीसलपुर, अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गोष्ठी हुई। उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशाओं व महिला स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. आलमगीर ने कहा कि महिला राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है। एक अच्छे समाज का निर्माण करने में उनका अहम योगदान होता है इसलिए सभी को महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। महारानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाओं ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुतियां दी। उनकी कुर्बानियों को हमे सदैव स्मरण रखना चाहिए। गोष्ठी में डॉ. चंदन, फार्मासिस्ट शशि भूषण राव, गिरीश कुमार, रजत कुमार आदि मौजूद रहे।

### भट्ठा मालिक ने किया कब्जा

दियोरियाकलां, अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के गांव रंभोजा निवासी फूलमती पत्नी ओमप्रकाश ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसने अपना सात बीघा खेत रंभोजा के भट्ठा मालिक को दो साल के लिए ईट पथाई करने के लिए 71 हजार रुपये में दिया था। दो साल का समय पूरा होने पर दो साल और हो गए। भट्ठा मालिक ने उसके दो साल के 71 हजार रुपए भी नहीं दिए और न ही खेत खाली कर रहा है। जब दूसरे भट्ठे वाले से मिट्टी उठाने की बात की गई तो उसे भी मिट्टी नहीं उठाने दे रहे हैं। गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गैस सिलेंडर बुकिंग के नियम बदले, दाम भी बढ़े

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सिंगल पर 21 और डबल कनेक्शन पर 25 दिन बाद ही होगी गैस बुकिंग
- 14.2 किलो घरेलू सिलिंडर 60 और 19 किलो व्यावसायिक सिलेंडर 115 रुपये महंगा

अमृत विचार : एलपीजी गैस सिलेंडर को लेकर तेल कंपनियों ने नए नियम लागू कर दिए हैं। अब उपभोक्ता पहले की तुलना में अधिक अंतराल के बाद ही गैस सिलेंडर की बुकिंग करा सकेंगे। इसके साथ ही घरेलू और व्यावसायिक दोनों प्रकार के सिलेंडरों के दाम भी बढ़ा दिए गए हैं, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा।

जिला एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के मुताबिक सिंगल सिलिंडर कनेक्शन वाले उपभोक्ता अब 21 दिन से पहले दोबारा बुकिंग नहीं करा सकेंगे। वहीं डबल सिलेंडर कनेक्शन धारकों को भी अब 25 दिन का इंतजार करना होगा। पहले यह समय सीमा 15 दिन की थी, जिसे बढ़ा दिया गया है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम सिंह गंगवार ने बताया कि नए नियम तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं। जिले में करीब 4.10 लाख गैस उपभोक्ता हैं और 38 गैस एजेंसियां संचालित हो रही हैं। अचानक नियम बदलने की जानकारी मिलने के बाद कई गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की भीड़ देखी गई।

बताया जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय हालात और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को देखते हुए गैस आपूर्ति व्यवस्था को संतुलित बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है, ताकि किसी तरह की कमी या कालाबाजारी की स्थिति न बनने पाए। इतना ही नहीं इस जंग का असर रेटों पर भी देखने को मिल रहा है। सात मार्च से घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के दाम में भी बढ़ोतरी कर दी गई है। अब 14.2 किलोग्राम के घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये और 19 किलोग्राम के व्यावसायिक सिलेंडर की कीमत में 115 रुपये की वृद्धि की गई है। सिलेंडर के दाम बढ़ने से घरेलू के अलावा सहालग में कैटरिंग कारोबारियों की चिंता बढ़ गई है। शादी-ब्याह के सीजन के बीच व्यावसायिक गैस सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर भी सख्ती बढ़ा दी गई है। अब बॉटलिंग प्लांट में उपलब्ध स्टॉक के आधार पर ही बिलिंग की जाएगी और एडवांस बुकिंग पर रोक लगा दी गई है। जबकि व्यावसायिक सिलेंडर की मांग काफी बढ़ जाती है। बुकिंग पर पाबंदी से कार्यक्रमों के दौरान गैस आपूर्ति में परेशानी आ सकती है।

# स्टेडियम ट्रेनीज ने स्टार क्लब को हराया




विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों संग आयोजक व अतिथि। ● अमृत विचार

पीलीभीत, अमृत विचार: फिट इंडिया महिला सप्ताह के अंतर्गत रविवार को खेलो इंडिया केन्द्र के द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता कराई गई। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि रत्ना यादव और विशिष्ट अतिथि हरिपाल यादव ने जेसीआई की अध्यक्ष सारिका के साथ संयुक्त रूप से किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता संपन्न हुई। फाइनल मुकाबले में स्टेडियम ट्रेनीज और स्टार क्लब के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। जिसमें स्टेडियम ट्रेनीज की टीम ने 66 रनों से बढ़त हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि स्टार क्लब 56 रनों से बढ़त बनाते हुए द्वितीय स्थान पर रही। विजेता/उपविजेताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर फुटबॉल कोच अविनाश शर्मा, हॉकी कोच प्रगति सिंह, वेटलिफ्टिंग कोच महेश कुमार, स्विमिंग कोच दीपक बिष्ट, बीनू गंगवार, गीता देवी आदि मौजूद रहे।

# जिला अधिवेशन समेत अन्य कार्यक्रमों की तय की रूपरेखा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : भारतीय मजदूर संघ का जिला अधिवेशन एवं होली मिलन समारोह तथा उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ पीलीभीत के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 13 मार्च को कार्यक्रम होने जा रहा है। कार्यक्रम की रुपरेखा तय करने एवं तैयारियों को लेकर रविवार को बैठक हुई।

पीलीभीत डिपो स्थित संघ कार्यालय में हुई बैठक में बताया गया कि 13 मार्च को होने वाले कार्यक्रम में प्रांत एवं क्षेत्र के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों के आने की संभावना है। साथ ही जिले के कई प्रमुख सामाजिक, राजनीतिक और संगठनात्मक चेहरे भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री ब्रह्म स्वरूप वर्मा, रोडवेज कर्मचारी संघ अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव, मंत्री साधुराम दिवाकर, गिरधर गोपाल साहनी, चंद्रलोक, हेमंत सक्सेना, राहुल सक्सेना, प्रदीप कुमार बाजपेई, महिपाल गंगवार, उपेंद्र सिंह, चंदन श्रीवास्तव समेत अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

### विधायक और भाजपा जिला उपाध्यक्ष का किया स्वागत



विधायक पूरनपुर और जिला उपाध्यक्ष को मिठाई खिलाते शिक्षामित्र।

घुंघचिहाई, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षामित्र संघ ने रविवार को पूरनपुर के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में कार्यक्रम किया। इसमें शासन स्तर से शिक्षा मित्रों के मानदेय में वृद्धि की घोषणा व कैशलेस चिकित्सा योजना की घोषणा पर हर्ष जताया। इस दौरान पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा का स्वागत किया गया। एक दूसरे को मिठाई खिलाई गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष हरिओम पांडेय, अनुपम शुक्ला, सुंदरलाल, राम शर्मा, महेश कुमार, नितिन बाजपेयी, बांकेलाल, अमित शुक्ला, महेंद्र सिंह, छोटेलाल, अमित कुमार, अनिल पांडेय आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कई जगह हुए कार्यक्रम, उत्कृष्ट कार्य करने पर किया सम्मानित

# महिलाओं की समाज में भूमिका महत्वपूर्ण, हर क्षेत्र में लहरा रहीं परचम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पुलिस लाइन में हुए कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉल। ● अमृत विचार



मेडिकल कॉलेज में हुई गोष्ठी में मौजूद महिला कर्मचारी। ● अमृत विचार



महिला मरीज को फल वितरित करतीं प्राचार्य डॉ .संगीता अनेजा। ● अमृत विचार

अमृत विचार : जिलेभर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें महिलाओं की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। कई महिलाएं पुरस्कृत भी की गई।

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय के एमसीएच विंग (प्रथम तल) में रविवार को विभिन्न कार्यक्रम हुए। इसकी शुरुआत मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने कराई। उन्होंने महिलाओं की समाज, स्वास्थ्य सेवाओं तथा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। सीएमएस पुरुष अस्पताल डॉ. रमाकांत सागर ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनके समर्पण से ही बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था संभव होती हैं। उप प्राचार्य डॉ. अरुण सिंह ने स्त्री-पुरुष समानता के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. केके भट्ट ने महिला सशक्तिकरण पर विचार रखे।संचालन डॉ. रूपल खरे ने किया। महिला चिकित्सक, स्टाफ नर्स, एएनएम, आशाओं के साथ ही महिला सुरक्षा कर्मियों, सफाई कर्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा मरीजों को फल भी वितरित किए गए। उधर, एसपी सुकीर्ति माधव के निर्देशन में पुलिस लाइन परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। महिलाओं और बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम हुए। इसकी शुरुआत सुबह दस बजे उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन (वामा सारथी) की जिलाध्यक्ष किरन जोशी, सहायक पुलिस अधीक्षक/सीओ सदर नताशा गोयल ने कराई। बच्चों की दौड़ प्रतियोगिता हुई। परिसर में महिलाओं ने रंगोली बनाई और कई रचनात्मक प्रतियोगिताओं में भाग लिया। बच्चों के लिए म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता कराई। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली महिलाओं और बालिकाओं को सम्मानित किया गया। खेल प्रतियोगिता के विजेता भी सम्मानित किए गए। वहीं, पुलिस परिवार की महिलाओं और बच्चों के साथ होली मिलन कार्यक्रम भी हुआ। महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार दिए गए।

**स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने लगाए स्टॉल :** पुलिस लाइन में हुए कार्यक्रम के दौरान पुलिस परिवार की महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा अपने उत्पादों के स्टॉल भी लगाए गए। सरला चौधरी, प्रतीक्षा, मंत्री देवी, आयुष्मान पटेल, रानी कश्यप, सुनीता देवी, बिन्दु, इंदु, मोनी चौधरी, सुनीता, नीलम, आरती, रूपाली, सरिता, पिंकी, चारू, एवं रोशनी द्वारा स्टॉल लगाकर उत्पादों का प्रदर्शन किया गया, जिनकी खूब सराहना की गई।

### ये हुए पुलिस लाइन में पुरस्कृत

पुलिस लाइन हुए कार्यक्रम के दौरान अंकित कुमारी पत्नी आरक्षी देवेन्द्र कुमार, राशि चन्द्रा पुत्री सहायक उपनिरीक्षक मनोज कुमार, तनिष्का राणा पुत्री मुख्य आरक्षी आकाश राणा, कुमुद राजपूत पुत्री मुख्य आरक्षी विरेन्द्र कुमार, मीना चौहान पत्नी आरक्षी धीरज कुमार, चारू मेहर पत्नी मुख्य आरक्षी मनोज महर, नव्या यादव पुत्री आरक्षी नीशु यादव, प्रांजल गंगवार पुत्री आरक्षी भानू प्रताप, विनीता सक्सेना महिला समाज सेवक, रंजना श्रीवास्तव महिला समाजसेवक को सम्मानित किया गया।



तुम इस दुनिया में रहते नहीं हो, बल्कि यहां से गुजर रहे हो।

**–रूमी**, सूफी

## बदलाव का बवंडर

बालेन शाह नेपाल के प्रधानमंत्री बनेंगे अब तकरीबन तय है। पर उन पर या उनकी सरकार पर कोई टिप्पणी उनके पदासीन होने, सरकार गठन के बाद ही उचित है। फिलहाल उनके दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रभावशाली प्रदर्शन ने यह बताया है कि नेपाली जनता अब राजनीतिक बदलाव की आकांक्षी है। भ्रष्टाचार, सुस्त विकास, अस्थिर सरकारों से निराश मतदाताओं ने एक अपेक्षाकृत नई राजनीतिक शक्ति को मौका देकर संदेश दिया है कि पारंपरिक राजनीति के विकल्प की तलाश अब केवल बौद्धिक चर्चा नहीं, जनभावना बन चुकी है। पार्टी ने चुनाव प्रचार में पारदर्शिता, सुशासन और विकासोन्मुख प्रशासन को अपना मुख्य एजेंडा बनाया। यह वही मुद्दे हैं, जिन पर दशकों से नेपाली जनता पारंपरिक दलों से असंतुष्ट रही है। यही कारण है कि भ्रष्टाचार-विरोधी और सत्ता-विरोधी नारों ने मतदाताओं के बीच पैठ बनाई।

शुरुआती विश्लेषणों बताते थे कि पहले से बेहतर प्रदर्शन के बावजूद आरएसपी तीसरे स्थान से आगे नहीं बढ़ पाएगी, क्योंकि नेपाल की राजनीति में संगठनात्मक जड़ें, स्थानीय नेटवर्क और जातीय-क्षेत्रीय समीकरण अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। परिणामों ने इन धारणाओं को गलत साबित कर दिया। आरएसपी ने शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण और सुदूर इलाकों में भी बेहतर प्रदर्शन किया। इससे संकेत मिला कि पारंपरिक दलों के प्रति असंतोष केवल शहरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह देशव्यापी भावना बन चुका है। बार-बार की राजनीतिक अस्थिरता, गठबंधन सरकारों की विफलता, रोजगार के अवसरों की कमी और व्यापक भ्रष्टाचार ने आम नेपाली नागरिक को निराश किया है। यही कारण है कि पारंपरिक दलों के दशकों पुराने शासन के प्रति असंतोष धीरे-धीरे राजनीतिक विकल्प की तलाश में बदल गया। इस सफलता के पीछे युवा मतदाताओं की भूमिका अहम रही, जो वैश्विक राजनीति और प्रशासनिक मॉडल से परिचित होने के साथ पारंपरिक राजनीतिक संस्कृति को चुनौती देने के लिए अधिक मुखर है। पारंपरिक दलों के प्रति उनका अविश्वास इस चुनाव में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। युवाओं ने आरएसपी को केवल एक पार्टी के रूप में नहीं, बल्कि राजनीतिक परिवर्तन के प्रतीक के रूप में देखा। केवल युवा ही नहीं बड़ी उम्र के मतदाताओं और ग्रामीण समाज ने भी परिवर्तन की आवश्यकता को महसूस किया। इसके अतिरिक्त वैश्विक नेपाली प्रवासी समुदाय और डिजिटल डायस्पोरा की सक्रियता भी इस चुनाव में महत्वपूर्ण कारक रही। विदेशों में रहने वाले लाखों नेपाली सोशल मीडिया के माध्यम से राजनीतिक बहस में सक्रिय रहे और उन्होंने परिवर्तन के विचार को व्यापक समर्थन दिया। फिर भी इस अप्रत्याशित सफलता के साथ कई चुनौतियां भी सामने हैं। किसी भी नई पार्टी के लिए सबसे बड़ी परीक्षा सत्ता में आने के बाद शुरू होती है।

आरएसपी के पास वास्तव में मजबूत जनादेश है, उसे पारदर्शी प्रशासन, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण और विकास के ठोस परिणाम दिखाने होंगे। साथ ही उसे संगठनात्मक मजबूती, नीति-निर्माण की क्षमता और अनुभवी नेतृत्व की कमी जैसी चुनौतियों से भी जूझना होगा, बहरहाल नेपाल की जनता ने परिवर्तन की इच्छा व्यक्त कर दी है।

### प्रसंगवश

## खाली होते गांव और बड़े होते शहर

भारत की अधिकांश जनता आज भी गांवों में रहती है और उसकी आजीविका का मुख्य स्रोत खेती ही है। इसीलिए भारत को गांवों का देश भी कहा जाता है। पिछले कुछ दशकों से गांवों से शहर की ओर पलायन तेजी से बढ़ा है। 2001 की जनगणना के अनुसार कुल आबादी का लगभग 72.22 प्रतिशत जनसंख्या गांवों में रहती थी, वहीं 2011 की जनगणना के अनुसार ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत 68.84 रह गया। नवीनतम आंकड़े के अनुसार अब प्रतिशत गिरकर 63.13 रह गया है। ग्रामीण जनसंख्या के पलायन के मूल कारणों में रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा सुविधा एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रमुख रूप से हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि एवं पशुपालन प्रमुख आर्थिक स्रोत हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पारिवारिक विघटन के कारण खेतों का आकार लगातार छोटा होता जा रहा है, जिससे खेती की लागत अधिक एवं लाभ कम हो रहा है। उपज का महंगाई के हिसाब से उचित मूल्य न मिल पाना भी एक कारण है। महंगाई के कारण किसानों की जुताई, बुवाई, कटाई, मड़ाई सभी महंगी होती जा रही है। बेमौसमी बरसात एवं आंधी तूफान के कारण भी किसानों की फसल नष्ट हो जाती है। छुट्टा जानवर भी किसानों के लिए चुनौती बनते जा रहे हैं यदि ग्रामीण क्षेत्रों का परिभ्रमण किया जाए तो यह मालूम होगा कि सभी खेतों की कटीले तारों से किलेबंदी है। जिन खेतों में कटीले तार नहीं हैं, वहां पर फसल बिल्कुल बर्बाद मिलेगी। इस कारण भी लोगों का खेती से मोह भंग हो रहा है और वह आजीविका के लिए शहर की ओर पलायन कर रहे हैं ।



रवींद्र त्रिपाठी
शिक्षक

शिक्षा प्राप्त करने के लिए भी गांव से शहर की ओर पलायन तेजी से बढ़ा है। शहरों में उच्च स्तरीय अंग्रेजी माध्यम के स्कूल संचालित हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा का पूर्णतया अभाव है। शिक्षा से लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है, इसीलिए शिक्षित होने के लिए भी ग्रामीणों का शहर की ओर पलायन हो रहा है, क्योंकि धीरे-धीरे गांवों में भी लोग शिक्षा के प्रति जागरूक हो रहे हैं और शिक्षा को विकास का जरूरी अंग भी समझ रहे हैं। फलस्वरुप पलायन बढ़ रहा है।

पलायन का तीसरा प्रमुख कारण चिकित्सीय सुविधा है। वर्तमान समय में भोजन की गुणवत्ता में काफी गिरावट आई है। रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के प्रयोग से खाद्य अनाज काफी प्रदूषित हो गया है। प्रदूषित भोजन वायु एवं जल के सेवन से स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर पड़ा है, जिससे अब बीमारियां आम बात हो गई हैं। मधुमेह और रक्तचाप के रोगी आपको हर घर में मिल जाएंगे। इन रोगों का इलाज गांव में आसानी से उपलब्ध नहीं है, जबकि शहर में चिकित्सा की उन्नत सुविधा है। काफी लोग इन्हीं रोगों की बेहतर देखभाल के लिए शहर में घर बना रहे हैं, जिससे गांव से शहर की ओर पलायन तेजी से हो रहा है।

अन्य बुनियादी सुविधाएं भी ग्रामीणों को शहर की ओर आकर्षित कर रही हैं। अच्छी सड़क, शुद्ध पेयजल एवं बिजली की सुविधा भी ग्रामीणों को शहर की ओर खींच रही हैं। गांवों में भी बिजली की सुविधा है, लेकिन उपलब्धता बहुत कम है। प्रायः ग्रामीण क्षेत्रों में शहर के मुकाबले विद्युत आपूर्ति कम मिलती है। बढ़ते तकनीकी युग में अब बिजली आवश्यक जरूरत बन गई है, इसिलिए भी पलायन हो रहा है। पलायन को रोकने में ग्रामीण रोजगार सृजन प्रमुख हो सकता है। इसके अतिरिक्त चिकित्सीय सुविधा एवं शिक्षा व्यवस्था को भी चुस्त-दुरुस्त करके हम गांवों से शहर की ओर हो रहे पलायन को रोक सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## पड़ोसी नेपाल के जनादेश पर भारत की नजर





नवीन गुप्ता
बरेली

भारत और नेपाल के बीच रोटी और बेटी का संबंध है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के रिश्ते बहुत अच्छे नहीं रहे। वहां की जनता तो भारत को बेहद प्यार करती है, लेकिन राजनीतिज्ञों के चीन के प्रति झुकाव से इन रिश्तों में कड़वाहट आई है। नेपाल में जेन जी आंदोलन के बाद हुए आम चुनाव में मतदाताओं ने बड़ा राजनीतिक बदलाव किया है। रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह (बालेन) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) की सरकार नेपाल में बनेगी। बालेन इस सरकार के मुखिया होंगे, यह तय है, क्योंकि पार्टी ने उनके चेहरे पर ही चुनाव लड़ा था।

अब सवाल यह है कि भारत विरोधी पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली को 50 हजार से अधिक वोटों के अंतर से हराने वाले बालेन का रुख भारत के प्रति कैसा रहता है। पूर्व में कुछ ऐसे कदम उन्होंने उठाए थे, जिससे यह कहा जा सकता है कि उनका नजरिया भारत के प्रति बहुत अच्छा नहीं रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री पद पर आने के बाद वे भारत को किस चश्मे से देखते हैं, यह देखना अहेम होगा।

नेपाल में बढ़ते भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी और युवाओं के पलायन से नाराज जेन जी ने पिछले साल बड़ा आंदोलन किया था। कहा जाता है कि अंदरखाने इस आंदोलन का नेतृत्व बालेन शाह ने किया था। युवाओं ने न सिर्फ संसद में तोड़फोड़ की थी, बल्कि प्रधानमंत्री आवास समेत तमाम मंत्रियों और पूर्व प्रधानमंत्रियों के आवास को भी आग के हवाले कर दिया था। मौके की नजाकत को भांपते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी ओली ने पद से त्यागपत्र दे दिया था और वहां पर आंतरिक सरकार का गठन किया गया था। केपी ओली का झुकाव चीन के प्रति सदैव रहा। उनके कार्यकाल में न सिर्फ सरकार में चीन का दखल बढ़ा, बल्कि चीन ने बड़े पैमाने पर निवेश किया। चीन के राजनयिक वहां की सरकार में पूरा हस्तेक्षप करते थे, यह सरकार के फैसलों में दिखता भी था।

> बालेन के नेपाल का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। उन्होंने कर्नाटक से स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में मास्टर्स किया है। उनके कुछ ऐसे फैसले रहे हैं, जो यह दर्शाते हैं कि उनके मन में भारत के प्रति बहुत ज्यादा लगाव अब नहीं रह गया है।

यहां तक कि उनकी सरकार ने 100 रुपये के नोट में जो मानचित्र प्रकाशित किया था, उसमें भारत के उत्तराखंड राज्य के लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा को अपना क्षेत्र बता दिया था। ओली सरकार के इस फैसले का भारत सरकार ने कड़ा विरोध भी किया था। नेपाल में परंपरा रही है कि शपथ के बाद प्रधानमंत्री सबसे पहले भारत का दौरा करते थे, लेकिन केपी ओली ने तो इस परंपरा को तोड़ते हुए पहली विदेश यात्रा में चीन गए थे और भारत के विरोध वाले प्रोजेक्ट बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव को नेपाल से जोड़ने की पैरवी तक कर आए थे।

जब उनकी सरकार गिरी, तो उन्होंने भारत का नाम लिए बिना यही कहा था कि उनकी सरकार को गिराने में विदेशी ताकतों का हाथ है, हालांकि चुनाव के समय जनता का मूड वे भांप गए थे और भारत के साथ रिश्ते सुधारने की बात करने लगे थे, पर मतदाताओं ने उनकी नहीं सुनीं और बालेन शाह की पार्टी को सत्ता सौंपने का फैसला किया, हालांकि बालेन शाह ही प्रधानमंत्री होंगे अभी यह तय नहीं है, लेकिन उनके चेहरे पर ही आरएसपी ने चुनाव लड़ा है। ऐसे में उनकी ताजपोशी की प्रबल संभावना है।

बालेंद्र शाह उर्फ बालेन 2022 में काठमांडू के निर्दलीय मेयर चुने गए थे। जेन जी आंदोलन के दौरान युवाओं ने उनके समक्ष अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन उन्होंने कुशल राजनीतिज्ञ की तरह इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। तब उन्होंने कहा था कि वे चुनाव जीतकर सरकार चलाना चाहते हैं। जनवरी 2026 में वे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी में शामिल हुए थे। यह पार्टी रवि लामिछाने द्वारा संचालित है।

काठमांडू से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले बालेन शाह ने भारत के कर्नाटक स्थित विश्वेश्वरैया टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में मास्टर्स किया है, इसलिए कभी उनका भारत से काफी गहरा जुड़ाव रहा है, लेकिन उनके कुछ ऐसे फैसले रहे हैं, जो कि यह दर्शाते हैं कि उनके मन में भी भारत के प्रति बहुत ज्यादा लगाव अब नहीं रह गया है।

काठमांडू का मेयर रहते हुए बालेन शाह ने अपने कार्यालय में 'ग्रेटर नेपाल' का मानचित्र लगाया था। इस मानचित्र में भारत के कुछ हिस्से को नेपाल का बताया गया था। इसका विरोध भी हुआ था। इतना ही नहीं उन्होंने बॉलीवुड फिल्म आदिपुरुष के एक डॉयलाग को लेकर नेपाल में हिंदी फिल्मों के प्रदर्शन पर रोक लगाने की चेतावनी भी दे दी थी। बालेन को अमेरिका का कट्टर समर्थक और चीन का विरोधी माना जाता है। ऐसे में उनके सत्ता में आने से चीन की चिंताएं भी बढ़ेंगी, क्योंकि चीन के निवेश का उन्होंने सदैव विरोध किया।

सत्ता संभालने के बाद भारत के प्रति उनका रुख क्या होगा, अभी इस संबंध में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। वैसे आरएसपी का नजरिया भारत के प्रति सकारात्मक रहा है। पार्टी नेतृत्व भारत के साथ संतुलित और समानता-आधारित संबंधों की वकालत करता है, जिससे नेपाल के अपने आर्थिक विकास और संप्रभुता को बल मिले। अब इस पार्टी से जुड़कर सत्ता में आने के बाद बालेन क्या कदम उठाते हैं, यह देखने वाली बात होगी।

भारत सरकार ने नेपाल की मदद हर मौके पर की है। चाहे वह प्राकृतिक आपदा से जुड़ी रही हो या फिर किसी अन्य किसी घटना से। ऐसे में माना जा रहा है कि बालेन भी भारत के प्रति सकारात्मक रुख रखेंगे। वहां भारत के निवेश को बढ़ाने के साथ ही चीन के दखल को भी कम करेंगे। वैसे तो केपी ओली की सरकार में वहां पाकिस्तान की सक्रियता भी तेजी से बढ़ी थी। इससे भारत सरकार की चिंताएं बढ़ गईं थीं, लेकिन अब चीन के साथ ही पाकिस्तान की सक्रियता भी कम होगी। ऐसी उम्मीद है।

### आमने सामने



एक आदिवासी राष्ट्रपति का इस तरह अपमान करना लोकतंत्र और आदिवासी समुदाय के सशक्तीकरण में विश्वास रखने वालों को दुखी करता है। राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर है और इसकी गरिमा का सम्मान होना चाहिए।

**–नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

पश्चिम बंगाल के खिलाफ कई केंद्रीय संस्थाएं और सत्ता प्रतिष्ठान एक साथ खड़े हो गए हैं। बंगाल के लोग मजबूती से डटे हुए हैं और किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। जब पूरा सिस्टम बंगाल के खिलाफ खड़ा हो जाता है, तो बंगाल और मजबूत हो जाता है। आगे बढ़ो।

**–अभिषेक बनर्जी**
टीएमसी नेता



## ईरान पर हमला व गुटनिरपेक्ष राष्ट्रों की भूमिका



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

अमेरिका, इजराइल, ईरान और मिडिल ईस्ट में गरजती मिसाइलों की चीखों के बीच चंद शांति की अपीलें महज औपचारिकता तक सीमित हैं। गुटनिरपेक्ष राष्ट्र एकजुट होकर नियमों के विरुद्ध युद्ध को रुकवाने की सख्ती बरतें तो शायद दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की विध्वंसकारी खतरों की आशंकाओं से बच जाए। यूनाइटेड नेशन और शांति की पैरोकारी की कमजोर तस्वीर भी बता रही है कि दुनिया तानाशाही, हिटलरशाही, नफरत, हिंसा, विध्वंस, तबाही, बर्बादी और विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ी है। संयुक्त राष्ट्र संघ, जिनेवा समझौता कहां है? आसमान से बरसता बेलगाम बारूद का कहर रोकने वाला कोई शांति पसंद महात्मा गांधी, नेल्सन मंडेला, मार्टिन लूथर या यासिर अराफात नजर नहीं आ रहा। शांति के नोबेल पुरस्कार पाने वाले भी खामोश हैं।

युद्ध के इस महा सीजन में दुनिया के देशों की गिरोहबंदी अभी पूरी तरफ से तय नहीं है। कौन कितना ताकतवर है? कौन किसके साथ है? कौन किसका साथ देने वाला है? सैन्य शक्ति में किसमें कितना दम है? किस देश का क्या सरकारी फरमान है? किसकी क्या विदेश नीति है? बहुत सारी बातें अभी खुल कर तय नहीं हो पाई हैं। ज्यादातर बयान गोल-मोल और अस्पष्ट हैं। विदेश नीतियों के पत्ते खुलकर सामने नहीं आ रहे। मानवता के आदर्शों, मूल्यों और सिद्धांतों को ताख पर रखकर ज्यादातर देशों की कूटनीति सी एंड वॉच पर अटकी है, लेकिन एक बात तय है, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर दुनियाभर की आवाम में गुस्सा बढ़ रहा है। ट्रंप ज़माने भर के चौधरी क्यों बन जाते हैं, युद्ध और अंतर्राष्ट्रीय नियमों के विरुद्ध दुनिया में अशांति फैलाने पर क्यों आमादा हैं?

> यूएन और शांति के पैरोकारों की कमजोर तस्वीर भी बता रही है कि दुनिया तानाशाही, हिटलरशाही, नफरत, हिंसा, विध्वंस, तबाही, बर्बादी और विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ी है।

ऐसे तमाम तर्कसंगत सवालों के साथ दुनियाभर की अवाम का क्रोध धीरे-धीरे मुखर होने लगा है। अमेरिका की दादागिरी को सातवें आसमान तक पहुंचाने वाले डोनाल्ड ट्रंप से अमेरिकन्स भी खासे नाराज दिखे रहे हैं। युद्ध से परहेज़ का वादा करके दूसरी बार सत्ता पाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति की तानाशाही नीतियों से अमेरिका पर बार-बार युद्ध थोपने से उनके देश के ही नागरिकों की बड़ी आबादी नाखुश है।

भारतीय अवाम पहले ही ट्रंप के ऊल-जलूल बयानों और फैसलों से क्रोधित है। आपरेशन सिंदूर में सीज फायर करवाने के दावे करने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति ने टैरिफ के जरिए भारत की अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाने की साज़िश की हो, या रूस से तेल न लेने का दबाव बनाया हो, पहलगाम हमले में भारतीय नागरिकों को आतंकी साजिशों से बेदर्दी से मारने वाले पाकिस्तान को महान और अपना दोस्त बताने वाले ट्रंप की हर हरकत नाकाबिले बर्दाश्त है। भारतीय नागरिकों को हथकड़ी-बेड़ी डालकर भारत वापस करने का अपमान हो, भारतीय जनता अमेरिका के राष्ट्रपति को लेकर आग बगूला है। महाशक्ति और वर्ल्ड पॉवर समझकर विश्व के अधिकांश देश भले ही अमेरिका के खिलाफ खुल कर सामने नहीं आ पा रहे हों, पर भारत सहित दुनिया की अवाम का रुख बता रहा है कि यदि शक्ति का दुरुपयोग ऐसे ही होता रहा, तो जनता जनार्दन की शक्ति महाशक्ति की शक्तियों को जीर्ण-शीर्ण कर देगी।

जनता के दबाव में दुनिया के राष्ट्रप्रमुखों को ट्रंप के खिलाफ एकजुट होना ही पड़ेगा। न सिर्फ दुनिया में बल्कि अमेरिका की जनता में भी अपने राष्ट्रपति के विरुद्ध आक्रोश दिखाई पड़ने लगा है। किसी राष्ट्र के राष्ट्रपति को घर में घुसकर उठा लाने से लेकर, किसी देश के सुप्रीम लीडर को घर में घुस कर मार देना, बच्चों के स्कूलों पर मिसाइलें और रिहायशी इलाकों में बम बरसाने की शुरुआत किसने की? युद्ध और मानवाधिकारों के विरुद्ध नरसंहार को नहीं रोका जा सका, तो ये बात स्वीकार लेना चाहिए कि दुनिया जंगल राज पर चल निकली है? यानी कोई किसी को भी चीरफाड़ कर अपनी ताकत का प्रदर्शन कर सबको डरा सकता है। अपनी ताकत का विस्तार कर दुनिया को अपना गुलाम बनकार जंगल राज को वैधानिक बता सकता है।

युद्ध के भी कानून हैं। दुनिया नियमों-कानूनों से चलती है। बच्चियों के स्कूल पर मिसाइल दाग देना या बम बरसा देना युद्ध तो नहीं, ये अमानवीयता की पराकाष्ठा है, नरसंहार है। लोग कह रहे हैं कि एपस्टीन फाइल की चर्चाओं को इस युद्ध ने रोक दिया और एपस्टीन फाइल ने कई राष्ट्राध्यक्षों को अमेरिका के खिलाफ बोलने से रोक दिया, लेकिन एपस्टीन फाइल से युद्ध तक छोटी-छोटी बच्चियों के साथ जो हुआ, उसे व्यक्त करने के लिए अमानवीय, हृदयविदारक, महापाप... जैसे शब्द भी बौने हैं।

दुनिया की बड़ी संस्थाएं अमेरिका के विरुद्ध कोई सख्त कदम नहीं उठा रही हैं। इजरायल और अमेरिका का ईरान में रिजीम बदलने का प्रण तबाही का दायरा बढ़ाता जा रहा है। मिडिल ईस्ट के संपन्न खाड़ी देशों में अमेरिका के सैन्य अड्डे हैं। इजराइल की चर्चित खुफिया एजेंसी मोसाद यहां से भी ईरान की टोह लेती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## वो अभिनय नहीं, सच था

मीना कुमारी हिंदी सिनेमा की 'ट्रेजेडी क्वीन' कही जाती हैं। लोग कहते हैं कि वह पर्दे पर दुख बहुत अच्छी तरह निभाती थीं, लेकिन सच यह है कि वह दुख निभाती नहीं थीं, वह दुख जीती थीं। उनकी आंखों में जो नमी दिखती थी, वह अभिनय नहीं थी, वह उनकी जिंदगी का सच था।



संजय सिन्हा
वरिष्ठ पत्रकार

पचास के दशक का समय था। कमाल अमरोही उस समय एक स्थापित लेखक और निर्देशक थे। उसी दौर में उनकी मुलाकात एक बेहद कम उम्र की अभिनेत्री से हुई, जिसका नाम था मीना कुमारी। मीना उम्र में उनसे बहुत छोटी थीं, लेकिन प्रेम उम्र नहीं देखता। मुलाकातें बढ़ीं, भरोसा बना और दोनों ने निकाह कर लिया। शुरुआत में सब कुछ किसी फिल्मी कहानी की तरह लगता था, लेकिन जिंदगी फिल्मों की तरह नहीं होती। एक दिन किसी बात पर विवाद हुआ। कहा जाता है कि किसी फिल्म के मुहूर्त के दौरान मीना कुमारी के मेकअप रूम में किसी को आने देने को लेकर कुछ हुआ। इतना हुआ कि कमाल अमरोही ने अपने एक सहायक के हाथों अपनी ही पत्नी को पिटवा दिया। जिस स्त्री ने प्रेम में अपना सब कुछ सौंप दिया हो, उसके लिए इससे बड़ा अपमान क्या हो सकता था। मीना कुमारी ने घर छोड़ दिया। रिश्ता टूट गया। तलाक हो गया।

कहानी यहीं खत्म नहीं हुई।

मीना कुमारी उस समय तेजी से उभरती हुई अभिनेत्री थीं। उनका नाम, उनकी शोहरत, उनकी पहचान सब बढ़ रही थी। कमाल अमरोही ने उन्हें फिर मनाने की कोशिश की। माफी मांगी, लेकिन बीच में एक धार्मिक दीवार खड़ी थी। तलाक के बाद दोबारा निकाह के लिए 'हलाला' की शर्त थी। कहा जाता है कि दुबारा पाने के लिए मीना कुमारी की शादी किसी और व्यक्ति से करवाई गई। फिर उस व्यक्ति से तलाक दिलवाया गया, ताकि बाद में कमाल अमरोही उनसे दोबारा निकाह कर सकें।

किसी के साथ इससे बड़ा अन्याय क्या हो सकता है? जिस आदमी पर उसने भरोसा किया, उसी ने उसे दूसरे के हवाले कर दिया। दुर्भाग्य अगर किसी के पीछे लग जाए, तो वह आसानी से पीछा नहीं छोड़ता। मीना कुमारी की जिंदगी में भी यही हुआ। कमाल अमरोही के साथ उनका रिश्ता हलाला और दुबारा निकाह के बाद भी स्थिर नहीं हो पाया। वह अकेली पड़ती गईं। अवसाद ने उन्हें घेर लिया। शराब उनकी साथी बन गई।

**–फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## पश्चिम एशिया के तनाव के बीच-ऊर्जा संकट की दस्तक

ईरान, इज़राइल और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच टकराव ने वैश्विक तेल बाज़ार में गहरी चिंता पैदा कर दी है। होर्मुज जलडमरू मध्य से दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत कच्चा तेल गुजरता है। भारत के लिए यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारे कुल तेल आयात का लगभग 50–52 प्रतिशत हिस्सा इसी रास्ते से आता है। यदि यह समुद्री मार्ग अवरुद्ध होता है, तो भारत पर सीधा प्रभाव पड़ सकता है, हालांकि सरकार का कहना है कि देश के पास लगभग 6–7 सप्ताह का रणनीतिक तेल भंडार उपलब्ध है, जिससे कुछ समय तक घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सकती है। पेट्रोलियम मंत्रालय स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए हुए है।

भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है और अपनी कुल जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। आज ऊर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है और वर्तमान में बड़ी मात्रा में तेल मध्य-पूर्व से खरीदा जाता है। ऐसे में क्षेत्रीय संकट का सीधा असर पेट्रोल-डीजल की कीमतों और आम नागरिकों की जेब पर पड़ना स्वाभाविक है। तेल की कीमतें पहले ही 80 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच चुकी हैं। यदि यह वृद्धि जारी रहती है, तो महंगाई, चालू खाता घाटा और सरकारी व्यय पर दबाव बढ़ेगा। परिवहन, उर्वरक, हवाई यात्रा तथा दैनिक उपयोग की वस्तुएं महंगी हो सकती हैं।



सुनील कुमार महला
लेखक

अमेरिका-ईरान युद्ध के बाद पश्चिम एशिया की स्थिति और जटिल हो गई है तथा टकराव के नए मोर्चे खुल रहे हैं। अमेरिका और इज़राइल ने ईरान के तेहरान सहित कई शहरी क्षेत्रों पर हमले तेज कर दिए हैं, जबकि ईरान ने अमेरिकी सहयोगी खाड़ी देशों के ठिकानों को निशाना बनाना शुरू किया है। इज़रायली हमलों के कारण चार मार्च को तेहरान में सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के अंतिम संस्कार को स्थगित करना पड़ा। वास्तव में, ईरान ने खाड़ी क्षेत्र के तेल प्रतिष्ठानों पर हमले तेज कर वैश्विक बाजार में हलचल मचा दी है। होर्मुज जलडमरू मध्य को अवरुद्ध करने की कार्रवाई ने न केवल एशियाई देशों की चिंता बढ़ाई है, बल्कि विश्व व्यापार की धुरी को प्रभावित किया है।

भारत भी इससे अछूता नहीं है। बुधवार तक फारस की खाड़ी, ओमान की खाड़ी और आसपास के समुद्री क्षेत्रों में भारतीय ध्वज वाले 37 जहाज फंसे हुए बताए गए हैं। इन पर 1100 से अधिक भारतीय नाविक सवार हैं। कुछ जहाज भारत के लिए कच्चा तेल और एलएनजी लेकर आ रहे थे, जबकि कुछ खाड़ी देशों में पेट्रोलियम उत्पाद लेने जा रहे थे। शेयर बाजार में 1123 अंकों की गिरावट दर्ज की गई, जबकि डॉलर के मुकाबले रुपया 92 के पार चला गया। यदि यह युद्ध लंबा खिंचता है, तो तेल की कीमतों में 13-15 प्रतिशत तक वृद्धि संभव है और साथ ही साथ ब्रेंट क्रूड के दाम और ऊपर जा सकते हैं।

होर्मुज मार्ग बाधित होने के कारण जहाजों को अब केप ऑफ गुड होप के रास्ते से लाया जा रहा है, जिससे परिवहन में लगभग दो सप्ताह का अतिरिक्त समय और लगभग 40 प्रतिशत अधिक लागत लग सकती है। इसके परिणामस्वरूप भारत के निर्यात में 15 प्रतिशत तक गिरावट की आशंका जताई जा रही है। जानकारों का यह मानना है कि तेल कीमतों में संभावित तेजी से परिवहन एवं खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर दबाव बढ़ेगा और महंगाई दर 1-2 प्रतिशत तक ऊपर जा सकती है तथा इससे किराना और यात्रा खर्च में भी वृद्धि होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# गर्मियों में कपड़ों का सही चुनाव

## आराम और स्टाइल का कॉम्बिनेशन

गर्मियों की तपती धूप और उमस में कपड़ों का सही चुनाव केवल स्टाइल नहीं, बल्कि सेहत और आराम के लिए भी जरूरी है। इस मौसम में कॉटन और लिनन जैसे प्राकृतिक रेशों वाले कपड़े सबसे उपयुक्त होते हैं, क्योंकि ये पसीना सोखते हैं और शरीर को ठंडा रखते हैं। रंगों का चयन भी महत्वपूर्ण है, सफेद और हल्के रंग सूरज की किरणों को परावर्तित करते हैं, जिससे गर्मी कम लगती है। तंग कपड़ों के बजाय ढीले-ढाले डिजाइन चुनें ताकि हवा का संचार बना रहे। सही पहनावा चुनकर हम न केवल पसीने और घमौरियों से बच सकते हैं, बल्कि गर्मी के सफर को सुखद और सहज भी बना सकते हैं।



नूर हिना खान
लेखिका







### सही फैब्रिक का चयन करें

गर्मियों में सबसे महत्वपूर्ण है कपड़े का फैब्रिक। सूती (कॉटन) कपड़ा इस मौसम के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है, क्योंकि यह पसीना सोखता है और शरीर को ठंडा रखता है। मलमल, लिनन और खादी भी अच्छे विकल्प हैं, क्योंकि ये हल्के और हवा पार होने वाले होते हैं। इसके विपरीत, पॉलिएस्टर या अन्य सिंथेटिक कपड़े गर्मी में असुविधा बढ़ा सकते हैं। ये पसीना रोकते हैं और त्वचा पर चिपकने लगते हैं। इसलिए दैनिक पहनावे में प्राकृतिक रेशों से बने कपड़ों को प्राथमिकता देना चाहिए।

### आरामदेह डिजाइन और फिटिंग

गर्मी के मौसम में ढीले और आरामदायक कपड़े पहनना चाहिए। बहुत टाइट कपड़े शरीर से चिपकते हैं और पसीना बढ़ाते हैं। ढीले कुर्ते, कॉटन शर्ट, प्लाजो, स्कर्ट या ढीली पैंट शरीर को हवा लगने देते हैं और आराम प्रदान करते हैं। महिलाओं के लिए सूती सलवार-सूट या कॉटन साड़ी उपयुक्त रहती है, जबकि पुरुषों के लिए हल्की शर्ट और कॉटन ट्राउजर या कुर्ता-पायजामा अच्छा विकल्प हो सकता है।

### सिंथेटिक और मोटे कपड़ों से बचें

गर्मियों में कॉटन, लिनन, मलमल और रेयॉन जैसे कपड़े सबसे अच्छे रहते हैं। ये पसीना सोखते हैं और शरीर को ठंडा रखते हैं। सिंथेटिक और बहुत मोटे कपड़ों से बचें, क्योंकि उनमें गर्मी ज्यादा लगती है।

### हल्के रंग पहनें

सफेद, क्रीम, हल्का गुलाबी, आसमानी, मिंट ग्रीन, लैवेंडर और पीले जैसे हल्के रंग गर्मियों में बहुत सुंदर लगते हैं। ये रंग धूप को कम आकर्षित करते हैं और आपको फ्रेश लुक देते हैं।



### ढीला और फ्लोई स्टाइल

बहुत टाइट कपड़े पहनने से बचें। ढीले कुर्ते, ए-लाइन ड्रेस, कॉटन की फ्रॉक, प्लाजो या स्ट्रेट पैंट के साथ कुर्ती पहन सकती हैं। इससे आप आरामदायक और एलिगेंट दोनों दिखेंगी।

### सॉफ्ट और छोटे प्रिंट्स चुनें

छोटे फूलों वाले प्रिंट, हल्के ब्लॉक प्रिंट या मिनिमल डिजाइन गर्मियों में बहुत अच्छे लगते हैं। ज्यादा भारी और गहरे प्रिंट से बचें।

### मेकअप और एक्सेसरीज

गर्मियों में हल्का मेकअप रखें। छोटे ईयररिंग्स, हल्का दुपट्टा और आरामदायक सैंडल आपके लुक को और निखार देते हैं।

### घर के लिए कंफर्ट और फ्रेश लुक

- कॉटन का सिंपल सूट या कुर्ती + प्लाजो
- हल्के रंग जैसे सफेद, पीच, आसमानी या मिंट ग्रीन
- छोटे फ्लोरल या सॉफ्ट प्रिंट
- बिना भारी मेकअप, सिर्फ काजल और लिप बाम
- बालों की सिंपल चोटी या क्लच
- इससे आप आरामदायक भी रहेंगी और हमेशा फ्रेश दिखेंगी।

### ऑफिस और पढ़ाई के लिए स्मार्ट एलिगेंट लुक



- स्ट्रेट कट कॉटन कुर्ती + पैंट
- सॉलिड रंग जैसे हल्का ब्लू, लैवेंडर, बेज
- बहुत भारी प्रिंट से बचें
- हल्की घड़ी और छोटे ईयररिंग्स
- साफ-सुथरा जूड़ा या पोनीटेल

इससे पर्सनैलिटी प्रोफेशनल और क्लासी लगेगी।

### फंक्शन के लिए ग्रेसफुल आउटफिट

- शिफॉन या जॉर्जेट का हल्का सूट
- फ्लोई अनारकली स्टाइल
- पेस्टल शेड्स पर हल्का गोटा या थ्रेड वर्क
- हल्का हाईलाइटर + न्यूड लिपस्टिक
- स्टेटमेंट ईयररिंग्स

इसमें गर्मी में भी आप एलिगेंट और स्टाइलिश दिखेंगी।

---

ओटीटी

# सूबेदार 2026

सेना का एक सूबेदार (अनिल कपूर) जो सेना में देश रक्षा के कर्तव्यवश अपने परिवार की अपेक्षाओं की पूर्ति नहीं कर पाता है और यह अपराध बोध उसके मन पर छाया रहता है, जिसे वह किसी से भी बांट नहीं पाता, जब अपने गांव लौटता है, तो व्यवस्था के प्रति उसका क्रोध किस तरह फूटता है यह कहानी है सूबेदार की।

सूबेदार का अपराधबोध जन्य क्रोध उसे अपनी बेटी (राधिका मदान) से भी खुलने नहीं देता, जो दोनों के बीच एक अविश्वास को पैदा कर देता है। यह एक सब प्लॉट है सूबेदार का। एक दोस्त है सूबेदार का (सौरभ शुक्ला) जो हर हाल में साथ है, जो एक से हालात में रहने से पैदा हुई सहानुभूति को दर्शाता है और दूसरी तरफ व्यवस्था में भ्रष्टाचार (कोऑपरेटिव बैंक का माहौल) और गुंडागर्दी ( मोना सिंह, आदित्य रावल और फैसल मलिक) है, जिससे सूबेदार को निपटना है।

कुल मिलाकर सारे के सारे चरित्र अधकचरे हैं सिवाय सूबेदार के और वह भी फिल्म में खुद को जस्टिफाई करने में असफल है। लगता है कि निर्देशक और लेखक का एक मात्र उद्देश्य अनिल कपूर को एक्शन हीरो दिखाकर ओटीटी की दुनिया में जमाना और शायद वह उसमें सफल हुए हैं और इस चक्कर में सौरभ शुक्ला और मोना सिंह जैसे दो बहुत अच्छे एक्टर्स कुर्बान हो गए। दोनों को कुछ डायलॉग्स और सीन्स मिले हैं, पर दोनों करीब-करीब बेअसर। मोना सिंह कई बार सुरेखा सीकरी की याद दिलाती है, मुझे लगता है वह धीरे-धीरे लुक्स और डायलॉग डिलीवरी में उसके जैसी होती जा रही है, इसे प्रशंसा समझें पर सूबेदार में तो व्यर्थ हो गई हैं। राधिका मदान ने अच्छा रोल किया है, परंतु कमजोर लेखन और निर्देशन की गलतियों के कारण उसका चरित्र स्थापित ही नहीं हो पाता। खुशबू और नाना को दिखाने की आवश्यकता ही क्या थी? बाकी लोगों ने बेकार में खूब फुटेज खाया है।




निर्देशक बहुत समय तक फिल्म में अपने उद्देश्य को ही नहीं बता पाता। कुछ भी क्यों हो रहा है बस आप सोचते रहिए, बल्कि अंत तक कहानी के टुकड़े जोड़ना ही कठिन है। अंत ने तो उद्देश्य रहित लेखन की पोल ही खोल दी है।

सिर्फ अनिल कपूर हैं फिल्म में। ओढ़िये या बिछाइए। पार्श्व संगीत कहीं-कही प्रभावित करता है पर लाउड है। संवाद एकदम बेकार हैं। दृश्यंकन में कल्पना का अभाव है , आसमान में ऊंचे हवाई जहाज की परछाईं जमीन पर आपने देखी है? अगर अनिल और राधिका से आपका मन भरे, एक्शन आपको भाता हो, तो देखिए सूबेदार, कहानी तो बेदम है। सोचिए, क्या हमें फिल्मों में कबीर सिंह, एनिमल, गर्लफ्रेंड के नायकों के अतिचारी चरित्रों से बचना इतना कठिन होता जा रहा है कि कहानी के और कोमल अंगों पर ध्यान ही न दिया जा सके? क्या-क्या और बर्बाद कर के दम लेंगे हम?

*समीक्षक- ब्रज राज नारायण सक्सेना*

---

# भारतीय सिनेमा के 'ऑर्सन वेल्स' गुरु दत्त

सिनेमा निर्माण के विभिन्न कलात्मक पक्षों में अपने प्रयोगधर्मी प्रयासों के लिए 'भारत के ऑर्सन वेल्स' कहे जाने वाले महान फिल्मकार गुरु दत्त का यह जन्मशती वर्ष है। यह केवल एक कैलेंडर का आंकड़ा नहीं है, बल्कि उस कालजयी सृजन का उत्सव है, जिसने भारतीय सिनेमा को विश्व पटल पर एक नई पहचान दी। आज पूरी दुनिया एक फिल्मकार के रूप में उनके योगदान के विभिन्न पक्षों की विवेचना कर रही है। उनकी दूरदृष्टि से अचंभित होकर लोग, उन्हें अपने समय से बहुत आगे का रचनाकार मान रहे हैं।



अभिषेक मिश्र
लेखक



**स्मृति के विविध रंग:** इस वर्ष उनकी स्मृति में उनके प्रशंसकों द्वारा वैश्विक स्तर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उनकी फिल्मों का पुनर्प्रदर्शन, उनकी कृतियों पर आधारित फिल्म फेस्टिवल और कला दीर्घाओं में उनके कार्यों पर परिचर्चाएं यह सब उनके प्रति आज भी कायम दीवानगी का प्रमाण है। विशेष रूप से 'सारेगामा कारवां' के नए संस्करण में गुरु दत्त की फिल्मों के गानों पर एक पृथक खंड का शामिल किया जाना यह बताता है कि उनका संगीतबोध आज भी उतना ही प्रासंगिक है। दास्तानगोई जैसी पारंपरिक विधाओं के माध्यम से उनकी जीवन यात्रा को नए श्रोताओं तक पहुंचाया जा रहा है। शायद गुरु दत्त की आत्मा आज उस संतुष्टि का अनुभव कर पा रही हो, जो उन्हें जीते जी न मिल सकी।

**प्रारंभिक जीवन :** गुरु दत्त का जन्म 3 जुलाई 1925 को बेंगलुरु में एक मध्यमवर्गीय चितरपुर सारस्वत ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके बचपन का नाम वसंत कुमार शिवशंकर पादुकोणे था। उनके व्यक्तित्व के निर्माण में उनके माता-पिता की शैक्षणिक और साहित्यिक पृष्ठभूमि का गहरा प्रभाव था। उनके पिता श्री शिवशंकर राव पादुकोणे एक साहित्य प्रेमी प्रधानाध्यापक थे, जो अंग्रेजी में कविताएं लिखते थे। उनकी मां वसंती पादुकोणे भी लघुकथाएं लिखती थीं और बांग्ला उपन्यासों का कन्नड़ में अनुवाद करती थीं। परिवार की आर्थिक स्थिति और पिता के अंतर्मुखी स्वभाव ने गुरु दत्त को भी एकांतप्रिय बना दिया। जब उनका परिवार कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) स्थानांतरित हुआ, तो वहां के सांस्कृतिक परिवेश ने उनके भीतर के कलाकार को अंकुरित होने का अवसर दिया। यहीं से वसंत कुमार 'गुरु दत्त' बनने की दिशा में अग्रसर हुए।

**कला का प्रवेश:** गुरु दत्त की फिल्मों की सिनेमैटोग्राफी में प्रकाश और छाया (Chiaroscuro) का जो जादुई मेल दिखता है, उसके बीज उनके बचपन में ही पड़ गए थे। उनकी दादी शाम की आरती के लिए जो दिया जलाती थीं, उसकी रोशनी में वे अपनी उंगलियों से दीवार पर छाया आकृतियां बनाया करते थे। दीये का यह खेल उनके जीवन का रूपक बन गया, जैसे एक दिया खुद को जलाकर रोशनी फैलाता है, गुरु दत्त ने भी अपने भीतर के संघर्ष की आग से सिनेमा को रोशन किया।

नृत्य के प्रति उनके लगाव ने उन्हें सुप्रसिद्ध नर्तक उदयशंकर के अल्मोड़ा स्थित 'इंडियन कल्चरल सेंटर' तक पहुंचाया। पांच साल की नृत्य शिक्षा ने उन्हें दृश्य की लय और फ्रेमिंग की अद्भुत समझ दी। यहीं से उनका सफर प्रभात स्टूडियो पहुंचा, जहां उनकी मुलाकात दो अनमोल मित्रों रहमान और देव आनंद से हुई।

### निर्देशन और अभिनय का द्वंद्व

- **फिल्मकार :** गुरु दत्त मूलत: एक ऐसे फिल्मकार थे, जिनके दिमाग में पूरा दृश्य पहले से ही तैयार रहता था, लेकिन वे उसे शब्दों में व्यक्त करने में अक्सर असहज रहते थे। उनकी यह खामोशी अक्सर सेट पर उनके साथियों के लिए पहेली बन जाती थी। यह दिलचस्प है कि अपनी उत्कृष्ट फिल्म 'प्यासा' के लिए वे पहले दिलीप कुमार के पास गए थे, लेकिन जब बात नहीं बनी, तो उन्होंने स्वयं 'विजय' का किरदार निभाया और अभिनय की ऐसी मिसाल पेश की जिसे आज भी मील का पत्थर माना जाता है। कैमरे के प्रति उनकी शुरुआती हिचकिचाहट उनकी फिल्मों 'बाजी' और 'जाल' में छोटी उपस्थिति के रूप में देखी जा सकती है।
- **सिनेमा :** गुरु दत्त की फिल्में उनके निजी जीवन और सामाजिक सरोकारों का प्रतिबिंब थीं। 'प्यासा' के माध्यम से उन्होंने एक ऐसे कलाकार की व्यथा दिखाई, जिसे समाज उसकी मृत्यु के बाद पूजता है। वहीं 'कागज के फूल' भारतीय सिनेमा की पहली 'सिनेमास्कोप' फिल्म थी, जो एक निर्देशक के पतन और अकेलेपन की मार्मिक गाथा थी। यह फिल्म उनके लिए इतनी व्यक्तिगत थी कि जब यह बॉक्स ऑफिस पर असफल हुई, तो उन्होंने इसे अपनी व्यक्तिगत हार मान लिया। उनकी अंतिम निर्देशित फिल्म की असफलता ने उनके आत्मविश्वास को इस कदर झकझोरा कि उन्होंने फिर कभी किसी फिल्म को आधिकारिक रूप से निर्देशित नहीं किया। 'साहब, बीवी और गुलाम' और 'चौदहवीं का चांद' में वे पर्दे पर तो दिखे, लेकिन निर्देशन की कमान दूसरों के हाथों में रही।
- **मानसिक स्वास्थ्य :** गुरु दत्त का जीवन केवल कला की गाथा नहीं है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य और अवसाद के साथ एक लंबी जद्दोजहद की कहानी भी है। आज जब हम मानसिक स्वास्थ्य पर बात करते हैं, तब गुरु दत्त का अस्तित्व इस विषय पर चर्चा के एक प्रतीक के रूप में उभरता है। वे अक्सर अपने मित्रों से कहते थे, 'पैसा है, शोहरत है, सब कुछ है, पर कुछ भी नहीं रहा।'
- **अंतिम शॉट व विरासत :** 10 अक्टूबर 1964 की सुबह सिनेमा के लिए एक काला अध्याय लेकर आई। 39 वर्ष की अल्पायु में गुरु दत्त ने दुनिया को अलविदा कह दिया। उनकी मृत्यु के दृश्य का वर्णन भी किसी फिल्म के 'क्लाइमेक्स' जैसा प्रतीत होता है कुर्ता-पाजामा पहने, हाथ में एक अधूरी किताब और चेहरे पर एक गहरी विचार मुद्रा।

---

जिंदगी का सफर

# बॉलीवुड की पहली फीमेल सुपरस्टार



श्रीदेवी ने अपनी अदाओं और अभिनय की वजह से लोगों के दिलों में जगह बनाई। अभिनेत्री श्रीदेवी के काम की खासियत कड़ी मेहनत और हर चुनौती को पार करने की लगन थी। उन्होंने कई भाषाओं में काम किया। श्रीदेवी को शुरुआत में हिंदी बिल्कुल नहीं आती थी। उन्होंने अपने करियर में हिंदी, तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ फिल्मों में काम करके यह साबित किया कि अगर इच्छा शक्ति और मेहनत हो, तो कोई भी भाषा या बाधा आपके रास्ते में नहीं आ सकती। वह साउथ के बाद बॉलीवुड की पहली फीमेल सुपरस्टार कहलाईं।

श्रीदेवी का जन्म 13 अगस्त 1963 को तमिलनाडु के एक छोटे से गांव मीनमपट्टी में हुआ। उनके पिता का नाम अय्यपन और मां का नाम राजेश्वरी था। उनके पिता एक वकील थे। श्रीदेवी ने छह साल की उम्र में फिल्मों में काम करना शुरू किया। उनका फिल्मी करियर दक्षिण भारतीय सिनेमा से शुरू हुआ। उन्होंने तमिल, तेलुगू और मलयालम फिल्मों में काम किया और कई पुरस्कार भी जीते। उन्हें 1971 में मलयालम फिल्म 'मूवी पूमबत्ता' के लिए केरल स्टेट फिल्म अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यही समय था, जब उन्होंने यह सीखा कि अभिनय केवल भाषा पर निर्भर नहीं करता, बल्कि भाव और मेहनत सबसे जरूरी हैं।



श्रीदेवी की बॉलीवुड में एंट्री 1979 में हुई। उनकी पहली हिंदी फिल्म 'सोलहवां सावन' थी। हालांकि उन्हें असली पहचान फिल्म 'हिम्मतवाला' से मिली। इस फिल्म में उनके अभिनय और डांस की अद्भुत कला ने दर्शकों को अपना दीवाना बना दिया। उन्हें शुरुआत में हिंदी बोलने में कठिनाई होती थी। उन्होंने यह चुनौती पूरी लगन और अभ्यास से पार कर ली। उनके इस संघर्ष ने कई नए कलाकारों के लिए प्रेरणा का काम किया होगा।

श्रीदेवी ने अपने करियर में कई यादगार रोल निभाए। उन्होंने 'चालबाज' में डबल रोल किया, 'सदमा' और 'चांदनी' जैसी फिल्मों में उनकी एक्टिंग की तारीफ पूरे देश ने की। श्रीदेवी को कई पुरस्कार भी मिले। उन्हें 'चालबाज' और 'लम्हें' के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला और साल 2013 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया।

श्रीदेवी ने करियर में लगभग 200 फिल्मों में काम किया, जिनमें हिंदी, तमिल, तेलुगू और मलयालम फिल्में शामिल हैं। वहीं उन्हें बॉलीवुड की पहली सुपरस्टार भी कहा जाता था। श्रीदेवी ने निजी जीवन को प्राथमिकता देने के लिए इंडस्ट्री से दूरी बनाने का कदम ऐसे वक्त पर उठाया, जब वह अपने करियर के शिखर पर थीं। ब्रेक के 15 साल बाद उन्होंने 'इंग्लिश विंग्लिश' जैसी फिल्म के साथ वापसी करने का फैसला लिया और वही निर्णय उनके जीवन के सबसे प्रेरक अध्यायों में से एक बन गया। 24 फरवरी 2018 को दुबई में उनका निधन हो गया। वह आज भले हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके जीवन से मिली सीख और उनका संघर्ष हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे।

**फूड डिलीवरी में दिसंबर तिमाही में हुई वृद्धि**

**नयी दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर लेकर भोजन पहुंचने वाली भारत की शीर्ष तीन कंपनियों - स्विगी, मैजिकपिन और जोमैटो ने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में वृद्धि की रफ्तार फिर से हासिल कर ली है। उद्योग के अधिकारियों ने कहा कि त्योहारी मांग, किफायती पेशकशों और बढ़ते उपयोगकर्ता आधार के चलते ऑर्डर की संख्या में जबरदस्त उछाल देखा गया है। विपणन, उत्पाद नवाचार और मूल्य आधारित प्रस्तावों में निवेश के साथ, इस क्षेत्र को आने वाली तिमाहियों में भी वृद्धि की गति बरकरार रहने की उम्मीद है।

**अमृत विचार**

बरेली, सोमवार, 9 मार्च 2026

www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 2475, राज श्री 1880, फ़ॉर्चून कि. 2430, रविन्द्रा 2450, फॉर्चुन 13kg 2140, जय जवान 2065, सचिन 2120, सूरज 2065, अवसर 1950, उजाला 2070, गृहणी 13 kg 1990, क्लासिक (kg) 2305, मोर 2260, चक्र टिन 2445, ब्लू 2230, आशीर्वाद मस्टर्ड 2390, स्वास्तिक 2430

**किराना**-निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 12000-13000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 900-1050

**चावल**-( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200

**दाल दलहन** -मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200-12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7350-9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 13100

**चीनी** - पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4200

## बरेली सर्राफा

( प्रति 10 ग्राम ) गोल्ड (पक्के जेवर) 163200, गोल्ड (गिन्नी जेवर) 159200, सिल्वर ( पक्की) 2700 (अनुमानित )

## बिजनेस ब्रीफ

### पांच से 15 प्रतिशत बढ़ रहीं एसी की कीमतें

**नयी दिल्ली।** एयर कंडीशनर बनाने वाली प्रमुख कंपनियां कीमतों में 5-15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी कर रही हैं। यह वृद्धि ठीक उस समय हो रही है, जब गर्मी शुरू होने के साथ एयर कंडीशनर (एसी) की मांग बढ़ने वाली है। डाइकिन, वोल्टास, ब्लू स्टार, एलजी, हायर और मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज सहित प्रमुख कंपनियों ने विभिन्न मॉडलों की मूल्य वृद्धि की घोषणा की है।

## नवरात्र की तैयारी



प्रयागराज के पास लालगोपालगंज गांव में एक कारीगर सनातन हिंदू रीति-रिवाजों में इस्तेमाल होने वाले पवित्र नारंगी-पीले धागे कलावा को रंग रहा है। आने वाले नवरात्रि त्योहार के लिए कारीगर ऑर्डर तैयार कर रहे हैं। बासंतिक नवरात्र इसी माह हैं।

# कच्चे तेल की कीमतें तय करेंगी शेयर बाजार की चाल

## विश्लेषक बोले-विदेशी निवेशकों का रुख और वैश्विक बाजार के रुझान करेंगे प्रभावित

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा मुख्य रूप से पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम और कच्चे तेल की कीमतों पर इसके प्रभाव से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा, वैश्विक बाजार के रुझान और विदेशी निवेशकों के रुख से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा- इस सप्ताह वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक घटनाक्रम बाजार की दिशा को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण बाहरी कारक बने रहेंगे। इसके साथ ही, कुछ प्रमुख व्यापक आर्थिक आंकड़े भी जारी होंगे, जो निकट भविष्य की धारणा को आकार दे सकते हैं। घरेलू मोर्चे पर निवेशक 12 मार्च को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे।' वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 8.52 प्रतिशत उछलकर 92.69 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है।



ऑनलाइन कारोबार और संपत्ति फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि आने वाला सप्ताह अस्थिर रहने की संभावना है, क्योंकि बाजार की धारणा काफी हद तक पश्चिम एशिया में लगातार जारी भू-राजनीतिक तनाव से प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि निवेशक वैश्विक घटनाक्रमों, विशेष रूप से कच्चे तेल की कीमतों पर नजर रखेंगे क्योंकि ऊर्जा बाजार जोखिम लेने की क्षमता को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजय कुमार ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर अनिश्चितता, बाजार में लगातार गिरावट, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के प्रति भारतीय अर्थव्यवस्था की संवेदनशीलता और रुपये की तेज गिरावट ने एफआईआई की बिकवाली को बढ़ाया।

### इस्पात पर पड़ेगा पश्चिम एशिया तनाव का असर

**नयी दिल्ली।** बिगमिंट रिसर्च के अनुसार पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के कारण ईंधन की लागत बढ़ रही है, जिससे भारत सहित वैश्विक इस्पात उद्योग को आने वाले दिनों में कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। बिगमिंट के विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल, एलएनजी और माल ढुलाई लागत में एक साथ बढ़ोत्तरी हो रही है, जिससे लागत का दबाव सीधे इस्पात और इस्पात से संबंधित जिंस बाजारों पर पड़ रहा है।

# कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए भारत ने खोजे वैकल्पिक स्रोत

## रिफाइनरियों ने मरम्मत बंदी को टाला, संघर्ष क्षेत्र से बाहर क्षेत्रों से ले रहे अधिक आपूर्ति

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के लंबा खिंचने की आशंका के बीच भारतीय खुदरा ईंधन कंपनियों ने अमेरिका, रूस और पश्चिम अफ्रीका से अतिरिक्त कच्चे तेल के लिए बातचीत शुरू कर दी है। उद्योग अधिकारियों और विश्लेषकों ने यह जानकारी दी। कच्चे तेल को पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों में परिशोधित करने वाली रिफाइनरियों ने फिलहाल प्रस्तावित मरम्मत बंदी को टाल दिया है और सामान्य परिचालन दर बनाए रखी है ताकि देश की तात्कालिक जरूरतों के लिए पर्याप्त बफर स्टॉक बना रहे।

बता दें कि भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है। फरवरी में इस आपूर्ति का लगभग आधा हिस्सा ''होर्मुज जलडमरूमध्य'' से होकर आया था, जो ईरान और ओमान के बीच एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण





इस रणनीतिक मार्ग से टैंकरों की आवाजाही लगभग ठप हो गई है।

पेट्रोलियम मंत्रालय के एक उच्च पदस्थ सूत्र ने बताया कि हम उन क्षेत्रों से अधिक आपूर्ति ले रहे हैं जो संघर्ष क्षेत्र से बाहर हैं। वर्ष 2025 में गैर-होर्मुज स्रोतों की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 70 प्रतिशत हो गई है। भारतीय रिफाइनरियां अब पश्चिम अफ्रीका, लातिन अमेरिका और अमेरिका से तेल ले रही हैं। साथ ही, अमेरिकी ट्रेजरी (वित्त) विभाग द्वारा रूसी तेल की बिक्री और वितरण के लिए दी गई 30 दिनों की छूट ने एक नया रास्ता खोल दिया है।

इस छूट के तहत पांच मार्च तक जहाजों पर लदे रूसी तेल को पांच अप्रैल तक बिना प्रतिबंधों के भारत पहुंचने की अनुमति दी गयी है।

- **28 फरवरी के बाद 70 से बढ़कर 92 डॉलर प्रति बैरल के पार हुईं कच्चे तेल की कीमतें**

रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचपीसीएल और एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड जैसी कंपनियों ने रूसी तेल की खरीद फिर से शुरू कर दी है। मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि भारत की स्थिति मजबूत है और वर्तमान भंडार देश की 50 दिनों की मांग को पूरा करने को पर्याप्त है।

उन्होंने कहा कि भारत के पास वर्तमान में लगभग 14.4 करोड़ बैरल कच्चा तेल भंडारण में है और महत्वपूर्ण बात यह है कि तेल की इस आपूर्ति की निरंतर भरपाई की जा रही है।

मंत्रालय के आंकड़ों अनुसार, देश के पास इसके अलावा सामरिक पेट्रोलियम भंडार (एसपीआर) और सरकारी तेल कंपनियों के पास मौजूद स्टॉक को मिलाकर कुल क्षमता लगभग 74 दिनों के शुद्ध आयात के बराबर है।

विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि वैकल्पिक स्रोतों से आपूर्ति सुनिश्चित होने के बावजूद कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, अधिक माल भाड़े और बीमा प्रीमियम के कारण आयात बिल बढ़ सकता है।

28 फरवरी के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 70 डॉलर से बढ़कर 92 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की कीमतें भी दोगुनी से अधिक बढ़कर 24-25 डॉलर प्रति दस लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट तक पहुंच गई हैं। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक है और अपनी कुल जरूरतों का लगभग आधा हिस्सा पश्चिम एशिया से प्राप्त करता है।

## पश्चिम एशिया संकट: एफपीआई ने निकाले 21,000 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी निवेशकों ने पश्चिम एशिया संकट के बीच पिछले चार कारोबारी सत्रों के दौरान भारतीय इक्विटी से 21,000 करोड़ रुपये निकाले हैं।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई)द्वारा फरवरी में भारतीय इक्विटी में 22,615 करोड़ रुपये के निवेश के बाद यह ताजा बिकवाली हुई है। फरवरी का निवेश पिछले 17 महीनों में सबसे अधिक मासिक लिवाली थी। इससे पहले एफपीआई लगातार तीन महीनों तक शुद्ध विक्रेता रहे थे। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार उन्होंने जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपये और नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये निकाले थे। ताजा निकासी 2-6 मार्च के दौरान हुई, जब एफपीआई ने 'कैश मार्केट' में लगभग 21,000 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। उल्लेखनीय है कि तीन मार्च को होली के उपलक्ष्य में बाजार बंद थे।

बाजार विशेषज्ञों ने इस निकासी का मुख्य कारण पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को बताया है। एंजेल वन के वरिष्ठ बुनियादी विश्लेषक वकार जावेद खान ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान के डर ने ब्रेंट क्रूड की कीमतों को 90 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचा दिया।

# एसएपी ने रोकीं सॉफ्टवेयर सेवाएं, नायरा की याचिका पर सुनवाई 16 को

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय अगले सप्ताह जर्मनी की सॉफ्टवेयर कंपनी एसएपी की भारतीय इकाई के खिलाफ नायरा एनर्जी की याचिका पर सुनवाई करेगा। एसएपी ने नायरा के परिचालन के लिए महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर सेवाओं को निलंबित कर दिया है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के अनुसार पिछले साल सितंबर में एसएपी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा यूरोपीय संघ (ईयू) के प्रतिबंधों का हवाला देते हुए सेवाएं निलंबित करने के बाद नायरा एनर्जी ने दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया था।

अदालत ने इस मामले में पहले तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया था, लेकिन अब 16 मार्च को इस याचिका पर सुनवाई करने वाली है। यूरोपीय संघ ने पिछले साल रूस के साथ संबंधों के चलते नायरा पर प्रतिबंध लगाए थे। नायरा एनर्जी ने अदालत के सामने तर्क दिया कि उसका समझौता एसएपी इंडिया के साथ है, जो एक भारतीय इकाई है, और इसलिए यह ईयू के प्रतिबंधों के

- **नायरा के रूस के साथ संबंधों के चलते एसएपी ने निलंबित की साफ्टवेयर सेवाएं**

अधीन नहीं है। हालांकि, एसएपी इंडिया का तर्क है कि उसकी मूल कंपनी जर्मनी में स्थित है और वह उनके सहयोग के बिना अपनी सेवाएं प्रदान नहीं कर सकती है।

नायरा ने तर्क दिया कि ऐसा करने से भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए खतरा है, क्योंकि कंपनी भारत के पेट्रोलियम के एक महत्वपूर्ण हिस्से का उत्पादन करती है। कंपनी का कहना है कि इस तरह का कदम भारतीय कंपनियों और उनके परिचालन को विदेशी संस्थाओं द्वारा कानून की व्याख्या और उनके अनुप्रयोगों के भरोसे छोड़ देता है। नायरा की याचिका में एसएपी के इस कदम को 'जरूरी सेवाओं का अचानक, एकतरफा और अवैध निलंबन बताया गया है।' याचिका में कहा गया कि एसएपी का सॉफ्टवेयर पिछले 18 वर्षों से नायरा के हर परिचालन के साथ पूरी तरह से जुड़ा है और कंपनी किसी अन्य विकल्प को नहीं अपना सकती है।

# एसईजेड नीति में बड़े सुधारों पर सुझाव देने को बनी 17 सदस्यीय समिति

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड)नीति में व्यापक सुधारों के बारे में सुझाव देने के लिए एक 17 सदस्यीय समिति का गठन किया है। एक अधिकारी ने बताया कि यह समिति 'एसईजेड 2.0' नीति तैयार करने के लिए एक रिपोर्ट सौंपेगी, जिसमें व्यापक और समावेशी सुधारों की रूपरेखा सुझाई जाएगी।

समिति मौजूदा विभिन्न निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं के समन्वय और एकीकरण पर केंद्रित एक अध्ययन करेगी। इसमें एसईजेड, निर्यात उन्मुख इकाइयां (ईओयू),



- **एसईजेड 2.0 नीति बनाने को समावेशी सुधारों की रूपरेखा बनाकर रिपोर्ट सौंपेगी समिति**

गोदामों में विनिर्माण और अन्य परिचालन (एमओओडब्ल्यूआर), अग्रिम मंजूरी, पूंजीगत वस्तुओं के लिए निर्यात प्रोत्साहन (ईपीसीजी) और शुल्क मुक्त आयात मंजूरी (डीएफआईए) जैसी योजनाएं शामिल हैं। समिति में वाणिज्य विभाग, सीमा शुल्क, नीति आयोग, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के प्रतिनिधि शामिल हैं। समिति के कार्यक्षेत्र (टीओआर) में विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) अधिनियम, 2005 की समीक्षा करना शामिल है। इसका उद्देश्य वर्तमान वैश्विक व्यापार, निवेश वातावरण और वृहत आर्थिक परिदृश्य में इस अधिनियम की प्रभावशीलता का आकलन करना है।

## डब्ल्यूटीओ बैठक में होगी ई-कॉमर्स कर स्थगन, सुधारों पर चर्चा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कैमरून के याउंडे में 26 से 29 मार्च तक होने वाली विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की चार दिवसीय मंत्रिस्तरीय बैठक में 166 देशों के व्यापार मंत्री डब्ल्यूटीओ सुधारों, कृषि संबंधी मामलों, विवाद निपटान और ई-कॉमर्स कर स्थगन जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे। एक अधिकारी ने बताया कि मत्स्य पालन सब्सिडी, चीन के नेतृत्व वाला 'विकास के लिए निवेश सुविधा' समझौता, ई-कॉमर्स कार्य से जुड़ा कार्यक्रम और कर स्थगन, विकास एवं एसएंडडीटी और समान अवसर जैसे मुद्दे भी संगठन के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के दौरान चर्चा में शामिल हो सकते हैं।

# सोने में बना रह सकता है उतार-चढ़ाव

## पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से बढ़ेंगी सोने की कीमतें, तनाव कम होने पर भारी बिकवाली

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच सोने की कीमतों में अगले सप्ताह भी उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना है। विश्लेषकों के अनुसार निवेशकों की पश्चिम एशिया से जुड़े घटनाक्रमों और घरेलू बाजार की धारणा को प्रभावित करने वाले प्रमुख वृहत आर्थिक आंकड़ों पर नजर होगी।

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी घटनाक्रमों पर नजर बनी रहेगी। तनाव बढ़ने से सोने की कीमतों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, लेकिन तनाव कम



होने के संकेत मिलने पर भारी बिकवाली हो सकती है।

मेर ने कहा कि चांदी में अभी सीमित दायरे में घट-बढ़ हो रही है। लेकिन इसमें भारी अस्थिरता देखी जा रही है। इसका कारण सोने और तांबा तथा जस्ता जैसी औद्योगिक धातुओं में सीमित दायरे में घट-बढ़ के कारण इसके लाभ सीमित हैं। पिछले सप्ताह घरेलू बाजार में सर्राफा वायदा में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी 14,359 रुपये यानी 5.08 प्रतिशत टूटी, जबकि सोना 470 रुपये यानी 0.3 प्रतिशत फिसला।

एंजल वन के गैर-कृषि जिंस और मुद्रा विभाग के शोध मामलों के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट प्रथमेश एम ने कहा कि पिछले सप्ताह सोने की कीमत 1.59 लाख से 1.70 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में रही। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर तनाव, एशियाई मांग, केंद्रीय बैंकों की मजबूत खरीद, अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड का उच्च प्रतिफल और डॉलर की मजबूती सर्राफा बाजार में कीमतों को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक बने हुए हैं।

मेर ने कहा कि अमेरिकी डॉलर, फ्रैंक और बॉन्ड जैसे वैकल्पिक सुरक्षित निवेश विकल्पों की बढ़ती मांग के बीच सोना साप्ताहिक आधार पर नकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ है। हालांकि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण गिरावट सीमित बनी हुई है।

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस** | अब ध्यान केवल भागीदारी बढ़ाने से हटकर निरंतर नेतृत्व और जवाबदेही पर होना चाहिए

# प्रौद्योगिकी में बढ़ा आत्मविश्वास, नेतृत्व में अब भी बाधाएं

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

युवा महिलाएं कृत्रिम मेधा (एआई) जैसे उभरते क्षेत्रों को आकार देने के लिए अभूतपूर्व आत्मविश्वास के साथ प्रौद्योगिकी क्षेत्र में प्रवेश कर रही हैं, लेकिन उन्हें नेतृत्व की भूमिकाओं तक पहुंचाने के लिए कॉरपोरेट भारत को कार्यस्थल प्रणालियों को तत्काल फिर से डिजाइन करना चाहिए। देश की शीर्ष महिला अधिकारियों ने यह बात कही। उन्होंने मध्यम स्तर पर महिलाओं के करियर को खत्म होने से रोकने की जरूरत पर भी जोर दिया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय प्रौद्योगिकी और कॉरपोरेट जगत की दिग्गज महिलाओं के बीच एक आम सहमति बनी है कि अब ध्यान केवल भागीदारी बढ़ाने से हटकर निरंतर नेतृत्व और जवाबदेही पर होना



- **नया नियम लिख रही हैं महिलाएं- सेल्सफोर्स (साउथ एशिया) सीईओ**
- **नवाचार का नेतृत्व कर रही हैं महिलाएं: सिंधु गंगाधरन**
- **नेतृत्व में हिस्सेदारी बढ़नी चाहिए -विप्रो की सीटीओ संध्या अरुण**

चाहिए। सेल्सफोर्स साउथ एशिया की सीईओ अरुंधति भट्टाचार्य ने कहा कि वे (महिलाएं) नया नियम लिख रही हैं। वे न केवल मौजूदा ढांचे में सफल हो रही हैं, बल्कि मौलिक रूप से बदल रही हैं कि प्रौद्योगिकी नेतृत्व कैसा दिखना चाहिए।' उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी अधिक शिक्षित, विश्व स्तर पर जुड़ी हुई और पहले से कहीं अधिक आत्मविश्वासी है।

एसएपी लैब्स इंडिया की प्रबंध निदेशक और नैसकॉम की चेयरपर्सन सिंधु गंगाधरन ने कहा कि युवा महिलाएं एआई, डेटा साइंस और इंजीनियरिंग में सक्रिय रूप से उत्पाद बना रही हैं और नवाचार का नेतृत्व कर रही हैं। उन्हें भरोसा है कि आने वाला दशक बिना किसी भेदभाव के महिलाओं के प्रतिनिधित्व के लिए परिवर्तनकारी होगा। टेक महिंद्रा की सीआईओ पल्लवी कटियार ने कहा कि युवा महिलाओं का यह नजरिया कि नेतृत्व एक स्वाभाविक प्रगति है, बदलाव के लिए एक शक्तिशाली उत्प्रेरक साबित होगा। महिलाओं के लिए प्रवेश स्तर पर मजबूत संख्या के बावजूद शीर्ष पदों तक की यात्रा अभी भी कई बाधाओं से भरी है।

एपी मोलर-मेर्सक की वरिष्ठ उपाध्यक्ष रेशम साही ने कहा, 'भारत के प्रौद्योगिकी कार्यबल में महिलाओं का प्रतिनिधित्व लगभग एक-तिहाई है, कार्यकारी भूमिकाओं में यह घटकर केवल सात प्रतिशत और निदेशक स्तर पर लगभग 13 प्रतिशत रह जाता है।' अब चुनौती कार्यबल में प्रवेश की नहीं, बल्कि नेतृत्व तक निरंतर प्रगति की है।

विप्रो की मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) संध्या अरुण ने नेतृत्व में हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए अधिक जवाबदेही की वकालत की। कहा-जब नेतृत्व के रास्ते पारदर्शी होंगे और परिणामों को मापा जाएगा, तभी समावेशिता वास्तविक होगी।

# म्यूचुअल फंड निवेशकों की सुरक्षा के लिए 'डेबिट फ्रीज' सुविधा

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने म्यूचुअल फंड निवेशकों की यूनिट्स की डिजिटल सुरक्षा के लिए नई वैकल्पिक 'लॉक-इन' या 'डेबिट फ्रीज' सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। यह सुविधा डीमैट और गैर-डीमैट दोनों तरह के फोलियो को उपलब्ध होगी, जिससे अनधिकृत डेबिट को रोका जा सकेगा। सेबी की इस पहल से निवेशक अपनी यूनिट्स को स्वेच्छा से लॉक कर सकेंगे, जब तक वे इसे अनलॉक न करें। सेबी के अनुसार 30 अप्रैल से प्रभावी होने वाली यह सुविधा एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के परामर्श से लागू की जा रही है।

**इस तरह काम करेगी सुविधा:** डेबिट फ्रीज सुविधा को सबसे पहले एमएफ सेंट्रल प्लेटफॉर्म के माध्यम से रजिस्ट्रार एंड ट्रांसफर एजेंट्स





(आरटीए) द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। एमएफ सेंट्रल एक इंटर-ऑपरेबल आरटीए प्लेटफॉर्म है, जिसकी शुरुआत सेबी ने म्यूचुअल फंड लेन-देन और सेवा अनुरोधों में निवेशक अनुभव सुधारने के लिए की थी। यह सुविधा केवल केवाईसी अनुपालन वाले (रजिस्टर्ड/वैलिडेटेड) निवेशकों के लिए होगी, जिनके पास वैध ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर दोनों मौजूद हों। एम्फी सभी एसेट मैनेजमेंट कंपनियों (एएमसी) और आरटीए के साथ लॉकिंग व अनलॉकिंग की विस्तृत प्रक्रिया निर्धारित करेगा।

### म्यूचुअल फंड निवेश में प्रदेश में दूसरे स्थान पर है कानपुर



वित्तीय सलाहकार राजीव सिंह ने बताया कि सेबी ने यह कदम निवेशकों के हितों की रक्षा और सिक्योरिटीज मार्केट के विकास को बढ़ावा देने के लिए उठाया है। एम्फी के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, म्यूचुअल फण्ड निवेश में कानपुर देश में 14वें और प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। देश के औसत एयूएम में शहर की हिस्सेदारी 0.47% है। इस तरह कानपुर का औसत एयूएम 38,546 करोड़ रुपये है। सेबी की नई सुविधा डिजिटल धोखाधड़ी से सुरक्षा बढ़ाएगी और निवेशकों को अपने फंड्स पर अधिक नियंत्रण देने में मदद करेगी। इससे म्यूचुअल फंड बाजार में भरोसा बढ़ेगा।

# नेपाल: जेन जी प्रदर्शनों के दौरान हिंसा की जांच पूरी, सरकार को रिपोर्ट सौंपी

काठमांडू, एजेंसी



- तत्कालीन प्रशासन के कुप्रबंधन और अक्षमता को ठहराया दोषी
- प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने के जिम्मेदारों के नाम का खुलासा नहीं

नेपाल में पिछले साल सितंबर में जेन जी के प्रदर्शनों के दौरान हुई हत्याओं, आगजनी और तोड़फोड़ की जांच के लिए गठित उच्च स्तरीय आयोग ने रविवार को अपनी रिपोर्ट अंतरिम सरकार को सौंप दी। रिपोर्ट में तत्कालीन प्रशासन के कुप्रबंधन और अक्षमता को दोषी ठहराया गया है।

सिंह दरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को जांच रिपोर्ट सौंपी गई, हालांकि आयोग प्रमुख और सरकार दोनों ने ही जेन जी के प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के नाम और अन्य संबंधित मुद्दों का खुलासा नहीं किया। दो दिवसीय इस प्रदर्शन के दौरान कुल 76 लोग मारे गए थे, जिनमें आठ सितंबर को 22 युवक और अगले दिन 54 लोगों की मौत हुई थी। सुशीला कार्की के अंतरिम प्रधानमंत्री बनने के एक सप्ताह बाद 21 सितंबर को जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश गौरी बहादुर कार्की की अध्यक्षता में न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया।

आयोग के अध्यक्ष गौरी बहादुर कार्की ने कहा कि यह घटना मुख्य रूप से तत्कालीन सरकार के कुशासन और अक्षमता के कारण घटी। उन्होंने कहा कि नौकरशाही और न्यायिक निकायों सहित सरकारी संस्थानों के राजनीतिकरण से लोग हताश थे। आयोग के अध्यक्ष कार्की ने रिपोर्ट सौंपने के बाद मीडियाकर्मियों से कहा, जेन जी के प्रदर्शन के दौरान युवाओं पर गोली चलाने और आदेश जारी करने वालों के साथ-साथ हत्याओं को रोकने के लिए कार्रवाई न करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की गई है।

## संवैधानिक व्यवस्था में गंभीर व अक्षम्य

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान राज्य सरकार पर प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन के आरोप लगे हैं। इनके मुताबिक मुर्मू के आगमन पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, मुख्य सचिव या डीजीपी में से कोई भी अगवानी के लिए मौजूद नहीं था। यही नहीं, कार्यक्रम का स्थान अंतिम समय पर बदल दिया गया। यह भी आरोप है कि राष्ट्रपति के लिए बने वॉशरूम में पानी नहीं था और उनके मार्ग में कचरा फैला हुआ था। केंद्र सरकार ने इसे अभूतपूर्व अपमान करार देते हुए राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है। भारत में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का प्रोटोकॉल ब्लू बुक नामक एक गोपनीय दस्तावेज द्वारा निर्धारित किया जाता है जो उनकी यात्रा और कार्यक्रमों के लिए कड़े नियम तय करता है। देश में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के प्रोटोकॉल के उल्लंघन पहले भी हुए हैं और उन पर कड़े कदम भी उठाए गए हैं।

## प्रोटोकॉल का उल्लंघन



### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का प्रोटोकॉल

- राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री किसी राज्य के दौरे पर जाते हैं तो राज्यपाल और मुख्यमंत्री को उनकी अगवानी और विदाई के लिए मौजूद होना चाहिए। मुख्यमंत्री अपनी जगह किसी वरिष्ठ मंत्री को नामित कर सकते हैं।
- भारत में राष्ट्रपति प्रथम नागरिक और सर्वोच्च संवैधानिक पद पर होते हैं, प्रधानमंत्री कार्यकारी प्रमुख होते हैं। किसी भी कार्यक्रम में बैठने की व्यवस्था और संबोधन इसी वरीयता क्रम के अनुसार होता है।
- प्रधानमंत्री की सुरक्षा एसपीजी (स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप) की ओर से संभाली जाती है। उनके भोजन की जांच मेटल डिटेक्टर से होती है और उनके रसोइयों की जानकारी भी पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है।
- राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के आधिकारिक कार्यक्रमों के स्थान, मार्ग और अतिथियों की सूची पहले से तय होती है और इसमें अंतिम समय पर कोई भी बदलाव प्रोटोकॉल का गंभीर उल्लंघन माना जाता है।

### उल्लंघन कितना गंभीर

- इसे केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक कार्यालय का अपमान माना जाता है।
- प्रोटोकॉल में किसी भी प्रकार का विचलन वीवीआईपी की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।
- पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति के दौरे के दौरान मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति को केंद्र ने शर्मनाक करार दिया है।

### पहले भी घटनाएं

- पंजाब में रास्ता रोके जाने के कारण मोदी का काफिला फ्लाईओवर पर फंसा रहा।
- वर्ष 2018 में पुरी के जगन्नाथ मंदिर गए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के साथ दुर्व्यवहार।

### क्या कदम उठा सकता है केंद्र

- केंद्रीय गृह मंत्रालय राज्य सरकार के मुख्य सचिव से विस्तृत रिपोर्ट मांग सकता है। ताजा मामले में बंगाल सरकार से रविवार शाम 5 बजे तक जवाब मांगा गया।
- कोई अधिकारी चूक करता है तो उसे आपदा प्रबंधन अधिनियम या सेवा नियमों के तहत नोटिस दिया जा सकता है, इसमें जेल या निलंबन का भी प्रावधान है।
- बार-बार प्रोटोकॉल या संवैधानिक मर्यादाओं का उल्लंघन किया जाता है तो केंद्र राज्यपाल की रिपोर्ट के आधार पर संवैधानिक संकट की चेतावनी दे सकता है।
- प्रधानमंत्री और गृह मंत्री जैसे उच्च पदों से प्रोटोकॉल उल्लंघन की सार्वजनिक आलोचना की जाती है ताकि राज्य सरकार पर नैतिक दबाव बनाया जा सके।

### ये हो सकती है कार्रवाई

- गृह मंत्रालय राज्य के मुख्य सचिव से 24-48 घंटों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगता है।
- कलेक्टर, पुलिस कमिश्नर या सुरक्षा प्रभारियों को तुरंत निलंबित किया जा सकता है।
- चूक सुरक्षा से जुड़ी है तो एसपीजी या गृह मंत्रालय सीधे जांच के आदेश दे सकते हैं।
- गंभीर मामलों में सुप्रीम कोर्ट खुद संज्ञान लेकर स्वतंत्र जांच समिति बना सकता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### बांग्लादेश: खालिदा जिया को श्रेष्ठ अजेय महिला का पुरस्कार

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को लोकतंत्र को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका के लिए श्रेष्ठ अजेय महिला सम्मान से नवाजा गया है। उनकी तरफ से उनकी पोती जैमा रहमान ने यह पुरस्कार स्वीकार किया। इस साल पांच और महिलाओं को भी यह पुरस्कार दिया गया। नुरुन नाहर अख्तर को अर्थ श्रेणी में सम्मान मिला, जबकि बबीता खातून को शिक्षा एवं रोजगार में सफलता पाने वाली महिलाओं की श्रेणी में पहचान मिली। नूरबानू कबीर को सफल मां, शमला बेगम को ज़ुल्म को हराकर जिंदगी की लड़ाई जीतने वाली महिलाएं और अफरोजा यास्मीन को सामाजिक विकास में शानदार योगदान देने वाली महिलाएं श्रेणी में सम्मानित किया गया।

### आईफोन के नकली पुर्जे बेचने वाले गिरोह के पांच लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने रोहिणी में नकली आईफोन 'स्पेयर पार्ट्स (पुर्जे) और एक्सेसरीज' को असली बताकर बेचने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है और पांच दुकान मालिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस अभियान के दौरान लगभग 1.6 करोड़ रुपये मूल्य की नकली वस्तुएं जब्त की गईं। पुलिस ने बताया कि रोहिणी सेक्टर तीन के एक मॉल और बाजार में स्थित पांच दुकानों पर छापेमारी के बाद यह कार्रवाई की गई, जहां से बड़ी मात्रा में नकली पुर्जे और सहायक उपकरण (एक्सेसरीज) बरामद किए गए।

# अवसर मिलने पर हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं महिलाएं : मुर्मू

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रपति का संबोधन, कहा- हम किसी से कमतर नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिलाओं की ताकत और उपलब्धियों की रविवार को सराहना करते हुए उन्हें उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराने के लिए प्रोत्साहित किया। मुर्मू ने कहा, हम किसी से कमतर नहीं हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह अवसर न केवल महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करने का है, बल्कि उनके सशक्तीकरण के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता को भी दोहराने का है।

मुर्मू ने शिक्षा, प्रशासन, न्यायपालिका, सशस्त्र बलों, चिकित्सा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कला, उद्यमिता और खेल में महिलाओं की अग्रणी भूमिकाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं और ग्राम विकास में नेतृत्व प्रदान कर रही हैं, वहीं महिलाएं रोजगार, स्टार्टअप और कॉर्पोरेट क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा, अवसर और समर्थन मिलने पर महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। मुर्मू ने कहा, महिलाओ में दम है, हम किसी से कम नहीं। हममें भी दम है। राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि यद्यपि कई उपलब्धियां हासिल की गई हैं, फिर भी समाज में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करने में कई बाधाएं मौजूद हैं।



महिला विचारकों के राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

### असाधारण बदलाव ला सकती हैं महिलाएं : राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने यूट्यूब चैनल पर केरल की छात्राओं के साथ हुई बातचीत का एक वीडियो पोस्ट किया। कहा, मैं प्रत्येक छात्रा के सपनों, जिज्ञासा और आत्मविश्वास से बहुत प्रभावित हुआ। ऐसी बातचीत हमें याद दिलाती है कि जब महिलाएं अपनी क्षमता को पहचानती हैं और खुले दिमाग से आगे बढ़ती हैं तो वे असाधारण बदलाव ला सकती हैं। राहुल ने लिखा, हर महिला अद्वितीय है। उनकी संवेदनशीलता, समझ और भावनात्मक बुद्धिमत्ता समाज को संतुलन व दिशा प्रदान करती है। महिलाएं धैर्य, दूरदर्शिता और सहानुभूति के साथ अपने अनूठे तरीकों से शक्ति का प्रयोग करती हैं। उन्होंने कहा, महिलाएं आमतौर पर पुरुषों से ज्यादा बुद्धिमान होती हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर बीआर आंबेडकर का लैंगिक समानता पर एक कथन साझा किया, आप दुख सहने के लिए पैदा नहीं हुई हैं। आपने उत्थान के लिए जन्म लिया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को शुभकामनाएं दीं।

### गौरव का स्रोत हैं भारत की नारी शक्ति की उपलब्धियां: मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की नारी शक्ति की उपलब्धियां गर्व का स्रोत हैं। मोदी ने कहा कि महिलाओं का सशक्तीकरण उनकी सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं पहलों का मूल आधार है और सरकार ऐसे अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है जिनसे प्रत्येक महिला अपनी पूरी क्षमता का एहसास कर सके और भारत के विकास की यात्रा में योगदान दे सके। उन्होंने एक संदेश में कहा, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मैं हमारी समूची नारी शक्ति को शुभकामनाएं देता हूं। हर क्षेत्र में महिलाएं संकल्प, रचनात्मकता और बेजोड़ उत्साह के साथ भारत की प्रगति को आकार दे रही हैं। उनकी उपलब्धियां हमारे राष्ट्र को प्रेरित करती हैं और विकसित भारत के निर्माण के हमारे सामूहिक संकल्प को मजबूत करती हैं।

# वेनेजुएला में ट्रंप ने डेल्सी सरकार को दी मान्यता

मियामी, एजेंसी



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने 'शील्ड ऑफ द अमेरिका' का किया शुभारंभ

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नशीली दवाओं की तस्करी के विरुद्ध मध्य अमेरिकी देशों के साथ एक सैन्य गठबंधन 'शील्ड ऑफ द अमेरिका' का शुभारंभ किया, साथ ही वेनेजुएला की डेल्सी रोड्रिग्ज सरकार को औपचारिक मान्यता देने की भी घोषणा की।

निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद से ही अमेरिकी देखरेख में रोड्रिग्ज की सरकार देश का प्रशासन चला रही है। ट्रंप ने अंततः इस सरकार को औपचारिक मान्यता दे दी है। मियामी के ट्रंप नेशनल डोरल मियामी होटल में आयोजित बैठक में ट्रंप ने वेनेजुएला के सोने पर भी एक समझौते की भी घोषणा की, हालांकि उन्होंने शर्तों का उल्लेख नहीं किया। साथ ही उन्होंने पनामा नहर पर दोहराया कि वह नहर में प्रतिकूल विदेशी प्रभाव की अनुमति नहीं देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने भाषण का एक बड़ा हिस्सा क्यूबा पर केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि यह द्वीपीय देश अपने अंतिम क्षणों में है। ट्रंप ने कहा कि वह क्यूबा में जन्मे विदेश मंत्री मार्को रुबियो के माध्यम से सीधे क्यूबा से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वे बातचीत करना चाहते हैं और मुझे लगता है कि बहुत आसानी से समझौता हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने इस देश के मैत्रीपूर्ण अधिग्रहण की संभावना से भी इन्कार नहीं किया।

## बादशाह ने 'टटीरी' गीत को सभी मंचों से हटाया, माफी मांगी

**नई दिल्ली।** बादशाह के नए गीत 'टटीरी' में महिलाओं और नाबालिगों के बारे में आपत्तिजनक बोल होने के आरोप लगाए जाने के बाद गायक-गीतकार ने माफी मांगते हुए कहा कि इस गाने को सभी मंच से हटा लिया गया है।

अभी तो पार्टी शुरू हुई है और गेंदा फूल जैसे गानों के लिए प्रसिद्ध 40 वर्षीय बादशाह ने शनिवार को 'इंस्टाग्राम' पर एक वीडियो साझा किया। कहा, मेरा नया गीत रिलीज हुआ है और मैं देख रहा हूं कि इसके बोल और दृश्य प्रस्तुति ने खासकर हरियाणा के कई लोगों को दुख पहुंचाया है।

# सही समय आने पर बताऊंगा इस्तीफा देने का कारण: बोस

कोलकाता, एजेंसी

- पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल ने कहा- अभी इसे गोपनीय रखूंगा

पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने रविवार को कहा कि उन्होंने सोच-समझकर पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया था और इसका कारण उचित समय आने तक गोपनीय रखेंगे।

कोलकाता हवाईअड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए बोस ने कहा कि वह अपना वोट डालने के लिए बंगाल आएंगे। केरल के मूल निवासी बोस पश्चिम बंगाल के राज्यपाल पद से इस्तीफा देने से ठीक एक सप्ताह पहले ही बंगाल के मतदाता बने थे। बोस ने कहा, मैंने सोच-समझकर इस्तीफा देने का निर्णय लिया है, जिसके कारण उचित समय आने तक गोपनीय रहेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राज्य में कथित प्रोटोकॉल उल्लंघन और आदिवासी उत्पीड़न पर व्यक्त की गई चिंता पर टिप्पणी करने के लिए पूछे गए सवाल पर, बोस ने प्रतिक्रिया देने से परहेज किया।

पूर्व राज्यपाल बोस ने कहा, राष्ट्रपति बहुत अनुभवी, संतुलित और अत्यंत गरिमामय व्यक्तित्व की धनी हैं। उन्होंने जो कहा, उसके पीछे उनके कुछ कारण जरूर रहे होंगे। लेकिन राष्ट्रपति के कथन पर टिप्पणी करने का मुझे कोई अधिकार नहीं है।

# भारत-चीन एक-दूसरे को साझेदार की तरह देखें : वांग

बीजिंग, एजेंसी



- चीन के विदेश मंत्री ने कहा- आपसी विश्वास और सहयोग दोनों के लिए लाभकारी

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रविवार को बीजिंग में कहा कि भारत और चीन को एक-दूसरे को प्रतिद्वंद्वियों के बजाय साझेदार और खतरे के बजाय अवसर के रूप में देखना चाहिए। वांग ने कहा कि दोनों देशों को बिना किसी हस्तक्षेप के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा निर्धारित मार्ग का पालन करना चाहिए।

वांग ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी और शी की पिछले साल अगस्त में तियानजिन में सफल बैठक हुई थी। उन्होंने कहा, 2024 में कजान में हुई उनकी बैठक से मिली नई शुरुआत को आगे बढ़ाते हुए तियानजिन सम्मेलन ने चीन-भारत संबंधों में सुधार किया। सभी स्तरों पर नए सिरे से सक्रिय बातचीत, द्विपक्षीय व्यापार में नया रिकॉर्ड और लोगों के बीच निकट आदान-प्रदान देखकर हमें खुशी हो रही है। इनसे दोनों देशों की जनता को ठोस लाभ हुए हैं।

### ब्रिक्स में एक-दूसरे का समर्थन करें दोनों देश

वांग यी ने कहा कि भारत और चीन को 'ब्रिक्स' शिखर सम्मेलन की मेजबानी में एक-दूसरे का समर्थन करना चाहिए। भारत इस वर्ष शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने वाला है, जबकि चीन 2027 में इसकी मेजबानी करेगा। दुनिया की अग्रणी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के समूह 'ब्रिक्स' में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका मूल सदस्य हैं, बाद में सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया, इंडोनेशिया और ईरान को शामिल कर सदस्य देशों का विस्तार किया गया।

# जदयू में शामिल हुए नितीश कुमार के बेटे निशांत

## पार्टी संगठन को मजबूत करने का एलान किया, बनाए जा सकते हैं उपमुख्यमंत्री

पटना, एजेंसी



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार रविवार को जनता दल (यूनाइटेड) में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि वह पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। इंजीनियरिंग में स्नातक निशांत को पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' और पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा समेत प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में पार्टी में शामिल किया गया।

पार्टी में शामिल होने के बाद निशांत ने कहा, मेरे पिता ने राज्यसभा सदस्य बनने का फैसला लिया, यह उनका व्यक्तिगत निर्णय था। हम सभी इसका सम्मान करते हैं। हम उनके मार्गदर्शन में काम करते रहेंगे। मैं संगठन को मजबूत करने के लिए काम करूंगा। निशांत ने दावा किया कि बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे उनके पिता नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्ष में राज्य के लिए बहुत कुछ किया। उन्होंने कहा, राज्य की जनता कभी उनके द्वारा राज्य के विकास में किए गए योगदान को नहीं भूलेगी। आप सभी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा।

### परिवारवाद पर नीतीश की बातें ढकोसला : राजद

राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने रविवार को आरोप लगाया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार परिवारवादी राजनीति पर जो बड़ी-बड़ी बातें किया करते थे, वह सिर्फ ढकसोला थी। अहमद ने बयान जारी कर कहा कि नितीश कुमार को अपने पुत्र निशांत कुमार को स्थापित करने के लिए मौके की तलाश थी इस बार उन्होंने अपने पुत्र को स्थापित करने के लिए खुद को राज्यसभा सदस्य का उम्मीदवार बना लिया और भाजपा से कुछ शर्तों के साथ समझौता करके विरासत की राजनीति को आगे बढ़ा दिया।

### कर्नाटक: छात्र ने सहपाठियों पर किया हमला, एक की मौत

**बल्लारी।** बल्लारी के एक निजी आवासीय विद्यालय में नौंवी कक्षा के एक छात्र ने हमला करके एक व्यक्ति की हत्या कर दी और दूसरे को नुकीली वस्तु व लोहे की छड़ से घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार रात स्कूल के छात्रावास में घटी। मृतक लड़का आंध्र प्रदेश का निवासी था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना के पीछे के मकसद और उसमें इस्तेमाल किए गए हथियार का पता लगाने के लिए जांच जारी है। आरोपी छात्र घटनास्थल से फरार हो गया, उसे पकड़ने के लिए तलाशी अभियान जारी है।

## कोझिकोड में महंगे जूते एक रुपये में बेचने पर उमड़ी भीड़, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**कोझिकोड।** केरल के कोझिकोड में महंगे जूते मात्र एक रुपये में बेचने के एक दुकान के प्रचार अभियान के दौरान रविवार सुबह भारी भीड़ जुट गयी और पुलिस को इसे नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा।

वायरल विज्ञापनों से आकर्षित होकर सैकड़ों ग्राहक तड़के ही इलाके में उमड़ पड़े, जिससे भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई और यातायात बाधित हो गया। दुकानदार ने पहले 100 ग्राहकों को मात्र एक रुपये में जूते देने का विज्ञापन दिया था, जिसके बाद रात दो बजे से ही भीड़ जमा होने लगी थी। भीड़ इतनी थी कि दुकान की क्षमता से अधिक ग्राहक आ गए जिनमें बच्चे भी शामिल थे और वायनाड जैसे जिलों से भी लोग आए थे।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज का दिन कुछ कमजोर रहने वाला है। शाम को मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। सेहत से संबंधित समस्या को हल्के में न लें।

**तुला** – आज दांपत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अचल संपत्ति की खरीदारी कर सकते हैं। इष्ट मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष** – आज नए कार्यों की शुरुआत करने के लिए दिन शुभ है। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। आपकी आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – आज कारोबार में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। मनोनुकूल लाभ होने से आप प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों की आज्ञा का पालन करना पड़ेगा। समाज में ख्याति में वृद्धि होगी। अनावश्यक बातों पर ध्यान न दें।

**धनु** – आज आपकी सोच के अनुसार काम नहीं होंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखें। वैवाहिक जीवन में सामंजस्य कम हो सकता है।

**कर्क** – आज सामाजिक कार्यों में आपका मन लगेगा। आपकी अच्छी आदतों से लोग प्रसन्न होंगे। तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें।

**मकर** – आज कार्यक्षेत्र में काम का दबाव कम होगा। कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

**सिंह** – आज संपत्ति के क्रय-विक्रय से आपको लाभ होगा। व्यापार में नया प्रयोग कर सकते हैं। परोपकार में धन खर्च करेंगे।

**कुंभ** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रबंधन संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार के लोगों को आप काफी समय देंगे।

**कन्या** – आज कार्यक्षेत्र में आपको उच्चपद मिल सकता है। अविवाहित लोगों का विवाह तय होगा। पिकनिक का विचार बना सकते हैं।

**मीन** – आज घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी। विवादित मामले उभरने की आशंका है। उच्च शिक्षा के लिए विदेश यात्रा कर सकते हैं।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 9 मार्च, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी 23 .27 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-विशाखा 16 .11 तक तत्पश्चात अनुराधा।

### सुडोकू - 82 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 |
| 5 | 4 | 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 3 | 4 |
| 9 | 3 | 6 | 1 | 5 | 2 | 4 | 8 | 7 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 9 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 5 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 9 | 6 | 3 | 2 | 5 |

### सुडोकू -83

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 6 | 5 | | | | |
| 4 | | 7 | | | 2 | | 5 | 8 |
| | | | 3 | 4 | | 9 | | |
| | | | 5 | | 4 | | | 7 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| 5 | | | 8 | | 1 | | | |
| | 4 | 9 | | 8 | | | | |
| 1 | | | 2 | | | 6 | | 9 |
| | | | | 9 | 6 | | | 3 |

## दिल्ली-गोवा उड़ान में बीड़ी पी रहे यात्री पर केस दर्ज

**पणजी।** पुलिस ने रविवार को बताया कि दिल्ली-गोवा उड़ान के शौचालय में कथित तौर पर बीड़ी पीने के आरोप में एक विमान यात्री के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार को हुई जब दिल्ली निवासी आरोपी आशीष गोवा जाने वाली अकासा एयर की उड़ान क्यूपी-1625 में यात्रा कर रहा था। एयरलाइन ने अपनी शिकायत में कहा है कि उड़ान के दौरान यात्री ने विमान के शौचालय में बीड़ी पी और उसके पास एक लाइटर भी पाया गया।

विवाद

भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं ने की निंदा, माफी मांगने की मांग की

# राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे को लेकर चौतरफा घिरी तृणमूल कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के दौरे के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रोटोकॉल के कथित उल्लंघन राजनीति शुरू होने के साथ तृणमूल कांग्रेस चौतरफा घिर गई है। देश के वरिष्ठ नेताओं के साथ कई संगठनों ने राष्ट्रपति के अपमान का आरोप लगाते हुए इसे पूरे देश के साथ महिलाओं का अपमान बताया है, साथ ही तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी से राष्ट्रपति से माफी मांगने की मांग की है।

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान किया है। संथाल समुदाय से ताल्लुक रखने वाले माझी ने कहा, राष्ट्रपति मुर्मू का अभिनंदन तो दूर की बात है, न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई राज्य मंत्री उनका स्वागत करने गए। राष्ट्रपति का अपमान हर महिला और पूरे देश का अपमान है। माझी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को असंवेदनशील करार दिया और कहा कि राष्ट्रपति के अपमान की सभी राजनीतिक दलों को एक स्वर में निंदा करनी चाहिए। यह लोकतंत्र की भावना के विरुद्ध है।

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की पीड़ा का कारण बनने वाले इस प्रकरण ने पूरे देश के लोगों को दुखी कर दिया है। इससे पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार के आचरण पर भी गंभीर सवाल उठे हैं। एक्स पर एक पोस्ट में खांडू ने कहा कि यह स्थिति विशेष रूप से दुखद है क्योंकि राष्ट्रपति स्वयं आदिवासी समुदाय से आती हैं और उन्हें संथाल संस्कृति का जश्न मनाने के उद्देश्य से आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक रूप से निराशा व्यक्त करनी पड़ी।

### राष्ट्रपति के बहाने ओछी राजनीति कर रही है भाजपा : अभिषेक



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा राजनीतिक उद्देश्यों के लिए राष्ट्रपति पद का इस्तेमाल कर रही है। उन्हें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार और केंद्र सरकार के प्रदर्शन पर बहस करने की चुनौती देते हुए भाजपा पर राष्ट्रपति पद को राजनीतिक मुद्दों में घसीटकर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया। कहा, अगर भाजपा वास्तव में राष्ट्रपति का सम्मान करती है तो उन्हें नए संसद भवन के उद्घाटन जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम और अयोध्या में राम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा में आमंत्रित क्यों नहीं किया। अभिषेक ने एक पुराने कार्यक्रम की तस्वीर का भी हवाला दिया जिसमें मुर्मू खड़ी हैं जबकि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी बैठे हुए हैं।




स्टेडियम

अमृत विचार
www.amritvichar.com

बरेली, सोमवार, 9 मार्च 2026

# भारतीय बल्लेबाजी का शानदार 'बुफे', कई लाजवाब पारियां

## सैमसन, अभिषेक, ईशान और शिवम ने कीवी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए टी-20 विश्व कप फाइनल का रिकॉर्ड स्कोर बनाया



**अहमदाबाद, एजेंसी**

भारतीय बल्लेबाजों ने रविवार को ऐसी शानदार बल्लेबाजी का 'बुफे' पेश किया कि उसमें से सर्वश्रेष्ठ चुनना मुश्किल हो गया। संजू सैमसन ने निडर अंदाज में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 89 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने फॉर्म हासिल करते हुए 21 गेंदों में 52 रन जड़े जबकि भरोसेमंद ईशान किशन ने 54 रन बनाए। न्यूजीलैंड द्वारा पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने के बाद भारत के शीर्ष तीन बल्लेबाजों ने फाइनल के अनुरूप आक्रामक बल्लेबाजी की। तीनों ने लगभग बिना किसी जोखिम वाली पारी खेली और उनके बल्ले से निकला लगभग हर शॉट बेहतरीन साबित हुआ।

पावरप्ले में ही मैच में भारतीय बल्लेबाजों का दबदबा दिखने लगा, जब सलामी बल्लेबाज सैमसन और शर्मा ने छह ओवर में बिना विकेट खोए 92 रन जोड़ दिए। यह टी20 में पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड साझेदारी रही। मैच के 10 ओवर तक भारत का स्कोर एक विकेट 127 रन था।

15 ओवर पूरे होने तक भारत एक विकेट पर 203 रन तक पहुंच चुका था और विशाल स्कोर की संभावना साफ दिख रही थी। भारत ने 20 ओवर में 255 रन बना लिए जो टी20 विश्व कप फाइनल का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। इस दौरान शिवम दुबे ने भी आठ गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 26 रन की तेज पारी खेली।


जीत का जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

सैमसन एक बार फिर 89 रन पर आउट हो गए, ठीक वैसे ही जैसे वह सेमीफाइनल में हुए थे। वह 16वें ओवर की पहली गेंद पर पवेलियन लौटे। इसी ओवर में किशन भी आउट हो गए और कप्तान सूर्यकुमार यादव भी पहली ही गेंद पर बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। सैमसन ने 46 गेंद में 89 रन की पारी खेली जिसमें आठ छक्के और पांच चौके शामिल थे। उनका स्ट्राइक रेट लगभग 194 रहा। इससे पहले शर्मा ने अपनी 21 गेंदों की पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए।

शर्मा के आउट होने से पहले उन्होंने सैमसन के साथ 43 गेंदों में 98 रन की साझेदारी की। इसके बाद किशन क्रीज पर आए और उन्होंने सैमसन के साथ 48 गेंदों में 105 रन की साझेदारी की।

### भारत

**255/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन का मैकोंची बो नीशाम | 89 |
| अभिषेक शर्मा का सीफर्ट बो रविंद्र | 52 |
| ईशान किशन का चैपमैन बो नीशाम | 54 |
| हार्दिक पंड्या का सेंटनेर बो हेनरी | 18 |
| सूर्यकुमार का रविंद्र बो नीशाम | 00 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 08 |
| शिवम दुबे नाबाद | 26 |

**गेंदबाजी :** हेनरी 4-0-49-1, फिलिप्स 1-0-5-0, डफी 3-0-42-0, फर्ग्यूसन 2-0-48-0, सेंटनेर 4-0-33-0, रविंद्र 2-0-32-1, नीशाम 4-0-46-3

सैमसन की बल्लेबाजी की आक्रामकता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह हर 3.5 गेंद में एक बाउंड्री लगा रहे थे। उन्होंने जिन गेंदों का सामना किया, उनमें से लगभग तीन-चौथाई गेंदें चौके या छक्के में बदलीं। उन्होंने थर्ड मैन, लांग लेग, स्क्वायर लेग, कवर और सीधे पिच के ऊपर से छक्के लगाए।

उन्हें फर्क नहीं पड़ा कि गेंदबाज स्पिनर था (रचिन रविंद्र के खिलाफ तीन छक्के), तेज गेंदबाज था (लॉकी फर्ग्यूसन को तीन छक्के लगाए) या मध्यम गति का गेंदबाज (मैट हेनरी पर भी दो बार छक्के जड़े)। कुछ ही हफ्ते पहले तक टीम से बाहर चल रहे केरल के इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 2026 टी20 विश्व कप में अपनी पिछली तीन पारियों से इतिहास में जगह बना ली है। सुपर आठ में वेस्टइंडीज के खिलाफ 97 रन की पारी के बाद इंग्लैंड के खिलाफ 89 रन की पारी ने उनकी प्रतिभा को साबित किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ वही स्कोर बनाकर उन्होंने अपनी बादशाहत पर मुहर लगा दी।

### महाधुनाई

- भारत की पूरे टूर्नामेंट में पहली ओपनिंग अर्धशतकीय साझेदारी हुई।
- अभिषेक शर्मा ने 18 गेंदों में अर्धशतक लगाया।
- पावर प्ले में भारतीय टीम ने टीम ने पावरप्ले में वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा स्कोर 92/1 बनाया।
- 10 ओवर में भारत ने एक विकेट पर बन गए थे 127 रन।
- 11.3 ओवर में 150 रन बने।
- संजू सैमसन ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक 28 छक्के जड़े।
- ईशान किशन ने 23 गेंदों में अर्धशतक जड़ दिया।
- 15 ओवर में 200 रनों का आंकड़ा पार कर लिया था।
- भारतीय टीम ने 19 चौके और 18 छक्के लगाए।

### 3000 पुलिसकर्मी लगे सुरक्षा में

अहमदाबाद के पुलिस आयुक्त जी एस मलिक ने कहा बंदोबस्त के तहत करीब 3000 पुलिसकर्मी और 1000 होमगार्ड तैनात किये गए हैं। हमने भगदड़ की आशंका से बचने के लिए गेट नंबर एक और दो के पास होल्डिंग क्षेत्रग बनाये हैं। पहली बार मैच के दौरान इसे आजमाया जाएगा।

- सैमसन टी–20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के मार्लोन सैमुअल के 85 रन का रिकॉर्ड तोड़ा।
- न्यूजीलैंड के टिम साईफर्ट ने भी तूफानी पारी खेली, उन्होंने महज 23 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया।

### हाईलाइट

## यमाल के गोल से बार्सिलोना ने बिलबाओ को हराया

**बार्सीलोना।** लेमिन यमाल के गोल से बार्सीलोना ने शनिवार को यहां ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में एथलेटिक बिलबाओ को 1–0 से हरा दिया। मुकाबले के दौरान दोनों टीम के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन यमाल ने 68वें मिनट में गोल दागकर अंक तालिका के शीर्ष पर चल रहे बार्सीलोना की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से बार्सीलोना के 27 मैच में 67 अंक हो गए हैं और उसने दूसरे स्थान पर चल रहे रीयाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त बना ली है। यमाल मौजूदा सत्र में पहले ही 19 गोल दाग चुके हैं। अन्य मुकाबलों में एटलेटिको मैड्रिड ने रीयाल सोसीदाद को 3–2 से हराया जबकि मार्लोका और ओसासुना का मैच 2–2 से बराबरी पर छूटा। गिरोना और लेवांते ने भी 1–1 से ड्रॉ खेला।

## लक्ष्य सेन आल इंग्लैंड ओपन में उपविजेता रहे

**बर्मिंघम।** लक्ष्य सेन ने पूरा जुझारूपन दिखाया लेकिन आल इंग्लैंड बैडमिंटन



खिताब के लिये भारत का 25 साल का इंतजार खत्म नहीं कर सके और पुरूष एकल फाइनल में रविवार को चीनी ताइपै के लिन चुन यी से हार गए। चार साल पहले उपविजेता रहे लक्ष्य दूसरी बार आल इंग्लैंड फाइनल खेल रहे थे। अलमोड़ा के 24 वर्ष के इस खिलाड़ी को 57 मिनट तक चले मुकाबले में 15.21, 20.22 से पराजय झेलनी पड़ी। लक्ष्य ने बाद में कहा यह अच्छा मैच था। पहले गेम में वह बेहतर खेल रहा था पर मैं दूसरे में बेहतर वापसी कर सकता था। इस पूरे सप्ताह हालांकि अपने प्रदर्शन से मैं खुश हूं। मैच के बारे में सोचकर भावुक हो रहा हूं, पर बहुत कुछ सकारात्मक रहा। लिन आल इंग्लैंड पुरुष एकल खिताब जीतने वाले चीनी ताइपै के पहले खिलाड़ी बन गए।

# पॉप स्टार रिकी मार्टिन ने मचाई धूम

**अहमदाबाद, एजेंसी**

दुनिया भर में मशहूर पॉप आइकन और दो बार के ग्रैमी विजेता रिकी मार्टिन ने रविवार को यहां आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप फाइनल से पहले आयोजित समापन समारोह में अपने हिट गाने 'लिविन ला विदा लोका' और 'द कप ऑफ लाइफ' से मंच पर धूम मचा दी।

मार्टिन के साथ भारतीय गायक सुखबीर और फाल्गुनी पाठक ने भी दर्शकों का मनोरंजन किया। अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच फाइनल मुकाबले से पहले तीनों गायकों ने मिलकर संगीत का शानदार माहौल बनाया। 'प्रिंस ऑफ भांगड़ा' के नाम से मशहूर सुखबीर ने अपने डांस ट्रूप के साथ अपने लोकप्रिय पंजाबी गीत 'ओ हो हो हो - ओ हो हो हो' सहित कई हिट गाने प्रस्तुत किए।

वहीं 'डांडिया क्वीन' के नाम से मशहूर फाल्गुनी पाठक ने लगभग 50 डांसरों के साथ गुजराती लोकगीतों और बॉलीवुड गीतों से कार्यक्रम की शुरुआत की। लैटिनो गायक-गीतकार मार्टिन ने अपनी प्रस्तुति का समापन अपने सबसे बड़े हिट गाने 'मारिया' और 'ला कोपा डि ला विदा' के साथ किया।


संगारंग कार्यक्रम के दौरान सिंगर रिकी मार्टिन। एजेंसी



## दर्शकों का उत्साह चरम पर, क्रिकेट का बुखार हर तरफ

**अहमदाबाद।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 विश्व कप फाइनल से पहले मानों पूरा शहर क्रिकेट के बुखार की गिरफ्त में है और नरेंद्र मोदी स्टेडियम की ओर जाने वाले हर रास्ते पर 'जीतेगा भाई जीतेगा, इंडिया वर्ल्ड कप जीतेगा' का शोर सुनाई दे रहा है। देश भर से क्रिकेटप्रेमियों का जमावड़ा मानों स्टेडियम में लगा है। भारतीय टीम की जर्सी और कैप पहने हजारों की संख्या में दर्शक स्टेडियम के बाहर काफी पहले ही से जमा होने लगे।

केरल से आये प्रशंसकों का एक समूह खास तौर पर संजू सैमसन और वरूण चक्रवर्ती के लिये जमा है। केरल से आये मनोज कुमार ने कहा हम यहां केरल से संजू सैमसन और वरूण के लिये आये हैं। वे भारत को विश्व कप दिलाएंगे। यह कठिन मैच होगा। हम पिछली बार आस्ट्रेलिया से हारे थे लेकिन इस बार जीतेंगे।


नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खिताबी मुकाबला देखने के लिए दर्शकों का अपार जनसमूह एकत्र हुआ। स्टेडियम ही नहीं पूरे अहमदाबाद में हर तरफ नीला समुंद्र नजर आ रहा था। एजेंसी

# ऑस्ट्रेलिया ने एकमात्र टेस्ट में भारत को रौंदा

**पर्थ, एजेंसी**

- **ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली की शानदार विदाई**
- **मेजबानों के 25 रनों का लक्ष्य बिना विकेट खोए हासिल किया**

ऑस्ट्रेलिया ने महिलाओं के एकमात्र दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रविवार को यहां तीसरे दिन भारत के खिलाफ 10 विकेट की आसान जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरी पारी में 149 रन पर समेटने के बाद 25 रन के मामूली लक्ष्य को बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। यह कप्तान एलिसा हीली के लिए शानदार विदाई रही जिन्होंने अपने करियर का अंत एक ऐसे विरोधी पर शानदार जीत के साथ किया जिसके खिलाफ उन्होंने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया।

भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 105 रन से आगे खेलते हुए 48.2 ओवर में 149 रन पर सिमट गई जिसमें प्रतिका रावल ने 137 गेंद में 63 रन की पारी खेली। एशले गार्डनर (आठ रन पर दो विकेट) ने कल की दोनों नाबाद बल्लेबाजों स्नेहा राणा (30) और प्रतिका को आउट किया। गार्डनर ने स्नेह को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। प्रतिका भी गार्डनर की गेंद को पुल करने की कोशिश में हवा में लहरा गईं और एनाबेल सदरलैंड ने उनका शानदार कैच लपका जिससे भारतीय पारी का अंत हुआ। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए सिर्फ 25 रन की दरकार थी और सलामी बल्लेबाजों जॉर्जिया वोल (नाबाद 16) और फोबे लिचफील्ड (नाबाद 11) ने 4.3 ओवर में ही बिना विकेट खोए हालिस कर लिया।

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

| | |
|---|---|
| भारत | 198 व 149 |
| ऑस्ट्रेलिया | 323 व 28/0 |

## हम टेस्ट में लय बरकरार नहीं रख सके : हरमनप्रीत

**पर्थ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि हमने बहु प्रारूप सीरीज में मजबूत शुरुआत की, लेकिन वाका ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में लय बनाए नहीं रख सके और मुकाबला हार गए। टेस्ट में मिली हार के बाद कौर ने कहा हमने बहुत अच्छी शुरुआत की, टी-20 में बहुत अच्छा क्रिकेट खेला लेकिन दुर्भाग्य से, उसके बाद, हम इसे जारी नहीं रख पाए, लेकिन मुझे लगता है कि कुल मिलाकर यह एक अच्छी सीरीज थी। ऑस्ट्रेलिया में हर समय खेलकर बहुत खुश हूं, और मुझे लगता है कि यह एक शानदार मुकाबला था। उन्होंने कहा कि मल्टी-फॉर्मेट सीरीज और पिंक-बॉल टेस्ट खेलना टीम के लिए एक कीमती अनुभव था। उन्होंने कहा यह बहुत मजेदार था, और उम्मीद है कि भविष्य में भी हमें इस तरह के टूर्नामेंट मिलते रहेंगे क्योंकि इससे आपको बहुत कॉन्फिडेंस मिलता है।

### नाराजगी

**डिकॉक और मिलर ने आईसीसी की आलोचना की, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका से पहले इंग्लैंड को स्वदेश भेजने पर उठाए सवाल**

# अजीब है कि कुछ टीम का असर अन्य से अधिक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

क्विंटन डिकॉक और डेविड मिलर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आलोचना की है कि उसने कथित तौर पर दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बजाय इंग्लैंड के यात्रा कार्यक्रम को प्राथमिकता दी जबकि दोनों टीम अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष के कारण हुई दिक्कतों के बीच अब तक स्वदेश लौटने का इंतजार कर रही हैं।

बृहस्पतिवार को दूसरे सेमीफाइनल में भारत से शिकस्त झेलने वाला इंग्लैंड शनिवार शाम को मुंबई से लंदन के लिए सीधी चार्टर्ड उड़ान से रवाना हुआ। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम हालांकि अब भी भारत में ही हैं। पिछले रविवार को ईडन गार्डन्स में भारत से पांच विकेट से हारने के बाद वेस्टइंडीज टी-20 विश्व कप से बाहर हो गया जबकि बुधवार को कोलकाता में पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से हारने के साथ दक्षिण अफ्रीका का अभियान भी खत्म हो गया। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज दोनों के कोलकाता से एक और चार्टर्ड उड़ान से एक साथ यात्रा करने की उम्मीद है। उड़ान के समय की अभी पुष्टि नहीं हुई है लेकिन इसके रविवार को रवाना होने की संभावना है।





डिकॉक ने इंस्टाग्राम पर लिखा मजेदार है कि आईसीसी ने हमें कुछ नहीं बताया। इस बीच इंग्लैंड किसी तरह से हमारे से पहले कैसे जा रहा है? वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका तो बस अंधेरे में हैं। अजीब है कि अलग-अलग टीम का दूसरों से अधिक असर होता है। टीम के डिकॉक के साथी मिलर ने भी निराशा जताई। मिलर ने ईएसपीएनक्रिकइंफो की एक पोस्ट के कमेंट सेक्शन में लिखा मजेदार बात यह है कि वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के बाद इंग्लैंड बाहर हुआ और आज रात चार्टर्ड उड़ान से स्वदेश वापस लौट गया जबकि वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका अब भी कोलकाता में जवाब का इंतजार कर रहे हैं।

दो बार विश्व कप जीतने वाली वेस्टइंडीज टीम के पूर्व कप्तान और मौजूदा मुख्य कोच डेरेन सैमी ने भी इस मामले पर अपनी राय दी। सैमी ने लिखा डेविड मिलर पीछे बैठे लोगों को सुनाने के लिए थोड़ा जोर से बोलो।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भी वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका से पहले इंग्लैंड को स्वदेश भेजने के आईसीसी के फैसले पर सवाल उठाया। वॉन ने एक्स पर लिखातो इंग्लैंड बृहस्पतिवार को बाहर हो गया। आज चार्टर्ड उड़ान से स्वदेश रवाना। वेस्टइंडीज पिछले रविवार को बाहर हो गया और अब भी कोलकाता में है.. दक्षिण अफ्रीका की भी यही स्थिति है। यहीं पर ताकत पूरी तरह से गलत है।

### आईसीसी ने दोहा बैठक स्थगित की

**नई दिल्ली।** अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे टकराव के कारण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की 25 से 27 मार्च तक कतर के दोहा में होने वाली तीन दिवसीय बैठक स्थगित कर दी गई है। आईसीसी के एक सूत्र के अनुसार बैठक अगले महीने उसी महाद्वीप में आयोजित की जाएगी। सूत्र ने कहा कि अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 विश्व कप फाइनल से एक दिन पहले शनिवार को आईसीसी सदस्यों को एक औपचारिक पत्र भेजा गया। इस बैठक में आईसीसी के निदेशक मंडल के सदस्यों, मुख्य कार्यकारियों, समिति के सदस्यों और वरिष्ठ पदाधिकारियों के शामिल होने की उम्मीद थी जिसमें संगठन के संचालन कैलेंडर पर बातचीत होनी थी।